सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-313 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 08 मई 2025
09 ज़िक़ादा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# आतंक पर प्रहार के बीच देशभर में मॉक ड्रिल

- मॉक ड्रिल में हमले से बचने के तरीके सिखाए, युद्ध के हालात से निपटने की तैयारी
- सिविल डिफेंस, पुलिस होमगार्ड और अन्य सरकारी एजेंसियों के लोग हुए शामिल
- हवाई हमलों से बचने का किया अभ्यास
- देश के 244 शहरों में 12 मिनट का ब्लैकआउट का आयोजन किया गया
- युद्ध जैसी स्थिति से निपटने के लिए तैयारी हुई तेज







**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच लोगों को हवाई हमलों की स्थिति में राहत और बचाव के लिए बुधवार को प्रशिक्षित करने के लिए पूरे देश में जगह-जगह मॉक ड्रिल यानी कि अभ्यास किया गया है। इसके अलावा आज शाम को 244 जिलों में ब्लैकआउट का भी अभ्यास किया गया। इस दौरान सिविल डिफेंस, पुलिस होमगार्ड और अन्य सरकारी एजेंसियों के लोग अभ्यास में शामिल थे। राजधानी में डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, मयूर विहार और खान मार्केट सहित दिन में हवाई हमले के सायरन की आवाज के साथ लोगों को बचाव और राहत के उपायों का प्रशिक्षण कराया गया। शाम को आठ से सवा आठ बजे के बीच नॉर्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक, राष्ट्रपति भवन सहित राजधानी के तमाम इलाकों में बत्तियां बुझा दी गई और कुछ देर के लिए राजधानी अंधेरे की चादर में लिपट गई। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) ग्रुप मुख्यालय जालंधर के तत्वावधान में छह एनसीसी बटालियनों के विभिन्न 250 शिक्षण संस्थानों ने सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का अभ्यास किया।

ब्रिगेडियर अजय तिवारी, सेना मेडल ग्रुप कमांडर ने बुधवार को बताया कि होशियारपुर, कपूरथला, फगवाड़ा और जालंधर की तीन बटालियनों के कॉलेजों और स्कूलों में आठ हजार एनसीसी कैडेटों और छात्र/छात्राओं को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया। सेना के प्रशिक्षकों और शिक्षकों ने शिक्षण संस्थानों में लेक्चर, डेमो और युद्ध के समय हवाई हमले से बचने के तरीके कैडेटों और छात्रों को सिखाए।

ब्रिगेडियर अजय तिवारी ने बताया कि क्लास या घर के अंदर, बाजार, खेल के मैदान और खुले मैदान में सिविल डिफेंस के विभिन्न तरीके सिखाए गए। नागरिकों के घायल होने पर फर्स्ट ऐड और घायलों की निकासी के तरीके भी सिखाए गए हैं। कैडेटों और छात्रों को ब्लैकआउट में कार्रवाई भी सिखाई गई। एक घंटे का ब्लैकआउट कल रात जालंधर कैंट में कराया गया जो आज भी रात आठ बजे से रात नौ बजे तक जालंधर और अन्य जिलों में कराया जाएगा। आग के प्रकार और आग बुझाने के तरीके कैडेटों और छात्रों को सिखाए गए। ब्रिगेडियर अजय ने बताया कि राष्ट्र के 300 जिलों में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया है और सभी नागरिकों को हवाई हमले और न्यूक्लियर, बायोलॉजिकल और केमिकल वारफेयर में बचाव के तरीके कैडेटों और छात्रों को सिखाए गए। ग्रुप कमांडर ने सोशल मीडिया में नकारात्मक खबरों और वीडियो से बचने के बारे में बताया। केवल सरकारी चैनलों और एजेंसियों से दी गई जानकारी और सूचनाओं पर ही भरोसा करना है। कैडेटों और छात्रों को युद्धाभ्यास और सिविल डिफेंस की जानकारी बहुत महत्वपूर्ण है। पहलगाम में आतंकवादी हमले और आज के ऑपरेशन सिंदूर के बीच बनीं स्थितियों के मद्देनजर आज देशव्यापी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के तहत मध्यप्रदेश के पांच जिलों में शाम को मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान आपात स्थिति में नागरिकों को सुरक्षित बचाने का अभ्यास किया गया। राजधानी भोपाल के अलावा इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और कटनी जिलों में मॉक ड्रिल किया गया। इसमें प्रशासनिक अमले के साथ ही स्वैच्छिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की गई। इस दौरान यह प्रदर्शित किया गया कि युद्ध के दौरान निर्मित हालातों में किस तरह नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है। इसका एक मुख्य उद्देश्य नागरिकों को मानसिक रूप से तैयार करना भी रहा। प्रशासन का कहना है कि नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन राष्ट्र का महत्वपूर्ण विषय एवं जिम्मेदारी है, फलस्वरूप नागरिकों की सुरक्षा के लिए सिविल डिफेंस अधिनियम 1968 एवं अन्य नियमों में नागरिक सुरक्षा करने के प्रावधान किए गए हैं। नागरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्रीय गृह मंत्रालय की है जो समय-समय पर राज्यों को आवश्यक निर्देश देती है कि राज्य सरकारें नागरिक सुरक्षा योजनाएं बनाएं, योजनाओं की समय-समय पर समीक्षा करें




## पाकिस्तान से निपटने के लिए भारत पूरी तरह तैयार

## आतंकियों के नौ ठिकाने ध्वस्त, मारे गए 70 आतंकी

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले की जवाबी कार्रवाई में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है। इसके तहत पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में करीब 100 किलोमीटर अंदर और गुलाम जम्मू-कश्मीर में मिसाइलों से हमला करते हुए नौ आतंकी ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। भारतीय सेना और वायुसेना ने इस जबरदस्त एवं सटीक संयुक्त ऑपरेशन में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालयों पर धावा बोला उन्हें ध्वस्त कर दिया, जिन्हें पाकिस्तान के सबसे बड़े आतंकी सरगना हाफिज सईद और मसूद अजहर का अभेद्य किला माना जाता था। सरकार ने इस ऑपरेशन के दौरान मरने वाले आतंकियों की संख्या नहीं बताई है, लेकिन मीडिया रिपोर्टों में उनकी संख्या 70 बताई गई है। मरने वालों में लश्कर के सरगना मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य भी शामिल हैं। ऑपरेशन सिंदूर के तहत मंगलवार-बुधवार रात 1.05 बजे से 1.30 के बीच भारतीय सेनाओं ने 25 मिनट के भीतर लक्ष्य को सटीक भेदने वालीं 24 अति आधुनिक विशिष्ट तकनीक वाले मिसाइलें पाकिस्तान और गुलाम जम्मू-कश्मीर में दागते हुए अपने लक्ष्य को पूरा किया। इस सैन्य ऑपरेशन में इस्तेमाल किए गए हथियारों तथा मिसाइलों का ब्योरा आधिकारिक तौर पर साझा नहीं किया गया है, मगर बताया जाता है कि स्कैल्प डीप-स्ट्राइक क्रूज मिसाइलें, हैमर स्मार्ट हथियार प्रणाली, निर्देशित बम किट और एक्सकैलिबर गोला-बारूद दागने वाले एम-777 हावित्जर जैसे हथियार इसमें शामिल थे।

## सेना ने हमारा मस्तक ऊंचा किया : राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में बुधवार रात की गई एयर स्ट्राइक में कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। सेना की इस कार्रवाई को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि, सेना ने हमारा मस्तक उंचा किया है। भारतीय सशस्त्र बलों ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की। हमने जो लक्ष्य तय किए थे, उन्हें सही समय पर सटीकता के साथ ध्वस्त किया।

# नारी शक्ति की मिसाल बनीं कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह

- दुनिया ने देखा भारत की बेटियों का साहस, समर्पण और आत्मविश्वास



**नई दिल्ली।** नेशनल मीडिया सेंटर में बुधवार को एक प्रेस वार्ता हुई, जिसमें विदेश सचिव विक्रम मिसरी, सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की पूरी जानकारी दी। इस दौरान भारत की इन दोनों बेटियों का आत्मविश्वास, देश और कार्य के प्रति समर्पण व साहस पूरी दुनिया ने देखा। कर्नल सोफिया ने जिस तरह सैन्य रणनीतियों और कार्रवाई को मीडिया के सामने साझा किया, उसकी तारीफ पूरे देश में हो रही है। आज अपने कार्य के बल पर इन दोनों महिला सैन्य अधिकारियों ने नारी शक्ति की जो मिसाल पेश की है, वह करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा बन गई है।

ऑपरेशन सिंदूर की पूरी जानकारी दुनिया के सामने रखने के लिए सरकार ने विदेश सचिव के अलावा सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह को चुना। इन दोनों महिला अफसरों का चुनाव कर भारत ने आतंक के आकाओं को कड़ा संदेश दिया है। कर्नल सोफिया कुरैशी गुजरात के वड़ोदरा की रहने वाली हैं, वह भारतीय थलसेना में कर्नल के पद पर तैनात हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी के दादा भी भारतीय सेना में कार्यरत रहे हैं। साल 2016 में सोफिया कुरैशी ने बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास में सेना की टुकड़ी का नेतृत्व किया था। बताया जा रहा है कि जिस बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास में सेना की टुकड़ी का नेतृत्व उन्होंने किया था, वह ट्रेनिंग एक्सरसाइज अब तक का सबसे बड़ा विदेशी सैन्य अभ्यास रहा है, जिसका नाम एक्सरसाइज फोर्स 18 प्रोग्राम बताया जा रहा है। इसमें दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ आसियान के सदस्य देशों ने हिस्सा लिया था। यह बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास महाराष्ट्र स्थित पुणे में किया गया था। विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूदा समय में भारतीय वायुसेना में हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में तैनात हैं। बताया जा रहा है कि विंग कमांडर व्योमिका सिंह के पास 2500 से भी ज्यादा घंटे की उड़ान का अनुभव है। उन्होंने कई मुश्किल ऑपरेशन को भी सफलता पूर्वक अंजाम दिया है, जिसमें जम्मू-कश्मीर और उत्तर-पूर्व में किए गए ऑपरेशन शामिल हैं।

# छह स्कूली बच्चों की मौत

- पटियाला में ट्रक और इनोवा में टक्कर, कार के उड़े परखच्चे, मची चीख-पुकार



**पटियाला।** पंजाब के पटियाला में बुधवार को बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में छह स्कूली बच्चों समेत सात की मौत हो गई। पटियाला-समाना रोड पर गांव नस्सूपुर के बस अड्डे के नजदीक एक प्राइवेट स्कूल की इनोवा गाड़ी की रेत से लदे टिप्पर ट्रक के साथ भीषण टक्कर के बाद कार पेड़ से जा टकराई। हादसे में इनोवा में सवार छह स्कूली बच्चों और चालक की मौत हो गई है, जबकि आठ अन्य घायल हुए हैं। घायलों में से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद आरोपी टिप्पर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक बच्चे पटियाला के भूपिंदरा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में पढ़ते थे। बुधवार दोपहर को स्कूल की छुट्टी के बाद इनोवा में सवार होकर घरों को लौट रहे थे। रास्ते में पटियाला-समाना रोड पर गांव नस्सूपुर के बस अड्डे के पास इनोवा को तेज रफ्तार टिप्पर ने टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी भयानक थी कि स्कूल की गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त इनोवा से मशक्कत के बाद खून से लथपथ लाशों को बाहर निकाला गया। हादसे में चार स्कूली विद्यार्थियों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक की राजिंदरा अस्पताल और एक अन्य की पटियाला के प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद देशभर में अलर्ट, 200 से अधिक उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाबी कार्रवाई के तौर पर 6-7 मई की रात पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर जोरदार हमला किया और उसे नेस्तनाबूद कर दिया। भारत की तरफ से पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत मिसाइल हमलों के बाद दोनों देशों के बीच तनाव अपने चर देश में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसके चलते उत्तरी और पश्चिमी भारत के कम से कम 18 एयरपोर्ट्स को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। इन बंद एयरपोर्ट्स में श्रीनगर, जम्मू, लेह, अमृतसर, पठानकोट, चंडीगढ़, जोधपुर, जैसलमेर, शिमला, धर्मशाला और जामनगर शामिल हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद फ्लाइट ऑपरेशन्स पर भारी असर पड़ा है। अब तक 200 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो चुकी हैं।




# लखीमपुर पुलिस लाइन में हुआ युद्ध जैसी स्थिति का जीवंत अभ्यास, हुई मॉक ड्रिल



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** वर्तमान वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य और क्षेत्रीय आपातकालीन तैयारियों को सुदृढ़ करने हेतु भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद लखीमपुर खीरी में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा के नेतृत्व और निगरानी में एक अभूतपूर्व और अत्यंत यथार्थपरक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया ड्रिल में सिविल पुलिस, अग्निशमन दल, स्वास्थ्य विभाग और वायरलेस यूनिट की संयुक्त भूमिका को सक्रिय किया गया। फाइटर प्लेन के हमले की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सायरन बजा दिया गया। वायरलेस टीम ने तुरंत सभी संबंधित इकाइयों को सूचना दी। अल्प समय में फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस और पुलिस की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं। फायर यूनिट ने आग पर काबू पाया, वहीं मेडिकल टीम ने घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस बल ने क्षेत्र को सुरक्षित घेराबंदी में लेकर राहत व बचाव अभियान चलाया। पूरे ऑपरेशन में रिस्पांस टाइम को विशेष रूप से मापा गया, जिससे विभिन्न विभागों की तत्परता का आकलन किया जा सके सुबह के समय, पुलिस लाइन स्थित रिहायशी बैरक में ÷शत्रु देश के फाइटर प्लेन द्वारा बम गिराए जाने÷ की परिकल्पना के तहत यह मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस आभासी हमले के दौरान बैरक में सो रहे पुलिसकर्मी ÷घायल÷ हुए, कुछ की गंभीर आकस्मिकता की आशंका भी दर्शाई गई। इस अप्रत्याशित आपदा ने पूरे परिसर में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न कर दी और प्रशासन की तत्परता की असली परीक्षा शुरू हुई।विस्फोट के तुरंत बाद क्षेत्र में हाई अलर्ट घोषित हुआ। पुलिस वायरलेस कंट्रोल से आपदा की सूचना सभी संबंधित यूनिट्स को दी गई। सूचना पर क्विक रेस्पॉन्ड करते हुए तीनों प्रमुख आपात इकाइयों का सक्रिय आगमन हुआ। फायर ब्रिगेड की टीम ने जलती बैरकों में प्रवेश कर आग बुझाई। सिविल पुलिस ने क्षेत्र को सुरक्षित कर, जनता के प्रवेश पर नियंत्रण किया। स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस और चिकित्सकीय टीमें मौके पर पहुंची और घायल कर्मियों को त्वरित प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर किया।

## मुख्यमंत्री का पुतला फूंकने के मामले में जेल में बंद तीन सपा कार्यकर्ताओं को मिली बाहर आने की हरी झंडी

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** एक मई को कलक्ट्रेट परिसर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला फूंकने के मामले में बुधवार से जेल में बंद तीन सपा कार्यकर्ताओं के बाहर आने को हरी झंडी मिल गई सपा के तीनों कार्यकर्ताओं को दस-दस लाख रुपये की बांड पर जमानत मंजूर हुई है। पुलिस ने इस मामले में तीन सपा कार्यकर्ताओं का चालान भेजा था जमानत नामंजूर होने पर पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया था। सपा ने कार्यकर्ताओं को जमानत पर छुड़ाने के भरसक प्रयास किए लेकिन अधिकारी हर बार जमानत टालते रहे देर शाम तीनों कार्यकर्ताओं के बाहर आने की उम्मीद है बता दें कि सपा सांसद रामजी लाल सुमन पर जानलेवा हमले को लेकर आक्रोशित सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया था। इसी दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला फूंका था। सरकार विरोधी नारे भी लगाए थे। पुतला फूंकने की जानकारी पुलिस को हुई तो आनन फानन दबिश देकर सपा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई पुलिस ने पूर्व अध्यक्ष छात्र संघ सदस्य जिला पंचायत संदीप वर्मा, सुधाकर लाला के साथ रमन मनार सहित चार महिलाओं प्रख्याति खरे, आरती जनवार, रन्नो देवी और मंजू को गिरफ्तार कर उनका चालान किया था। देर शाम जमानत को लेकर अर्जी डाली गई, जहां पर घंटों मंथन के बाद एसडीएम ने महिला कार्यकर्ताओं की जमानत मंजूर करते हुए बाकी तीनों कार्यकर्ताओं को जेल भेज दिया था जमानत में ही रही देरी को लेकर हाईकोर्ट तक मामला पहुंचा लेकिन इसके बाद भी जमानत नहीं हो सकी थी। स्थानीय प्रशासन का तीनों कार्यकर्ताओं को 14 दिन जेल में रखने का प्लान था इस बात की जानकारी होने पर अधिवक्ता संघ ने नाराजगी जताते हुए बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से मुलाकात करते हुए जमानत कराने की बात रखी। इस पर डीएम ने एसडीएम को दस-दस लाख रुपये बांड पर रिहाई मंजूर करने के आदेश दिए।

# चोरी की 03 अदद चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 02 नफर अ अभियुक्तगणो को किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर-खीरी।** थाना फरधान पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 02 नफर अभि0गण को चोरी की 03 अदद चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया उल्लेखनीय है कि दिनांकः 06.05.2025 को थाना फरधान की पुलिस ग्राम कैमहरा में चेकिंग में मामूर थी कि जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि ग्राम बेल से रौसा मार्ग से होते हुए कुछ अपराधी चोरी की मोटर साइकिल को बेचने हेतु मोहम्मदी जा रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर विश्वास करके पुलिसजन द्वारा छिप छिपाकर ग्राम रौसा की तरफ से आ रही एक मो0सा0 सहित व्यक्तियों को गन्ना सेन्टर के आगे सुखी नहर के पास रोका गया तो मो0सा0 मोड़कर व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया परन्तु हिकमत अमली का प्रयोग करके भागने वाले 02 व्यक्तियों 1. अमान खान उर्फ मान पुत्र सलीम खान उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्रा0 पठानपुरवा थाना फरधान व 2. दिलशाद अली उर्फ शाका पुत्र साजिद अली निवासी बेल थाना फरधान उम्र करीब 25 वर्ष को पकड़ लिया गया। जिनकी जामा तलाशी ली गयी तो जामा तलाशी से अमान उर्फ मान के पहने पैट की दाहिनी जेब से 100 के तीन नोट व 10 के दो नोट कुल 320 रुपया व एक मोटरसाइकिल बुलेट व रंग हरा व काला जिस पर ऋ४4ड्डद्य श्वह्रस्रढ्डश्वस्रु रूक्षश्वह्नक्र-350 लिखा है जिसका चेचिस नम्बर रूश्व3छ्व3स्न्नारू2004296 है इंजन नम्बर छ्व3स्न्नारू2126 है बुलेट के पीछे आगे कोई भी नम्बर प्लेट नहीं लगी है। दूसरे व्यक्ति दिलशाद अली उर्फ शाका की जामा तलाशी से पहने पेंट की बायी जेब से 100 के दो नोट 10 के सात नोट कुल 270 रुपया मिले मोके पर पकड़ी गयी बुलेट मोटर साइकिल के सम्बन्ध में कागजात मागा गया तो दोनो व्यक्ति कोई भी कागजात नहीं दिखा सके कड़ायी से पूछा गया तो दोनो व्यक्ति एक साथ बताये यह मोटरसाइकिल हम दोनो ने जिम्मी उर्फ जमील अहमद पुत्र अज्ञात निवासी हाजीपुर थाना नीमगांव के साथ मिलकर लखीमपुर से चुरायी थी तथा और कड़ायी से पूछा गया तो पकड़े गये दोनों व्यक्तियों ने बताया कि हम तीनो लोगों ने मिलकर पिछले महीने में दो और मोटरसाइकिल सुपर स्पलेडर ब होडा स्क्र125 चुराई थी जो हम लोगों ने छिपाकर रखी है। जिनकी बरामदगी गिरफ्तारशुदा व्यक्तियों की निशानदेही पर की गयी।

## एयर स्ट्राइक के बाद भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ाई गयी चौकसी

**लखीमपुर-खीरी।** पाकिस्तान में मंगलवार की रात आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के बाद भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। जिले में एसएसबी व पुलिस टीमें नेपाल सीमा से सटे इलाकों में संयुक्त पेट्रोलिंग कर रही हैं। जंगल के रास्तों पर भी पैनी निगाह रखी जा रही है। नोमैंस लैंड पर भी कोई नेपाल की ओर से प्रवेश न कर सके इसकी जानकारी कर निगरानी की जा रही है जिले से लगी तकरीबन सवा सौ किलोमीटर लंबी भारत-नेपाल की खुली सीमा संपूर्णानगर से लेकर गौरीफंटा, चंदन चौकी और तिकुनिया तक फैली है। बुधवार को इस पूरी सीमा पर अलग-अलग क्षेत्र में एसएसबी के जवानों ने पुलिस टीम के साथ संयुक्त पेट्रोलिंग की। संपूर्णानगर के पास बसही बॉर्डर पर भी लगातार निगरानी जारी है। इसके साथ ही गौरीफंटा बॉर्डर पर नेपाल आने जाने वालों की सघन चेकिंग एसएसबी द्वारा की जा रही है। इसमें डॉग स्क्वायड की भी मदद एसएसबी के जवान ले रहे हैं।

## हादसे को न्योता दे रहा सड़कपर बना गड्ढा, जिम्मेदारों को नहीं है कोई सरोकार



**नजीबाबाद।** नगर के हृदय स्थल कहे जाने वाले कृष्णा टाकिज चौराहे पर एक गहरा गड्ढा हादसों को दावत दे रहा हैं। इस व्यस्ततम मार्ग में दिन-रात आवागमन का दबाव बना रहता है। भीड़भाड़ के कारण यहां से गुजरना खतरे से खाली नहीं है। क्योंकि यह गहरा गड्ढा बिल्कुल चौराहे पर है। उक्त चौराहे से नगर के प्रशासनिक अधिकारीयों एवं जनप्रतिनिधियों का आवागमन बना रहता है। उसके बावजूद उक्त सड़क पर बना गड्ढा भरा नहीं गया। इस संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा पूर्व में भी आवाज उठाई गई थी। परंतु शासन प्रशासन की कान पर जू नहीं रेंगी, अब तक शासन प्रशासन द्वारा उक्त गड्ढे को भरवाने के लिए कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि गड्ढे से कई लोग चोटिल हो चुके हैं। व्यापारियों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से सड़क पर बने गहरे गड्ढे को भरवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही गड्ढे को नहीं भरा गया तो गड्ढे का आकार बढ़ता जा रहा है और वह गड्ढा किसी बड़े हादसे को भी दावत दे सकता है। इस अवसर पर अभिनव अग्रवाल, आशु, राशिद, सुरेश वशिष्ठ, सुहेल, नदीम, अनिल कुमार, शारिक, शाहिद, सलीम, सरताज, वजाद, तशरीफ़ आदि रहे।

## अवैध स्मैक के साथ नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना बेहट पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दस ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना बेहट प्रभारी सूबे सिंह ने जानकारी ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक अजब सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी व नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों की धरपकड़ को चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान ग्राम कलसिया संग्राम नहर मलकपुर जाने वाले रास्ते से एक नशा तस्कर नदीम पुत्र मूसा निवासी ग्राम खानपुर थाना गंगोह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से 10 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

# सपा के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में पार्टी की लोहिया भवन में आयोजित हुई मासिक बैठक

*अवधनामा संवाददाता*




**लखीमपुर खीरी ।** मतदात सूची में जोडे और काटे गये नामों का भौतिक सत्यापन घर घर जाकर बूथ प्रभारी करें उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में पार्टी की लोहिया भवन में आयोजित मासिक बैठक में दी, उन्होने कहा कि बूथ प्रभारी और उनके सहयोगी मतदाता सूची की प्रतियां कार्यालय से प्राप्त करें और जो नाम गलत जोडे गये है या गलत काटे गये उनका संशोधन करें यदि कोई दिक्कत आती है तो वे मुझे सूचित करें। बैठक में सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए लोगों ने अपने विचार रखें।मासिक बैठक में जाति जनगणना करवाकर जनसंख्या के अनुपात में उनका हक दिलाने के लिए हस एक पीडित शोषित वंचित गरीब किसान मजदूर अल्पसंख्यक असुरक्षित महिलाओं को समान अवसर और सम्मान दिलाने के लिए संर्घष करें बैठक को दाउद अहमद, रामसरन, सुनील लाला, शशांक यादव, आरए उस्मानी, आरएस कुशवाहा, शमशेर बहादुर शेरू, प्रीतेन्द्र सिंह कक्कू, वरूण चौधरी, रघुवीर सिंह यादव, अशोक वर्मा, मो0 कयूम खां अनुराग पटेल, हिमांशू पटेल, आरपी चौधरी आदि ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सरदूल सिंह, अशोक वर्मा, जेडए उस्मानी, अशोक कश्यप, संजीव कुमार मिश्रा मुन्ना, आकाश गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष जावेद अख्तर, सुरेन्द्र सिंह यादव, शेरसिंह यादव, त्रिलोक सिंह, विकास यादव, अशोक वर्मा, वीरेन्द्र वर्मा, सुरेश पाल यादव प्रकोष्ठ अध्यक्ष उमेश गिरि, यशमोहन वर्मा, अमित वर्मा, संजय वर्मा, मो0 अफजाल, इशरार अहमद, गुरूप्रीत सिंह, हेमंत भार्गव, उमाशंकर यादव, पूर्व अध्यक्ष प्रबुद्ध सभा विनय मिश्रा, नगर अध्यक्ष जगदीश प्रसाद, मनोज वर्मा, शब्बीर अहमद बाबा, अब्दुल मुईद, स0 गुरूमीत सिह, ब्लाक अध्यक्ष ईश्वरदीन भार्गव, जिलापंचायत सदस्य शिवनन्दन वर्मा, सेवक सिंह अजमानी, प्रतिनिधि आनन्द पटेल, वारिश अली, शिवराज वाल्मीकि, ध्रुव मौर्या, ललित पाल, अनूप कुमार उर्फ प्रीतम वर्मा, शानुलहक अंसारी, दानिश् अब्दुल्ला, अरविन्द यादव, त्रिभुवन सिंह, जितेन्द्र यादव, जगत पाल यादव, अनुज यादव, प्रदेश के पदाधिकारी रेहान खान, मिर्जा शेखू, शुऐब अंसारी, अब्दुल मन्नान उस्मानी, मातादीन यादव, एहतिशाम खान, नरेश यादव, अजय सिह, भूपेन्द्र सिंह वर्मा, आसिफ अली, राधेश्याम पाल, जकाउल्ला खां, राजेश यादव, शहनवाज खान, वेचे लाल ,कमलेश मिश्रा, मंजू राज यादव, अभयप्रताप सिंह बन्टी, आफताब आलम खान, राजनरायन तिवारी सैकडों लोग उपस्थित रहे।

## नशा तस्कर को 3 वर्ष का कारावास व 30 हजार रूपये अर्थदंड की सजा

**सहारनपुर।** एनडीपीएस एक्ट के मुकदमें में एक अभियुक्त को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एडीजे-11 ने 03 वर्ष का कारावास व 30 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) अमित त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 8 जनवरी 2020 को वादी उप निरीक्षक दीपचन्द थाना फतेहपुर की सूचना पर अभियुक्त तस्लीम उर्फ गुल्लू पुत्र सलीम निवासी चान्दनपुर थाना गागलहेड़ी के कब्जे से 330 ग्राम चरस बरामद होने की सूचना पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना फतेहपुर पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। यह मुकदमा न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-11 जनपद सहारनपुर में विचाराधीन रहा।

## नगीना सांसद ने नजीबाबाद में पहुंच कर किया विधानसभा 17 के पार्टी कार्यालय का उद्घाटन



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद** - नजीबाबाद के मोटा आम के निकट पहुंचे नगीना सांसद! आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय चंद्रशेखर आजाद और नगीना सांसद ने नजीबाबाद के मोटा मुस्कान मैरिज पहुंचे जहां पार्टी के मंडल अध्यक्ष खुर्शीद मंसूरी ने उनका जोरदार दिली स्कतबाल किया! ढोल नगाड़ों के साथ सांसद चंद्रशेखर ने विधानसभा 17 के पार्टी के कार्यालय का फीता काट कर उद्घाटन कर चैयरमेन खुर्शीद मंसूरी को कार्यलय की बधाई दी! इस दौरान उन्होंने पार्टी के सभी पदाधिकारीयों, कार्यकर्ताओ एवं समर्थकों से खुर्शीद मंसूरी एवं पार्टी को मजबूत करने के लिए आग्रह किया! वहींह्यह्यह्य उन्होंने हाई स्कूल और इंटरव्यू टॉप आए सभी प्राथमिक छात्राओं को सम्मानित कर शिक्षा पर जोर दिया! शिक्षा पर बोलते हुए चैयरमेन खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि शिक्षा हमारे लिए जीवन में आगे बढ़ने के लिए विशेष योगदान देती जिससे हम अच्छे बुरे, के साथ - साथ हमारा भविष्य संवारती है और हमें काबिल इंसान बना देती है इसलिए हमें अपने जीवन में शिक्षा जरूर प्राप्त करनी चाहिए! उन्होंने कहा कि मैं विधानसभा की जनता के लिए शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए सदैव आपकी सेवा में तत्पर रहूंगा! सांसद नगीना चंद्रशेखर आजाद ने हमने सरकार से कई बार लोकसभा में शिक्षा के स्तर पर बात की है सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर सुधारने और बढ़ाने के लिए हमें अपने बच्चों, और अधिकारियों के बच्चों को सरकारी स्कूल में भेजा जाना चाहिए जिससे पता चले की एक आम आदमी और अधिकारी और नेता के बच्चे एक साथ शिक्षा लेगे तो एक दिन ऐसा आएगा कि यही बच्चे आईपीएस, आईएएस, पुलिस, डॉक्टर, इंजीनियर, साइंटिस्ट बन कर देश का भविष्य बनेंगे इसी तरह उन्होंने सरकारी अस्पतालों पर भी कहा कि जब तक सरकारी अस्पतालों में इलाज की शुरुआत हम जैसे नेताओं, अधिकारीयों के परिजनों के इलाज से नहीं होगी तब तक सरकारी अस्पताल भी खस्ता हाल बने रहेंगे।

## जनपद में कई शहरोंमें कराई गई मॉकडल





**बिजनौर।** जनपद बिजनौर के साथ-साथ जनपद के कई शहरों में कराई गई मॉक ड्रिल! जिला शासन प्रशासन के हुक्मरानों ने मॉक ड्रिल की ट्रेनिंग कराकर आपातकालीन स्थिति में बचने के हुनर दिये! एसपी सिटी संजीव कुमार वाजपेई जनपद बिजनौर द्वारा नगर बिजनौर में स्थित एस0आर0एस0 मॉल में वॉर टाइम मॉक ड्रिल का आयोजन कराया गया। इस मॉक ड्रिल में आमजन को आपातकालीन परिस्थितियों जैसे युद्ध, आतंकी हमला या अन्य गंभीर संकट के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों एवं सुरक्षात्मक उपायों के प्रति जागरूक किया गया। वहीं क्षेत्राधिकारी व तहसीलदार, तहसील नजीबाबाद, जनपद बिजनौर द्वारा थाना नजीबाबाद क्षेत्रान्तर्गत इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड पर वॉर टाइम मॉक ड्रिल का आयोजन कराया गया। इस मॉक ड्रिल में स्टाफ व आमजन को आपातकालीन परिस्थितियों जैसे युद्ध, आतंकी हमला या अन्य गंभीर संकट के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों एवं सुरक्षात्मक उपायों के प्रति जागरूक किया गया।

## पहलगाम हमले का करारा जवाब देने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों और मोदी जी को बधाई।



**बिजनौर।** मौलाना डॉ फुरकान मेहरबान अली अल मदनी ने बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की और कहा कि देश को उन पर गर्व है। सशस्त्र बलों को बधाई देते हुए उन्होंने ने कहा पहलगाम हमले का करारा जवाब देने के लिए भारतीय बहादुर सशस्त्र बलों और देश के बहादुर प्रधानमंत्री मोदी जी को बधाई। उन्होंने कहा पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जिस तरह हमारे निर्दोष और निहत्थे नागरिकों पर हमला किया उससे लोगों में काफी गुस्सा है। हमारे सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर हमला किया और उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया। हमें अपने सुरक्षा बलों पर गर्व है। उन्होंने कहा पूरे देशवासियों को उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री मोदी जी सख्त और अच्छी कार्रवाई करेंगे। अब पाकिस्तान के खिलाफ और भी सख्त कदम उठाने की जरूरत है। जिससे आतंकवाद का पूरी तरह खत्मा हो सके। मुझे उम्मीद है कि इस बार फाइनल ऑपरेशन होगा और पाकिस्तान सुधर जाएगा। पूरा देश पीएम मोदी जी और सेना के साथ खड़ा है। अन्त में उन्होंने कहा मैं सभी सुरक्षा बलों के सैन्यकर्मियों को सलाम करता हूं और सरकार का भी शुक्रिया अदा करता हूं। मैं प्रधानमंत्री मोदी जी का शुक्रिया अदा करता हूं। क्योंकि उन्होंने देश के लोगों की भावनाओं को समझा और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। सिंदूर का हमारी भारत की संस्कृति में एक विशेष स्थान है। क्योंकि इसे विवाहित महिलाएं लगाती हैं। लेकिन पहलगाम में उनमें से कई ने इसे खो दिया था और आज मोदी जी ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए इसका बदला लिया है।

# सपा युवजन सभा की जिला कार्यकारिणी घोषित



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी की बैठक में पीडीए को मजबूत करने के साथ-साथ पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाये जाने आह्वान किया गया। इस अवसर पर सपा युवजन सभा की जिला कार्यकारिणी भी घोषित की गई।

अंबाला रोड स्थित पार्टी जिला कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रूद्रसैन ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता नफरत फैलाने वाले लोगों को जग जाहिर करने का काम करें, ताकि जनता उनसे सावधान हो सकें। जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव सबसे बड़ी चुनौती है उसके लिए हमें अभी से तैयारीह्य में लगना चाहिए। पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान एवं विधायक उमर अली खान ने कहा कि आज नए कार्यकारिणी का गठन किया गया है, जिसमें ठाकुर विलास राणा को जिला अध्यक्ष, उदित चौधरी, धनवीर गुर्जर, रमन राणा, आजम खान, राव अफसार, शुऐब गाडा, अब्दुल, पुष्पक यादव को उपाध्यक्ष, कन्हैया कुमार को जिला महासचिव और शुभम अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इनके अलावा अनुज कुमार, जुल्फान, साबिर, निखिल यादव, आशीष त्यागी, अंकित वाल्मीकि, योगेश झा, चौधरी बिलाल पंवार, अनुज कुमार सैनी को सचिव पद का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा राशिद को बेहट, प्रवीण कुमार को नकुड़, साहवेज मलिक को सहारनपुर नगर, सरफराज गाड़ा को सहारनपुर देहात, अनिवेश चौधरी को देवबंद, अभिषेक शर्मा को रामपुर मनिहारान तथा अमजद चौधरी को गंगोह विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया। बैठक को पूर्व विधायक वीरेंद्र ठाकुर, मनोज चौधरी, मजाहिर राणा, मांगेराम कश्यप, साजिद चौधरी, जितेंद्र राणा बाबा, महानगर विधानसभा प्रभारी अभिषेक टिंकू अरोड़ा, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष इ.विजेश शर्मा, चौधरी नियाज हसन, डॉक्टर फुरकान गौरी, चौधरी परीक्षित, चौधरी अब्दुल गफूर, परमिंदर, चौधरी वासिल तोमर, फैसल सलमानी, प्रवीण बान्दुखेड़ी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता चौधरी अब्दुल वाहिद ने संचालन जितेंद्र राणा बाबा ने किया।

## हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाइड ने विद्यार्थियों को मॉक ड्रिल करायी



**सहारनपुर।** मोन्ट फोर्ट स्कूल में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड द्वारा विद्यार्थियों को मॉक ड्रिल कराई गई। इस दौरान छात्रों को बंकर बनाना, घायल होने पर उपचार करना, बच्चों और बुजुर्गो को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का प्रशिक्षण दिया गया। गागलहेड़ी स्थित स्कूल में मोन्ट फोर्ट स्कूल में भी विद्यार्थियों को मॉक ड्रिल करवाई गई। हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के राज्य सचिव मनोज सिंधी ने विद्यार्थियों को ट्रेनिंग देते हुए कहा कि पाकिस्तान से युद्ध के समय स्काउट एंड गाइड के कर्तव्य बढ़ जाएंगे हैं। हमें स्वयं तो जागरुक रहना ही है। अपने आसपास रहने वाले समाज को भी जागरूक करना है। उन्होंने इस दौरान छात्रों को बंकर बनाना, घायल होने पर उपचार करना, बच्चो ओर बुजुर्गो को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने आदि की ट्रेनिंग दी। स्कूल प्रबंधक पंकज गर्ग ने कहा कि युद्ध की संभावना को देखते हुए छात्रों को चेतावनी संकेत की पहचान होनी चाहिए तथा छात्रों को क्लास रूम से सुरक्षित स्थान पर तुरंत अनुशासन पूर्वक तथा धैर्य के साथ जाना चाहिए। खिड़की दरवाजे बंद रखने चाहिए तथा सतर्क रहना चाहिए। कोऑर्डिनेटर पारुल सचदेवा ने युद्ध के दौरान सभी को प्राथमिक उपचार टॉर्च, सिटी, पानी, सूखा भोजन आदि से युक्त आपातकालीन किट अपने पास रखने का सुझाव दिया।

# यूपीएस मे बदलाव करके पुरानी पेंशन की ओर बढ़े सरकारः धर्मेन्द्र

*अवधनामा संवाददाता*




**सहारनपुर।** ऑल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन की बैठक में वक्ताओं ने यूपीएस में बदलाव करने तथा पुरानी पेंशन बहाल करने की पुरजोर तरीके से मांग उठायी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हमारी मांगे नजर अंदाज की गयी, तो आंदोलन का बिगुल फूंक दिया जायेगा।

सिंचाई विभाग परिसर में आहूत बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बताया की हम यूपीएस को पूरी तरीके से खारिज करते है और फिलहाल केवल उन कर्मचारियों के लिए विकल्प के तौर पर स्वीकार करने के लिए अपील की करते है, जो या तो हाल फिलहाल में रिटायर हो गए हैं या हाल फिलहाल में रिटायर होने वाले हैं। लंबी नौकरी करने वाले कर्मचारियों के मामले में जब तक ओल्ड पेंशन स्कीम पूरी तरह से बहाल नहीं हो जाती, हमारा संघर्ष चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में देश की राजधानी में एक बहुत बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। इस बार आंदोलन में 200 से ज्यादा संगठन नेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत के बैनर तले एकजुट होकर पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई में भाग लेंगे।

कर्मचारी नेता राजेश कुमार व तरूण भोला ने बताया कि आगामी 15 मई को नेशनल मिशन फॉर ऑल्ड पेंशन स्कीम भारत व एआईएनपीएसएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर मंजीत सिंह पटेल संगोष्ठी को सम्बोधित करेंगे उनके साथ मे प्रदेश अध्यक्ष अंकुर त्रिपाठी विमुक्त भी सहारनपुर मे देहरादून चौक स्थित एकता सदन मे उपस्थित रहेंगे। बैठक मे मुकेश शर्मा, रामलाल डबराल, शेर सिंह, सचिन मित्तल, सोनू कुमार, मुकेश यादव, नेपाल सिंह, सौरभ गौतम, मनिक पाल, टिंकू धारीवाल, सुमित शर्मा, रुपेश कुमार, मनोज सैनी, मनोज रावत, अनिल कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे। अध्यक्षता धर्मेंद्र प्रधान ने संचालन तरुण भोला ने किया।

## डीसीएम चालक के खिलाफ केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के भकसा निवासी काशीनाथ उर्फ काशीराम पुत्र संतोष 9 अप्रैल को मध्य रात्रि 1.30 बजे के करीब सहजनवा स्थित गैस गोदाम के सामने खड़ा था। उसी दौरान अनियंत्रित डीसीएम ने उसे रौंद दिया जिसकी मौके पर मौत हो गई। मृतक की मां रंजना देवी की तहरीर पर पुलिस ने डीसीएम चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## पानी गिराने को लेकर मारपीट, केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कटाई टिकर निवासी हरिराम पुत्र स्व श्याम राज को बरसात का पानी बहने को लेकर सोमवार को शाम 5 बजे मनबढ़ो ने बेटे प्रद्युम्न यादव को मारपीट कर घायल कर दिया था। तथा पाइप को तोड़ दिए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी दर्शन यादव,संतराज यादव,रामवृक्ष यादव,राहुल यादव के खिलाफ गाली गलौज,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## जालसाज दंपति पर किया गैंगस्टर की कारवाई

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा पुलिस ने सक्रिय गैंग तैयार कर लोगो को वाहन दिलाने के नाम पर रुपया हड़प कर फरार चल रहे जालसाज दंपति पर गैंगस्टर की कारवाई की कारवाई किया। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के भेउसा टोला भेंसहिया निवासी मनोज यादव पुत्र अरविंद यादव तथा इसकी पत्नी बविता द्वारा एक सक्रिय गैंग बना कर लोगों को वाहन दिलाने नाम पर जालसाजी कर रहे थे। इनके अपराध को देखते हुए गीडा पुलिस ने गैंगस्टर की कारवाई किया है। इस गिरोह द्वारा सुभद्रा पत्नी बबलू निवासी भिलौरा थाना गीडा के नाम पर 4 लाख,शुभम प्रजापति निवासी छपिया थाना खजनी से 3 लाख दिलाने के नाम पर 1.20 लाख रुपए, मजुल्लह पुत्र इकबाल निवासी को हॉलीडे सर्विस नौसढ़ थाना गीडा से गाड़ी दिलाने के नाम 8 लाख रुपया अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर करा कर जालसाजी किया गया। माधुरी देवी पत्नी सुरेंद्र कुमार निवासी बीधा को डंफर दिलाने के नाम 8 लाख रुपए की जालसाजी किया था। दिलीप कुमार पुत्र सुराम प्रसाद निवासी बरनी गोपालपुर से 3 लाख रुपया उधार में लेकर हड़प गए थे। ऐसे सक्रिय अपराध को देखते हुए गीडा पुलिस ने गैंगस्टर की कारवाई किया है।

## शरारती तत्व छात्राओं से कर रहे है दुर्व्यवहार और अश्लील टिप्पणी

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के मिनवा स्थित कस्तूरबा विद्यालय में रह रही छात्राओं के साथ शरारती तत्वों द्वारा दुर्व्यवहार और टिप्पणी के करने आरोप लगाते हुए वार्डन ने अज्ञात के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी से कस्तूरबा विद्यालय मीनवा की वार्डन लक्ष्मी शशिबाला ने आरोप लगाया है कि कस्तूरबा विद्यालय के छात्रावास में 200 छात्राएं रहती है। लेकिन विद्यालय परिसर के बाहर और अंदर अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार और तरह तरह की टिप्पणी की जाती है। जबकि कस्तूरवा विद्यालय के समीप कंपोजिट विद्यालय है। जिसमें शरारती तत्व आकर उपद्रव करते है। और पेड़ पौधों को तोड़कर नष्ट कर रहे है। वार्डन ने शरारती तत्वों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कारवाई करने की मांग किया है। इस संदर्भ में थानेदार महेश कुमार चौबे ने कहा कि शिकायत की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कारवाई की जायेगी।

## मोहान रोड पर डंपर व मैजिक की टक्कर, कई घायल



**काकोरी लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** काकोरी थाना क्षेत्र में मोहान रोड स्थित विंध्या हॉस्पिटल के पास आज दोपहर लगभग दो बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। उन्नाव से लखनऊ जा रही एक मैजिक की टक्कर विपरीत दिशा से आ रहे एक डंपर से हो गई, जिसमें मैजिक चालक समेत कई लोग घायल हो गए। दुर्घटना में घायल मैजिक चालक संजय, आलिया और यतीम, जो मियागंज के निवासी हैं, को गंभीर चोटें आने के कारण ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। वहीं, दीपू पुत्र हरी राम (निवासी इनायतपुर), सब्बा पत्नी यतीम, तौहीद पुत्र यतीम (निवासी मियागंज, उन्नाव) और पृथ्वी पाल पुत्र रामतीर्थ (निवासी विनायक, थाना आसीवन, उन्नाव) का इलाज विंध्या हॉस्पिटल में चल रहा है। सूत्रों के अनुसार, सभी घायलों की स्थिति स्थिर बनी हुई है। काकोरी इंस्पेक्टर सतीश राठौर के मुताबिक घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची घायलों को इलाज के लिए ट्रामा भेज दिया गया है। और यातायात को सुचारू कराया। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## अफ़हाम-ए-ज़मा सोसाइटी ने ए.सी.एम. पंचम प्रभारी, हुसैनाबाद एण्ड एलाइड ट्रस्ट, लखनऊ के सामने रखी अपनी मांग

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** अफहाम-ए-ज़मा सोसाइटी एक जनहित सेवा संस्था है जो पिछले 20 वर्षों से जनहित के कार्यों को अंजाम दे रही है। अफहाम-ए-ज़मा सोसाइटी ने ए.सी.एम. पंचम प्रभारी, हुसैनाबाद एण्ड एलाइड ट्रस्ट, लखनऊ के सामने रखी अपनी मांग उन्होंने कहा कि सोसाइटी आपको अवगत कराना चाहती है कि हुसैनाबाद एण्ड एलाइड ट्रस्ट एक धार्मिक ट्रस्ट है जिसे नवाबीन-ए-अवध ने हज़रत इमाम हुसैन अ.स. की याद में बनाया था ताकि इस ट्रस्ट के द्वारा हज़रत इमाम हुसैन अ.स. के नाम पर होने वाले प्रोग्रामों को अंजाम दिया जा सके। इसी के अंतर्गत मोहर्रम में होने वाले प्रोग्राम पहली मोहर्रम की शाही ज़री का जुलूस, सातवीं मोहर्रम की शाही मेंहदी का जुलूस एवं दसवीं मोहर्रम यौमे आशूरा शाही ज़रीह का जुलूस निकाला जाता था लेकिन पहली और सातवीं मोहर्रम के जुलूस तो निकाले जाते हैं लेकिन दसवी मोहर्रम यौमे आशूर शाही ज़री का जुलूस जो उठाया जाता था वह अभी भी नहीं उठ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी मुख्य मांगें निम्न हैं। दस मोहर्रम यौमें आशूरा के दिन छोटे इमामबाड़े से हुसनाबाद ट्रस्ट की शाही ज़री को जुलूस के साथ उठवाकर सम्मान पूर्वक दफ़्न कराया जाए। दस मोहर्रम में बटने वाले तबर्रुक (प्रसाद) को शाही बावर्चीखाने में पकवाया जाए। आपके आदेश के बाद छोटे इमामबाड़े के सामने नौबतख़ाने में जो नौबत बजाई जाती है उसे पूर्व की तरह प्रतिदिन बजवाने का इन्तिज़ाम किया जाए।

## ऑपरेशन सिंदूर: सैनिकों की बहादुरी में पिलाया शरबत



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद सैनिकों की बहादुरी से खुश होकर आज लक्ष्मीबाई तिराहे के पास स्टेशन रोड पर समाजसेवी महिलाओं ने तपती गर्मी में लोगों शरबत पिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। जिससे लोगों को गर्मी से भी राहत मिली और उन्होंने कहा जब कोई सैनिक अपने कार्य के लिए प्रदेश के किसी कार्यालय में जाता है तो उसका सम्मान किया जाना चाहिए और उसका काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। क्योंकि जवान देश की सीमा पर अपने देश के परिवारों के लिए सबसे आगे सीमा पर दीवार बनकर खड़ा है। जिससे हम सब सुरक्षित हैं। यह कार्यक्रम रश्मि द्विवेदी उर्फ मीनू, मंजू गुप्ता, सुमन शर्मा, ज्योति गुप्ता, लता शर्मा, संतोषी यादव अध्यापिका, रानी द्विवेदी के सहयोग से संपन्न हुआ।

## निर्वाचन आयोग से मिला बसपा का प्रतिनिधि मंडल

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** बहुजन समाज पार्टी ने भारत निर्वाचन आयोग से चुनावों के दौरान एग्जिट पोल और सर्वे रोकने के साथ ई वी एम की जगह बैलेट पेपर से मतदान कराने की मांग की है। बसपा की मांग का लोग स्वागत कर रहे हैं। मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी की मुखिया बहन मायावती के नेतृत्व में बसपा प्रतिनिधि मंडल ने निर्वाचन आयोग से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय महासचिव सतीश चन्द्र मिश्रा और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री धर शामिल रहे। बसपा ने निर्वाचन आयोग से कहा है कि चुनाव के दौरान एग्जिट पोल और फर्जी सर्वे से मतदाता भ्रमित होते हैं और मतदान प्रभावित होता है आयोग फर्जी सर्वे पर रोक लगाए ई वी एम से मतदान को लेकर पिछले दो दशकों में पूरे देश में सवाल उठे हैं, ईवीएम से गड़बड़ी करने की बातें सभी चुनावों में प्रकाश में आई हैं। इसलिए ईवीएम की जगह आगे के सभी चुनावों में आयोग बैलेट पेपर से मतदान सुनिश्चित कराए। बसपा प्रतिनिधि मंडल ने उत्तर प्रदेश में दलित एवं मुस्लिम मतदाताओं को वोट डालने से रोकने की पिछली घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मतदान तिथि को सभी पोलिंग बूथों पर भयमुक्त और निष्पक्ष मतदान का वातावरण कायम करने का अनुरोध किया है।

# थुलवासा चौकी पुलिस की सरपरस्ती में रात भर होता रहा खनन, अधिकारी रहे मौन

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के अनेक गांवों में पुलिस की मिली भगत के चलते अवैध खनन व अवैध कटान जोरो पर है तथा खनन माफिया आए दिन रात के अंधेरे में जेसीबी व डंफर की मदद से धरती को छलनी करते हुए देखे जा रहे हैं। वहीं अवैध कटान का भी सिलसिला क्षेत्र में बदस्तूर जारी है।

बताते चलें कि जहां एक ओर प्रदेश की योगी सरकार खनन माफियाओं पर नकेल कसने के लिए पूरी तरह से तत्पर है, और जिम्मेदारों को समय-समय पर शासन से प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश भी दिए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर शासन के निर्देशों का पालन करने को कौन कहे तथा कोतवाली पुलिस द्वारा सारे आदेशों और निर्देशों को कथित तौर पर अपनी पुलिसिया करवाई के चलते आदेशों को रौंदा जा रहा है। जिसके चलते खनन माफियाओं को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है और शाम होते ही रात्रि के अंधेरे में खनन माफिया बेखौफ होकर धरती का सीना छलनी करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जिसका साथ स्थानीय कोतवाली पुलिस बराबर दे रही है। ज्ञात हो कि बीती रात महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के चरी का पूर्व मजरे पहाड़पुर गांव में जेसीबी व डंपर द्वारा क्षेत्र के शारदा नहर के नजदीक संपर्क मार्ग से सैकड़ो ट्रॉली मिट्टी खोदकर खनन माफिया ने शासन और प्रशासन को खुली चुनौती दी है तथा बीते एक सप्ताह के अंदर कोतवाली क्षेत्र के चरी का पुरवा पहाड़पुर रनागंज सहित कई गांवों में अवैध खनन जारी है और सूर्यास्त होते ही खनन माफिया अवैध खनन करने में मशगूल हो जाते हैं। स्थानीय पुलिस व कोतवाली पुलिस की मिली भगत के चलते ही यह अवैध खनन का कार्य चल रहा है। मामले में उप जिलाधिकारी तहसील सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने बताया कि बताया कि ग्रामीणों द्वारा दूरभाष पर अवैध खनन की सूचना दी गई है। हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को मौके पर भेज कर अवैध खनन की जांच कराई गई है। रिपोर्ट मिलते ही खनन विभाग को रिपोर्ट भेज कर खनन माफिया के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कस्बे में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा



अवधनामा संवाददाता

**काकोरी लखनऊ।** काकोरी कोतवाली पुलिस ने बुधवार को कस्बे में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और नागरिकों को सुरक्षित माहौल का एहसास दिलाया।

पुलिस द्वारा आयोजित इस गश्त का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना और आम जनता के बीच सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देना था। गश्त के दौरान, पुलिस टीम ने कस्बे के प्रमुख स्थानों, घनी आबादी वाले क्षेत्रों और मुख्य मार्गों पर घूमकर लोगों से बातचीत की। उन्होंने लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी दी। पुलिस की इस सक्रियता से स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है, वहीं संदिग्ध तत्वों में खलबली मची है। पैदल गश्त में प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार राठौर, कस्बा चौकी प्रभारी राजबहादुर सिंह, निरीक्षक अंकित सिंह, ओमहरी, राजकुमार, दीवान नवीन कुमार, कांस्टेबल अनुराग, रवींद्र, नवीन, महिला कांस्टेबल मोनिका सिंह, पूजा सिंह और अनीता समेत कोतवाली के अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## प्रदेश स्तर की जारी रैंकिंग में माह अप्रैल 2025 में आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में जनपद को प्रदेश में मिला तृतीय स्थान

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में जनपद को प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश स्तर से माह अप्रैल 2025 की जारी रैंकिंग में जनपद को प्रदेश में तीसरा स्थान मिला है। जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा की जा रही है। शिकायतों के निस्तारण में जनपद को तृतीय स्थान आने पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों, कर्मचारियों व आइजीआरएस टीम को बधाई दी है साथ ही अगले माह विशेष प्रयास कर प्रथम रैंक लाने के निर्देश दिए हैं। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/नोडल अधिकारी आइजीआरएस अर्पित गुप्ता द्वारा भी नियमित रूप से आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की मॉनिटरिंग की जाती है और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण हेतु निर्देशित किया जाता है। एडीएम द्वारा प्रतिदिन लंबित शिकायतों को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को भेज कर निस्तारण कराया जाता है। आइजीआरएस पोर्टल के तकनीकी अधिकारी ई डिस्टिक मैनेजर अमित विश्वकर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में शिकायतों के निस्तारण में जनपद को माह अप्रैल 2025 में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि माह अप्रैल 2025 में आइजीआरएस पोर्टल पर कुल 4301 शिकायतें प्राप्त हुई थी जिनका समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया साथ ही शिकायतकर्ताओं द्वारा संतुष्ट फीडबैक दिया गया जिसका कारण रहा की जनपद अमेठी को प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। बताते चलें कि जन शिकायतों के निस्तारण को लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा भी जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है तथा उनके द्वारा लगातार इसकी समीक्षा भी की जाती है, जिसको लेकर जनपद स्तर पर जिलाधिकारी के निर्देशन में शिकायतों के निस्तारण को लेकर व्यापक व्यवस्था की गई है।

## अलीगढ़ में तीन साल की मासूम बच्ची के साथ स्कूल में दुष्कर्म का आरोप, स्कूल सील

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** सासनी गेट थाना क्षेत्र में एक तीन साल की मासूम बच्ची के साथ निजी स्कूल में दुष्कर्म की घिनौनी वारदात सामने आई है। जानकारी मिलने पर पुलिस ने स्कूल पहुंचकर सीसीटीवी खंगालने शुरू किये। जानकारी अनुसार मामला अलीगढ़ के सासनी गेट थाना क्षेत्र के आगरा रोड स्थित गगन पब्लिक स्कूल के प्ले ग्रुप में पढ़ने वाली तीन साल की छात्रा का हैं। मंगलवार को जब बच्ची की मां उसे लेने के लिए स्कूल पहुंची तो बच्ची चल भी नहीं पा रही थी। बच्ची पेट में दर्द की शिकायत कर रही थी बच्ची की मां उसे गोद में लेकर घर पहुंची। जब बच्ची की मां उसके कपड़े बदल रही थी उसे खून में लथपथ देख हैरान रह गई। मासूम के प्राइवेट पार्ट से खून रिस रहा था, जिसे देख मां के होश उड़ गए। बता दें कि गगन पब्लिक स्कूल का विवादों से पुराना नाता है। वही इस घटना के बाद स्कूल सील कर दिया गया। आनन फानन में बच्ची के परिजन उसे लेकर स्कूल पहुचे तो उन्हें इस बारे में स्कूल प्रशासन से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। जिसके बाद बच्ची के माता पिता ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से बच्ची को दीनदयाल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। मां ने इस घटना की जानकारी पुलिस में दी। जानकारी मिलते ही पुलिस ने बीएनएस की धारा 65 (2) और पोक्सो एक्ट में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सीओ साक्ष्य जुटाने के लिए स्कूल पहुंचे और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरु की। बच्ची की मां का आरोप है कि घटना पर स्कूल प्रशासन लीपापोती कर रहा है कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे रहा है। जब उसने बच्ची के अंडर गार्मेंट्स मांगे तो उन्होंने कहा कि वो सुरक्षित रखे हैं कल आकर ले जाना।




## आकस्मिक परिस्थितियों को लेकर मॉकड्रिल का आयोजन

- प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य और राहत टीमों ने दिखाई तत्परता, नागरिकों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने की प्रशासनिक तैयारियों को परखने और आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय इंटर कॉलेज में एक विशाल मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। गृह मंत्रालय के निर्देश पर आयोजित इस अभ्यास में जनपद के सभी प्रमुख विभागों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

ड्रिल की शुरुआत पुलिस लाइन, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, उर्वशी सिंथेटिक लिमिटेड, अंकित कोल्ड स्टोरेज और पूंडरी कोल्ड स्टोरेज में अलर्ट सायरन बजाकर की गई। सायरन की आवाज सुनते ही लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर भेजा गया। इस दौरान अधिकारियों ने नागरिकों को बताया कि आकस्मिक परिस्थितियों में किस प्रकार संयम और सावधानी बरतनी चाहिए। मौके पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, अपर जिलाधिकारी संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, सीओ अर्चना सिंह, सीएमओ डॉ. नरेंद्र देव शर्मा सहित पुलिस, फायर ब्रिगेड व स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने अपनी उपस्थिति और तत्परता दर्ज कराई। इसके पश्चात राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मॉक ड्रिल की उपयोगिता और कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई। फायर फाइटिंग टीम ने आग लगने की स्थिति में राहत और बचाव का अभ्यास भी किया, जिसमें एनएसएस, एनसीसी और रिटायर्ड आर्मी एसोसिएशन के सदस्य भी शामिल रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि सिविल डिफेंस कानून को भारत की संसद ने पारित किया था। इसे 1968 में नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1968 के रूप में जाना जाता है। यह अधिनियम मई 1968 में संसद द्वारा पारित किया गया था और 10 जुलाई 1968 से पूरे भारत में लागू किया गया था। यह अधिनियम नागरिक सुरक्षा के लिए प्रावधान करता है, यह नागरिक सुरक्षा के लिए एक संगठित बल स्थापित करता है।

## भारत की आत्मरक्षा नीति का नया युग : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अंबर फाउंडेशन का अभिनंदन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** आज जब भारतीय सेना ने आतंक के अड्डों पर निर्णायक प्रहार कर यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब सहने वाला राष्ट्र नहीं, बल्कि घुसकर जवाब देने वाला राष्ट्र है, तब यह हर भारतवासी के लिए गौरव का क्षण है। यह कार्यवाही केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि भारत की नई रक्षा नीति की घोषणा है–जिसमें साहस, संकल्प और रणनीति का अद्भुत संगम देखने को मिला। अंबर फाउंडेशन की ओर से संस्था के चेयरमैन वफ़ा अब्बास ने इस ऐतिहासिक निर्णय पर भारत सरकार और विशेष रूप से माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

वफ़ा अब्बास ने अपने संदेश में कहा जिसके नेतृत्व में भारत डरता नहीं, बल्कि दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देता है ङ्क वो हैं हमारे क्षेत्र के गौरव, राष्ट्र के अभिमान, माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी! यह केवल एक सैन्य कदम नहीं, बल्कि भारत की आत्मरक्षा की उस नीति का प्रतीक है जिसमें अब घुसकर जवाब देना हमारी नई पहचान है। वो आगे कहते हैं यह लखनऊ की उस तहज़ीब का भी परिचायक है, जो लड़ाई में भी अदब नहीं भूलती। लखनऊ को गर्व है कि उसका प्रतिनिधि आज भारत की सुरक्षा रणनीति को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। माननीय श्री राजनाथ सिंह जी न केवल एक कुशल प्रशासक हैं, बल्कि वे आधुनिक भारत के रणनीतिक शिल्पी भी हैं। अंबर फाउंडेशन भारत की सेना को नमन करता और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए समर्पित हर वीर योद्धा को सम्मानित करता है।

## स्पेलिंग प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्र अव्वल

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के पाँच मेधावी छात्रों ने अन्तर-विद्यालयी स्पेलिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। 'विज इण्टरनेशनल स्पेल बी प्रतियोगिता' के राज्य स्तरीय ग्रैण्ड फिनाले में सी.एम.एस. अलीगंज द्वितीय कैम्पस के कक्षा-1 के छात्र विहान श्रीवास्तव ने 25वीं रैंक, रेजल खान ने 28वीं रैंक, उदिता ने 29वीं रैंक, आद्धविका ने 30वीं रैंक एवं प्रिशा वाजपेयी ने 32वीं रैंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के चुने हुए छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इन मेधावी छात्रों ने अपने अंग्रेजी ज्ञान का लोहा मनवाया है। प्रतियोगिता के अन्तर्गत प्रतिभागी छात्रों को उनके अंग्रेजी ज्ञान, स्पेलिंग, ग्रामर, पजल्स, फोनेटिक्स सिम्बल, बोलने की क्षमता, राइमिंग वर्डस, जंबल लेटर्स आदि विभिन्न मानकों पर आंका गया।

## राजुल नर्सिंग होम में पेसेंट से बिल का पैसा मांगने पर हंगामा, डॉक्टर ने कराया मुकदमा दर्ज

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** सासनी गेट थाना क्षेत्र अंतर्गत राजुल नर्सिंग होम में डिलीवरी होने के बाद दवा व कमरे का बिल मांगने पर महिला के परिजनों ने जमकर हंगामा काटा व स्टाफ के साथ मारपीट की। प्राप्त जानकारी अनुसार नर्सिंग होम के स्टाफ द्वारा जब दवाई का बिल मांगा गया तो बिल का भुगतान न करने की नियत से परिजनों द्वारा नर्सिंग में हंगामा कर मारपीट की गई। राजुल नर्सिंग की डॉक्टर अंजुला भार्गव ने बताया कि महिला पेसेंट के पति कृष्ण भारद्वाज निवासी शिव कॉलोनी दिवाई जनपद बुलंदशहर व उनके साथियों द्वारा बिल का भुगतान न करने की नियत से झूठा आरोप लगाना शुरु कर दिया। इस हंगामे को लेकर पुलिस भी आई और पुलिस ने मामला शांत कराया। इसी दौरान कृष्ण भारद्वाज उसके परिजन और अज्ञात लोगों द्वारा महिला पेसेन्ट को जबरन अस्पताल से ले गए। अंजुला भार्गव ने यह भी बताया कि हमारे नर्सिंग होम में कभी भी किसी मरीज से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाता। डॉक्टर द्वारा अस्पताल में हंगामा करने वालो के विरोध थाने में लिखित तहरीर देते हुए कृष्ण भारद्वाज शिव कॉलोनी दिवाई उसके परिजन और परिचित अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का अनुरोध किया। इस पर थाना सासनी गेट एसएचओ द्वारा नाम दर्ज आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही हैं।

## ऑपरेशन जागृति-4.0 अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं / बालिकाओं की सुरक्षा / सशक्तिकरण / संवाद / परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी। ऑपरेशन जागृति-4 के 6 मुख्य उद्देश्य इस प्रकार है महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन साइबर हिंसा व सुरक्षा नशे के दुष्परिणामों से बचाव पारिवारिक विघटन के मामलों पर चर्चा।

## लकड़ी बीनने गयी किशोरी का दो दिन बीत जाने पर भी नहीं लगा पता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र जलालपुर अंतर्गत एक गांव से घर से लकड़ी बीनने निकली किशोरी अचानक गायब हो गई 2 दिन का समय बीतने के बाद भी किशोरी घर वापस नहीं लौटी इनके बाद परिजनों ने कोतवाली जलालपुर पहुंचकर तहरीर दिया पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी 16 वर्षी पुत्री बीते 5 मई को लकड़ी बीनने के लिए घर से निकली थी तब से वापस नहीं आई। मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी की खोजबीन के लिए टीम गठित कर दी गई है जल्दी उसे ढूंढ लिया जाएगा।

## बस स्टेशन का निर्माण अधूरा

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम की बसों बस स्टेशन का निर्माण पिछले लगभग पांच वर्षों से चल रहा है। अभी तक निर्माण पूरा नहीं हो सका है। समाजसेवी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण एक माह में पूरा कराने की मांग की है। समाजसेवी देवीदयाल वर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि नगर को रोडवेज बस स्टैंड की सौगात लगभग पांच वर्ष पूर्व मिली थी। जब रोडवेज बस स्टैंड के निर्माण की शुरूआत हुई थी। तब कहा गया था कि रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण नौ माह में पूरा हो जाएगा। लेकिन इसके बाद बस स्टैंड का निर्माण इतनी कच्छप गति से हुआ कि अब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। लोगों को उम्मीद थी कि बस स्टैंड का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद उन्हें परेशान नहीं होना पड़ेगा। क्योंकि नगर से होकर दिल्ली, जयपुर, आगरा, इटावा समेत झांसी, कानपुर, राठ, महोबा आदि स्थानों के लिए परिवहन निगम की बसें निकलती हैं।

## आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों को जवाब देना जरूरी



**लखनऊ।** अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा ने पहलगाम में हुये आतंकी हमले के बाद आज भारतीय सेना की पाकिस्तान में हुयी एयर स्ट्राइक का स्वागत करते हुये कहा है कि यह कारवाई आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों को जवाब देने के लिये जरूरी है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने कहा कि आतंक के पनाहगार को जवाब देने के लिये उठाया गया यह कदम और मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा ताकि आतंकवाद को पूरी तरह से नेस्तनाबूत किया जा सके। मालूम हो कि बीते माह पहलगाम में आतंकी हमले में धर्म के आधार पर 26 हिन्दु पर्यटकों को गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। श्री त्रिवेदी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर भरोसा जताते हुये कहा कि अब समय आ गया है कि देश में स्लीपर सेल के रूप में काम कर रहे रोहिंग्या और अवैध बंगलादेशी मुस्लिमों के साथ भारत में चोरी छुपे रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को भी बाहर निकालने का रास्ता दिखायेगें।


## सूचना

मैं इजहार मुहम्मद सिद्दीकी सूचित करता हूं कि मेरे पुत्र मुहम्मद हम्माद सिद्दीकी का स्कूल के अभिलेख में त्रुटिवश मुहम्मद हम्माद पिता का नाम इजहार मु. सिद्दीकी, माता का नाम फहमीदा अंकित हो गया है। जो कि गलत है। अतः सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम मुहम्मद हम्माद सिद्दीकी है, मेरा नाम इज़हार मुहम्मद सिद्दिकी पत्नी का नाम फहमीदा सिद्दीकी है।



## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106-Sig-Tender-05-2025-26 |
| कार्य का नाम | "एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन विथ रोड अंडर ब्रिज (1+1) ऐट एल.सी. गेट्स इन जेड. बी. डी.–ए.वाई.सी. सेक्शन ऑफ लखनऊ डिवीजन ऑफ नॉर्थर्न रेलवे।" |
| अनुमानित लागत | रू 6483320.06 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रू 129700.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 29.05.2025 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू सं0: 106–सिग–टेंडर–05 / 2025–26 दिनांक: 06.05.2025


ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1346/25

अवधनामा

लखनऊ, गुरुवार, 08 मई 2025



# न रहें जिला चिकित्सालय की जांच रिपोर्ट के भरोसे




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला चिकित्सालय में मरीजों की ब्लड जांच के नाम पर उनके स्वास्थ्य के साथ भारी खिलवाड़ हो रहा है। मरीजों को जांच की ऐसी रिपोर्ट दी जा रही है कि स्वास्थ्य लोगों को घातक बीमारी का मरीज बता दिया जा रहा है। इस प्रकार की जांच रिपोर्ट से लोगों के जान का खतरा होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। किन्तु अस्पताल के पैथालाजिस्ट आरडीसी से जारी हो रही जांच रिपोर्ट से बेखबर बने हैं। शायद आप विश्वास न करें किन्तु हमारे पास जिला चिकित्सालय से जारी एक ब्लड जांच रिपोर्ट है । जो यह बता रही है कि जिस व्यक्ति को उसका हीमोग्लोबिन जांच रिपोर्ट दी गई उसमें जांच कराने वाले देव मणि शुक्ल का हीमोग्लोबिन 25.9 है। यह जानकर उसे बड़ा ताज्जुब हुआ। अधिकांश एक स्वस्थ व्यक्ति का हीमोग्लोबिन 13 से 17 प्वाइंट तक होता है। इतना रक्त तो एक बीमारी से ग्रसित मरीज को ही हो सकता है। देव मणि शुक्ल किसी भी प्रकार की बुखारी से ग्रसित नहीं हैं। उन्हे अमरनाथ तीर्थ स्थल जाना है। जिसके लिए उसने 29 अप्रैल को जिला चिकित्सालय की आरडीसी में ब्लड जांच कराई थी। जांच रिपोर्ट गलत मिलने पर उसने दोबारा प्राइवेट पैथालाजिस्ट में जांच कराई। जहाँ उसका ब्लड लेबल 12 प्वाइंट बताया गया।बताते चलें कि अमरनाथ की यात्रा के लिए जिला चिकित्सालय से मिली जांच रिपोर्ट ही मान्य होती है। यहाँ जिला चिकित्सालय से मिली ब्लड जांच रिपोर्ट उसे एक भयानक बीमारी का मरीज बता रही है। ऐसे में देव मणि शुक्ल अमरनाथ यात्रा के लिए अपात्र साबित हो गए। दूसरी ओर उनको भयंकर बीमारी होने की चिंता हो गई है। बड़ा सवाल यह है कि आरडीसी से हर जांच रिपोर्ट को जारी किए जाने से पहले पैथालाजिस्ट रिपोर्ट को देखकर उसे पास करता है? फिर जांच रिपोर्ट बिना पैथालाजिस्ट के द्वारा पास किए कैसे मरीज को जारी कर दी गई।

# एयरपोर्ट परिसर में जलनिकासी व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**अयोध्या।** महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या पूर्व में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के परिसर में जलनिकासी की व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एयरपोर्ट की जलनिकासी परियोजना के अंतर्गत आरसीसी ड्रेन निर्माण कार्य की प्रगति पर चर्चा हुई और जिलाधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान किमी 16.700 एवं किमी 13.750 आरईडी रोड क्रॉसिंग पर स्थित आरसीसी ड्रेन का मुआयना किया गया। बताया गया कि निर्माण कार्य के दौरान सड़क को काटकर बनाई गई ड्रेन को मिट्टी से भरकर अस्थायी डायवर्सन के रूप में उपयोग में लाया जा रहा है ताकि आवागमन में बाधा न हो।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जब तक एयरपोर्ट के दाएं और बाएं दोनों ओर की बाउंड्रीवॉल का निर्माण पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक अस्थायी डायवर्सन में जलनिकासी के लिए आरसीसी ह्यूम पाइप का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि 30 मई तक वर्षा ऋतु शुरू होने से पूर्व इस कार्य को पूर्ण कर लिया जाए।ड्रेन और पाइप सिस्टम का उद्देश्य एयरपोर्ट परिसर की समुचित जलनिकासी सुनिश्चित करना है ताकि वर्षा के दौरान किसी भी प्रकार की जलजमाव की समस्या उत्पन्न न हो।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर राम प्रकाश त्रिपाठी, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# भाकियू नेताओं ने तीनों टोल बंद करने को लेकर जिलाधिकारी से की वार्ता, किसान महापंचायत स्थगित

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** जनपद अयोध्या में संचालित भरत कुंड, रौनाही और मीठेगांव टोल प्लाजा को बंद करने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन भाकियू का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे से मिला और विस्तृत वार्ता की। भाकियू नेताओं ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के लोकसभा में दिए गए बयान का हवाला देते हुए तीनों टोल को अवैध करार देते हुए तत्काल बंद करने की मांग की।भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि श्री गडकरी ने संसद में कहा था कि 60 किलोमीटर की दूरी पर टोल प्लाजा स्थापित होंगे और 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले नागरिकों को टोल से मुक्त किया जाएगा। इसी आधार पर अयोध्या के ये तीनों टोल नियमों के विरुद्ध संचालित हो रहे हैं और इन्हें बंद किया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि अयोध्या-प्रयागराज व अयोध्या-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग की माप फैजाबाद से होती है और ये टोल प्लाजा 60 किलोमीटर की दूरी से कम पर स्थित हैं। इसके अलावा, रौनाही टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर दायरे में रहने वाले नागरिकों को भी टोल से मुक्त किया जाना चाहिए।इस मुद्दे को लेकर 10 मई को भरत कुंड टोल पर किसान महापंचायत आयोजित की जानी थी, लेकिन जिलाधिकारी के आश्वासन के बाद इसे स्थगित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने भाकियू नेताओं को आश्वस्त किया कि मामले का विधिवत अध्ययन कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में 13 मई को दोपहर 12 बजे ह्यढ्ढ अधिकारियों के साथ बैठक बुलाई गई है।भाकियू नेताओं ने जिलाधिकारी से किसान दिवस में भाग लेने का अनुरोध किया, जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए अपनी उपस्थिति का आश्वासन दिया।

वार्ता में राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा, जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य, युवा जिला अध्यक्ष विकास वर्मा सहित संतोष वर्मा, वेद प्रकाश पांडे, मंसाराम वर्मा, तेज बहादुर यादव, रविंद्र मौर्य, सती प्रसाद वर्मा, विवेक पटेल समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# देश वाली मातृ-मृत्यु में से 8 प्रतिशत असुरक्षित गर्भपात के कारण होतीः सीएमओ




*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थित सभागार मे बुधवार को प्रसार संस्था एवं सॉझा प्रयास के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे जिसमे गैर सरकारी संगठनों के लोगो को सुरक्षित गर्भ समापन एवं गर्भ निरोधक सेवाओं को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अवधेश कुमार ने कहा कि भारत में प्रतिदिन 13 महिलाओं की असुरक्षित गर्भपात से संबंधित कारणों से मृत्यु हो जाती है और सैंकड़ों महिलाएं गंभीर जटिलताओं का सामना करती है। यानि देश में होने वाली मातृ-मृत्यु में से 8 प्रतिशत असुरक्षित गर्भपात के कारण होती है। यदि किसी महिला को माहवारी के दिन चढ़ गये हो या उसे अनचाहे गर्भ के ठहरने की आशंका हो तो उसे बिना किसी देरी के नजदीकी आशा या एएनएम से संपर्क करना चाहिए या डॉक्टर को दिखाना चाहिए। अगर गर्भधारण की पुष्टि हो जाती है और महिला गर्भ नहीं रखना चाहती है, तो उसे गर्भपात का निर्णण जल्दी से लेना चाहिए। यदि लिंग जॉच महिला के निर्णय का आधार न हो और यदि गर्भ 20-24 तक का हो तो संषोधित एमटीपी एक्ट 2021 के तहत गर्भपात कराया जा सकता है। अगर गर्भ 9 सप्ताह तक का हो तो गोलियों द्वारा गर्भपात भी किया जा सकता है। गर्भपात जितना जल्दी कराया जाये उतना ही सरल और सुरक्षित होता है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजीव सिंह ने कहा कि एक महिला के लिए गर्भपात एक मुश्किल निर्णय हो सकता है और वह प्रक्रिया के दौरान कई की भावनाओं का अनुभव करती है। उसके पति एवं परिवार को महिला के निर्णय में सहयोग देना चाहिए और उसकी सुरक्षित और कानूनन सेवाएं लेने में मदद करनी चाहिए। सही जानकारी और आपसी सहयोग से हम देश में हो रही असुरक्षित गर्भपात संबंधित जटिलताओं की संख्या कम कर सकते हैं।

# ऑपरेशन अभ्यास के अंतर्गत आगरा में मॉकड्रिल व राहत, बचाव कार्यों का पूर्वाभ्यास हुआ संपन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** देशभर में आपात स्थितियों से निपटने की तैयारी के तहत बुधवार को उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मॉकड्रिल (आपदा अभ्यास) का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में आगरा के कमलानगर स्थित गणेश राम नागर कन्या इंटर कॉलेज में एक विशेष मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम आगरा अरविंद मल्लप्पा बंगारी, प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, सिविल डिफेंस और फायर ब्रिगेड के अधिकारी मौजूद रहे। वास्तविक आपातकाल की स्थितियों में प्रशासन की तत्परता और जनता की जागरूकता का परीक्षण किया जा सके। जानकारी अनुसार हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले और भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के मद्देनज़र इस अभ्यास का आयोजन किया गया। युद्ध जैसी स्थिति में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने, प्राथमिक उपचार देने और राहत कार्यों की समीक्षा इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य रहा।

आगरा के नागरिकों को इस मॉकड्रिल के माध्यम से आपदा की स्थिति में व्यवहार और प्राथमिक कदमों की जानकारी दी गई। विभिन्न एजेंसियों की समन्वय क्षमता की भी जांच की गई। इस अभ्यास में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सिविल डिफेंस और फायर बिग्रेड के अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी की। इस तरह की मॉकड्रिल न केवल प्रशासन की तैयारियों को परखती है, बल्कि आम नागरिकों को भी आपदा की स्थिति में सही कदम उठाने के लिए तैयार करती है।

# बाइक के टक्कर एक गंभीर

**महराजगंज।** चिउटाहा ग्राम के निवासी रामआश्रय रामकोला में नेवता देने जा रहे थे कि तभी सबया ढाला पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनके दाहिने पैर में फ्रैक्चर हो गया और सिर में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तुरंत सिसवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## आगरा का आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित, 8 मई से 19 मई तक 12 दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण किया जाएगा प्रदान




**आगरा।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है। आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद आगरा के 100 स्वयंसेवक, जिसमे होम गार्ड्स, नेहरू युवा केंद्र वालंटियर्स, सिविल डिफेन्स वालंटियर्स, ह्यष्ट्ठ, भारत स्काउट एंड गाइड वालंटियर्स शामिल हैं, को राज्य आपदा मोचन बल उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा दिनांक 08 मई 2025 से 19 मई 2025 तक 12 दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आगरा द्वारा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार विभिन वालंटियर संगठनो से आपदा मित्रो का चयन कराया गया हैं। चयनित आपदा मित्रो का मनोबल बढ़ाने एवं लखनऊ बस के माध्यम से भेजने हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शुभांगी शुक्ला की उपस्थिति में भेजा गया। जिससे वालंटियर्स आपदा प्रबंधन में अपना मुख्य योगदान देंगे। यह सभी वालंटियर्स ट्रेनिंग के बाद जनपद में होने वाली किसी भी प्रकार की आपदा जैसे अग्निकांड, बाढ़, भूकंप, डूबना, औद्योगिक दुर्घटना, सड़क दुर्घटना जैसी अन्य सभी प्रकार की आपदाओं से बचाव के संबंध में पूर्ण जानकारी देकर तथा आपदाओं के दौरान आपदा से पीड़ित व्यक्तियों को राहत एवं बचाव के द्वारा सहायता देकर अपना योगदान देते रहेंगे तथा भविष्य में होने वाली आपदाओं को कम कर सकेंगे। आगरा के वालंटियर्स को राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ में आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु रवाना किया गया।

# अचानक दुल्हन शादी के मंडप से प्रेमी संघ हुई लापता, गाँव के बाहर पेड़ से लटकता मिला शव

## मौके पर पहुँचे आलाधिकारी व फारसेंसिक टीम, जाँच शुरू



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** शादी के मंडप से प्रेमी के साथ लापता हुई युवती व उसके प्रेमी का शव गाँव के बाहर स्थित एक आम की बाग़ मे शादी की ढेरुवा साड़ी से लटकता मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा फारसेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किया है घटनास्थल से मृतक युवक की बाईक व सुसाइड नोट बरामद हुआ है। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर मजरे भरथीपुर मे बुधवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब गांव से करीब 5 सौ मीटर की दूरी पर स्थित मायाराम चौहान की आम की बाग़ मे एक ही साड़ी के फंदे से एक युवती व युवक का शव लटकता मिला जंगल मे लगी आग की तरह फैली खबर देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ लग गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रेमी युगल के शव को उतरवा कर कब्जे मे ले लिया। प्रेमी युगल की शिनाख्त 22 वर्षीय शिल्पा यादव पुत्री राज बहादुर यादव व 28 वर्षीय भानू प्रताप सिंह पुत्र पारसनाथ सिंह निवासी लालपुर मजरे भरथीपुर के रूप मे हुई।

### शादी के मंडप से प्रेमी के संघ फरार हुई थी युवती

5 मई को शिल्पा यादव की शादी थी सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम प्यारेपुर सरैया निवासी राकेश यादव का पुत्र सुनील कुमार बैंड बाजे के साथ बारात लेकर आया था घरातियों ने जोरदार स्वागत सत्कार किया और द्वारपूजा के दौरान अचानक दुल्हन बनी शिल्पा अपने प्रेमी भानुप्रताप सिंह के साथ फरार हो गयी शिल्पा के गायब होने का पता चलते ही वधू पक्ष मे हड़कंप मच गया लेकिन बात बनाने के लिए शिल्पा के पिता ने अपने छोटे भाई धर्मराज की पुत्री के साथ विवाह की रस्म अदा कर विदाई की थी।

### घटनास्थल से मिला सुसाइड नोट

प्रेमी युगल के पास से मिले सुसाइड नोट मे युवती शिल्पा की तरफ लिखा हुआ है कि हम दोनो की मौत मे दोनो परिवारों की कोई गलती नही है हम दोनो लोग एक साथ जी नही सकते है तो एक साथ मर सकते है। घटनास्थल से मृतक भानुप्रताप सिंह की बाइक भी बरामद हुई है।

### फारसेंसिक टीम के साथ सीओ ने घटनास्थल पहुँचे

बुधवार की सुबह मिली दिल दहला देने वाली सूचना पर थाना मसौली, रामनगर, बदोसराय की पुलिस के साथ पहुंची क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंथ ने फ़ारसेंसिक टीम से साक्ष्य एकत्रित किया तथा मृतक प्रेमी युगल के परिजनों से पूछताछ की।

# समय सीमा पूरा, ओवर टैंक अधूरा

## अधूरा पड़ा ओवरहेड टैंक का निर्माण, शुद्ध पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण



**मिठौरा (महराजगंज)।** मिठौरा क्षेत्र के लेदवां गांव के लोगों का शुद्ध पानी का सपना कार्यदायी संस्था की सुस्ती के चलते अधूरा रह गया है। समय पूरा होने के बाद भी अभी तक ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। क्षेत्र के दर्जनों गांवों में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत बन रही पानी की टंकियों का निर्माण कार्य समय सीमा बीतने के बाद भी अधूरा है। लेदवां में 2021 में156.92 लाख की लागत से एम एस जेएमसी एलसीईएसपीएल जेवी की ओर से 200 केएल का टैंक जून 2022तक तैयार करना था, लेकिन अभी तक टंकी का पीलर तक नहीं खड़ा हो पाया है। ठीक इसी रामपुरमीर में कार्यदायी संस्था जेएमसीएलसीईएसईएल की ओर से 18 माह में काम पूर्ण करना था, लेकिन अभी तक सोलर पैनल ही लगवाया गया है। कोई कार्य नहीं शुरु हुआ। कार्य की प्रगति को देखते हुए लग रहा है कि अभी काम पूरा होने में दो वर्ष लग जाएंगे। भीषण गर्मी और बरसात में शुद्ध पानी के लिए लोग तरस रहे हैं। दर्जनों गांव इस समस्या से जूझ रहे हैं। चार वर्ष पूर्व जब इस गांव में पानी की टंकी का निर्माण शुरू हुआ तो लगा कि अब ग्रामीणों की शुद्ध पेयजल की समस्या दूर हो जाएगी, लेकिन निर्माण कार्य समयावधि बीतने के बाद भी पूर्ण नहीं हो सका।

# भारतीय आर्मी ने आतंकी सगठन के 9 बड़े आड़े ध्वस्त किएः राकेश कर्रा



**बाराबंकी।** भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाकिस्तान के अंदर छिपे 9 बड़े आतंकी संगठनों के अड्डों को सफलतापूर्वक ध्वस्त किए जाने की खबर से पूरे देश में गर्व और उत्साह की लहर दौड़ गई है। इस ऐतिहासिक अभियान के लिए बाराबंकी जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने भारतीय सेना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार प्रकट किया।राकेश कर्रा ने कहा, ÷भारतीय सेना ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि देश की सुरक्षा और अखंडता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने जो संकल्प लिया था, उसे सेना ने धरातल पर उतार कर दिखाया है। हम सभी देशवासी सेना के इस पराक्रम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत निर्णय के लिए उनके कृतज्ञ हैं।

# अपराधियों की कमर तोड़ने वाली टीम को एसपी ने किया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद में अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियानों के तहत सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराध नियंत्रण को लेकर गठित टीमों द्वारा पूरी निष्ठा, परिश्रम और रणनीति के साथ कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना ठूठीबारी के थानाध्यक्ष महेन्द्र मिश्रा व उनकी टीम द्वारा की गई उल्लेखनीय कार्रवाई के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। टीम ने वर्ष 2018 से वांछित चल रहे 25,000 रुपये के इनामी गैंगस्टर अपराधी कन्हैया उर्फ चार्ली पुत्र घनश्याम, निवासी वार्ड संख्या-2, परासी, थाना नवलपरासी (नेपाल) को 30 अप्रैल को गिरफ्तार किया। यह अपराधी लंबे समय से पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। गिरफ्तारी को अपराधियों की कमर तोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। इस उपलब्धि के लिए थानाध्यक्ष महेन्द्र मिश्रा के साथ-साथ उपनिरीक्षक दिव्य प्रकाश मौर्य, उपनिरीक्षक अनुराग प्रकाश पाण्डेय, कांस्टेबल अनूप यादव, अंशुम यादव, पवन यादव और अवधेश यादव को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# गैरहाजिर मिली परसिया खुर्द की सीएचओ, स्पष्टीकरण तलब

## एसीएमओ डॉ.राकेश कुमार, डिप्टीं सीएमओ डॉ केपी सिंह व डिप्टी सीएमओ डॉ.अखिलेश यादव ने संयुक्त रूप से किया तीन सेंटर का निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ.केपी सिंह तथा डिप्टी सीएमओ डॉ अखिलेश यादव ने बुधवार को तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जिन तीन सेंटर का निरीक्षण किया उनमें फरेन्दा के दो तथा सदर ब्लॉक के एक सेंटर का नाम शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण के दौरान फरेन्दा क्षेत्र का आयुष्मान आरोग्य मंदिर चौतरवा बदहाल मिला। सेंटर पर चारों तरफ गंदगी का अंबार देखने को मिला। सेंटर की स्थिति देखने से स्पष्ट हो रहा था कि यहाँ कोई रात्रि निवास नहीं करता है। इस सेंटर पर दो महीने में सिर्फ एक प्रसव हो सका है। जबकि इस सेंटर को डिलेवरी प्वाइंट बनाया गया है। एसीएमओ डॉ राकेश कुमार ने यहां की व्यवस्था सुधारने के लिए फरेन्दा के अधीक्षक को निर्देशित किया। अधिकारियों ने जब इस चौतरवा सेंटर का 2.20 बजे निरीक्षण किया तो सेंटर पर एएनएम संजना राय और एएनएम संगीता मौजूद मिली। उक्त समय तक इस केन्द्र पर पांच बच्चों और तीन गर्भवती को टीका लगा था। अंत में तीनों अधिकारियों ने 2.50 बजे जब फरेन्दा ब्लॉक के परसिया खुर्द आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया तो वहां की एएनएम नीतू सेंटर पर मौजूद मिली जबकि सीएचओ पूजा पांडेय गैरहाजिर मिली। गैरहाजिर सीएचओ पूजा पांडेय से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। सबसे पहले तीनों अधिकारियों ने सदर ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर पिपरा रसूलपुर का निरीक्षण किया तो यहां पर छाया ग्राम स्वास्थ्य,स्वच्छता एवं पोषण दिवस का आयोजन किया गया था। यहां टीकाकरण कार्य चल रहा था।

# पेंशनर के मृत्यु की सूचना दी जाए

**महराजगंज।** वरिष्ठ कोषाधिकारी राजकुमार गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले ÷ऐसे पेंशन प्रकरण जिसमें जीवन प्रमाण पत्र के अभाव में पेंशन बाधित है, के पारिवारिक पेंशन जीवनकालीन अवशेष हेतु पात्र परिजनों का यह दायित्व होगा कि पेंशनर, पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु की सूचना तत्काल सम्बन्धित कोषागार को दी जाये तथा यदि ससमय सूचना कोषागार को प्राप्त न होने पर पेंशन/पारिवारिक पेंशन का अधिक भुगतान हो जाता है तो बैंक खाते से ऐसी धनराशि का आहरण न किया जाये। उन्होंने बताया कि अधिक भुगतान की धनराशि की वसूली के सम्बन्ध में कोषागार महराजगंज को यह अधिकार होगा कि जिलाधिकारी के माध्यम से उक्त धनराशि राजस्व बकाये की भाँति वसूली कर ली जाए।

# एनसीसी कैंडेटो को दी गई शारीरिक प्रशिक्षण एवं ड्रिल की ट्रेनिंग



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** परमहंस पाल पीजी कॉलेज गुरली में चल रहे एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के सातवे दिन प्रातः काल में कैडेटों को शारीरिक प्रशिक्षण और ड्रिल की ट्रेनिंग दिया गया । तत्पाश्चात् बच्चों को मैप और कंपास के सहयोग से नेविगेशन मार्च के संदर्भ में बताया गया।उसके उपरांत सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 1.30 बजे तक गोरखपुर एनसीसी ग्रुप के कमांडर ब्रिगेडियर परिमल भारती का कैम्प दौरा चला । जिसमे ब्रिगेडियर भारती ने कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मानसिंह और डेप्युटी कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा के साथ कैम्प एरिया का विजिट, क्वार्टर गार्ड ड्रिल, फ्लैग एरिया ब्रीफिंग, लाइन एरिया लेआउट का इंस्पेक्शन, फायरिंग टीम की चयन प्रक्रिया का निरीक्षण किया । अंत में कैडेट्स को संबोधित किया। और आखिर में कैडेट्स के साथ कैम्प का भोजन ग्रहण करने के उपरांत ब्रिगेडियर की टीम वापस गोरखपुर के लिए रवाना हो गयी।

## वक्फ बोर्ड संशोधन कानून अल्पसंख्यकों महिलाओं के हित में है : विधायक



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को आयशा गर्ल्स कालेज नरकटहा बांसी में अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद का आयोजन कर लोगों को वक्फ बोर्ड संशोधन कानून के लाभ को बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जय प्रताप सिंह ने कहा कि यह कानून अल्पसंख्यकों, महिलाओं के हित में है। इस कानून के माध्यम से वक्फ बोर्ड में जो खामियां है उसे दूर कर सबके हितकर बनाया गया है। इस नए कानून से गरीब अल्पसंख्यक, महिलाओं सहित सभी का लाभ है। अब इससे होने वाली आय को गरीब अल्पसंख्यकों, महिलाओं के हित में अस्पताल और शिक्षा में खर्च किया जाएगा। साथ ही इस बोर्ड में महिलाओं को भी स्थान दिया जाएगा। जय प्रताप सिंह ने कहा कि यह नया संशोधित कानून पूरी तरह न्यायसंगत है। इसमें किसी तरह की कोई कमी नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सभी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्ग के साथ साथ अल्पसंख्यकों को दिया जा रहा है। कार्यक्रम को सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो के पी त्रिपाठी, भाजपा नगर अध्यक्ष कुबेर बारी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संस्थापक अब्दुल मोहिद खान ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मौलाना नसीर, मौलाना रशीद, शेर अली, मुस्ताक अहमद खान, मो जुहेर लल्लन, अब्दुर्रहीम, गुड्डू खान, महमूद खान, आसिफ खान, सैयद इम्तियाज अली मीर, अब्दुल कुदूस, राम शरण मौर्या,शम्भु वर्मा, प्रमोद कुमार हिन्दू आदि मौजूद रहे।

# कुशीनगर में मॉक ड्रिल अभ्यास कर घायलों की बचाई गई जान

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** पडरौना स्थित छावनी वर्कशॉप के प्रांगण में बुधवार को जिला प्रशासन, नागरिक सुरक्षा विभाग, आपदा पुलिस, चिकित्सा, अग्निशमन विभाग के निर्देशन में मूक अभ्यास के अंतर्गत एक हवाई हमले और आगजनी, मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग में घायलों के फंसे होने का सीन दृश्य उत्पन्न किया गया।

मॉक ड्रिल के अंतर्गत दुश्मन देश द्वारा जनपद में हवाई हमला किया गया जिसमें कई लोग घायल हो गए और वहां अग्निकांड की घटना घटित भी हो गई। बिल्डिंग धसने से कई लोग उसमें फंस गए। ऐसी स्थिति में हमले और आगजनी से कई लोग घायल हो गए। मॉक ड्रिल अभ्यास के अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा नगर के प्रमुख स्थानों पर मॉक सायरन सिस्टम का सायरन बजाकर नागरिकों को अलर्ट किया गया। जिला मुख्यालय पर बने कंट्रोल रूम में तत्काल वायरलेस रेडियो फ्रीक्वेंसी के माध्यम से घायलों की सूचना चिकित्सा विभाग, अग्निशमन विभाग एवं अन्य आवश्यक विभागों को त्वरित सहायता हेतु प्रेषित की गई । कुछ समय पश्चात एम्बुलेंस और अग्निशमन की गाड़ियां आई। उनके द्वारा तत्काल राहत एवं बचाव कार्य किया गया है। अग्निशमन के कर्मचारियों ने आकर आगजनी को बुझाया और घायलों को बाहर निकाला तत्पश्चात एंबुलेंस की सहायता से चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टाफ की सहायता से घायलों का समुचित इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां पर सभी घायलों का प्राचार्य मेडिकल कॉलेज एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की चिकित्सीय टीम द्वारा समुचित उपचार प्रदान किया गया। जिला चिकित्सालय में एनसीसी के बच्चों ने अपनी सहयोगात्मक भूमिका निभाई, घायलों का उपचार कराने में अपनी सहायक की भूमिका निभाई। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराते हुए उनके जीवन की रक्षा की गई। इस प्रकार जिला प्रशासन, नागरिक सुरक्षा विभाग, आपदा, पुलिस, चिकित्सा, अग्निशमन विभाग तथा अन्य विभागों के निर्देशन में मूक अभ्यास के अंतर्गत समस्त अभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार राय, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी अनिल कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह, सीओ सदर अभिषेक प्रताप, नायब तहसीलदार, आपदा एक्सपर्ट रवि राय एवं अन्य सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट से मोहम्मद माज को मिली जमानत

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** न्याय की राह में जहां अक्सर आम आदमी खुद को असहाय महसूस करता है, वहीं कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो न केवल अपने मुवक्किल के अधिकारों की रक्षा करते हैं, बल्कि समाज में भी न्याय की लौ को प्रज्वलित करते हैं। ऐसा ही एक नाम है अधिवक्ता मोहम्मद नजरूल आब्दीन का, जिन्होंने हाल ही में एक अहम मुकदमे में अपनी कानूनी दक्षता और दमदार पैरवी से लखनऊ निवासी मोहम्मद माज को हाईकोर्ट से जमानत दिलाने में सफलता प्राप्त की। यह मामला अपराध संख्या 481/2024 से संबंधित था, जिसमें मोहम्मद माज आरोपी थे। याचिकाकर्ता की ओर से प्रस्तुत जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकलपीठ ने उनके पक्ष में निर्णय दिया। यह आदेश अधिवक्ता मोहम्मद नजरूल आब्दीन द्वारा की गई गंभीर और प्रभावशाली बहस के फलस्वरूप आया। अधिवक्ता मोहम्मद नजरूल आब्दीन, जो उत्तर प्रदेश की न्यायिक बिरादरी में एक उभरता हुआ तेजस्वी नाम हैं, निरंतर अपनी मेहनत, समर्पण और ईमानदार प्रयासों के माध्यम से न केवल कानूनी सफलता अर्जित कर रहे हैं, बल्कि समाज के वंचित वर्गों के लिए भी एक आशा की किरण बनकर उभरे हैं। उनकी वकालत केवल पेशे तक सीमित नहीं, बल्कि वह न्याय को जन-जन तक पहुंचाने के मिशन के रूप में इसे निभा रहे हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय से विधि की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने बहुत ही कम समय में हाईकोर्ट, सिविल कोर्ट और विभिन्न न्यायिक मंचों पर अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी वकालत में एक खास बात यह है कि वे हर मामले को पूरी संवेदनशीलता, कानूनी सूझबूझ और रणनीतिक दृष्टिकोण से लड़ते हैं।

## शादी समारोह में शामिल होने गये युवक की बाइक हुई गायब

### ढेबरुआ थाना क्षेत्र के औरहवा गांव निवासी एक व्यक्ति मधवानगर गये थे बारात

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बुधवार को ढ़ेबरुआ थाना क्षेत्र के औरहवा गांव निवासी लवकुश कुमार ने ढ़ेबरुआ थाने पर लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि सोमवार की बीती रात अपाने गांव औरहवा से एक शादी समारोह में शामिल होने नजदीकी गांव गजेहड़ी उर्फ मधवानगर में गया था। जहां गाड़ी संख्या यूपी 51 एन 3560 हीरो एच एफ डीलक्स लाल व काली कलर की बाइक खड़ी करके भोजन करने लगा और लौट कर आया देखा तो बाइक उक्त स्थान से गायब थी। जिसकी तत्काल सूचना 112 नंबर डायल कर पुलिस को दिया गया था। लेकिन काफी खोजबीन करने के बाद भी अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। जिसकी लिखित शिकायती पत्र भी ढेबरुआ थाने पर देते हुए मामला दर्ज कर बाइक बरामद करने की मांग की गई है। उक्त संबंध में थाना प्रभारी गौरव कुमार सिंह का कहना है कि शिकायती पत्र मिला है। मामले की जांच पड़ताल कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

## पवित्र स्थल कर्बला की ज़ियारत के लिए हल्लौर से रवाना हुआ दूसरा काफिला

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज के शिया बाहुल्य कस्बा हल्लौर से दूसरा काफिला बुधवार की शाम को कर्बला के ज़ियारत के लिये रवाना हुआ। बताते चले की कर्बला शहर शिया मुसलमानों का पवित्र स्थल है हर शिया मुसलमान की ख्वाहिश होती है कि अपनी जिंदगी में एक बार शियों के पहले इमाम हज़रत अली अस व उनके बेटे हजरत इमाम हसन और इमाम हुसैन अस हज़रत अब्बास अस सहित अन्य रौजे की जियारत करे। जायरीनों का काफिला बुधवार को क्षेत्र के उपनगर हल्लौर से इराक व ईरान स्थित विभिन्न धार्मिक स्थलों की जियारत के लिए जायरीनों का काफिला रवाना हुआ। इस काफिले में मर्द व ख्वातीन जायरीन शामिल है।

रवानगी से पहले उपनगर हल्लौर स्थित इमामबाड़ा वक्फ शाह आलमगीर सानी में मजलिस का आयोजन किया गया। जिसे मौलाना अली अब्बास ज़ैनबी साहब ने इन धार्मिक स्थलों की विशेषता के साथ करबला की घटनाओं पर विस्तार से रोशनी डाली। अंत में कर्बला के शहीदों के मसाएब बयान किया तो हर तरफ रोने की आवाज़ सुनाई दी। सकुशल यात्रा के लिए सभी लोगों ने अल्लाह की बारगाह में दुआएं की। मालूम हो कि जायरीनों का यह काफिला ईरान के मशहद, कुम, निशापुर, इराक के कर्बला व इसके बाद नजफ के मुकामी मुकद्दस जगहों पर जियारत करने के लिए जाएगा। मजलिस पूर्व पेशख्वानी मुकामी शायरों मंज़र मास्टर आदि द्वारा व मर्सियाख्वानी शाहिद आलम व उनके हमनवा ने किया। बताते चले कि काफिले में हल्लौर से ज़ायरीनों में मौलाना अली अब्बास ज़ैनबी, बदरुल हसन लल्लू सर, मज़हर अब्बास मास्टर, शादाब हैदर मुन्नू इंजीनियर व 8 ख्वातीन के अलावा 5 ग्राम टड़वा से, 19 सुल्तानपुर से और 10 लखनऊ से कुल 46 जायरीन हज़रात जा रहे हैं। मजलिस मे शमशाद हल्लौरी, ज़ाकिरे अहलेबैत अज़ीम हैदर, शमशुल बब्बू डायमंड, अली ताहिर राजा, हसन अब्बास, अलमदार हुसैन, शकील गुड्डू, मोजिज़, कुरबान, शमशाद हैदर, कामयाब हैदर, इन्तेजार हुसैन शवाब, काज़िम रज़ा, जमाल बीके, महफूज़, शबीह मास्टर, राहिब रिज़्वी, शराफत, असगर जमील, शमशाद हैदर, नौशा, मोहम्मद, अब्बास सर, मंजू, कदर रिजवी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## नागरिक सुरक्षा को देखते हुए मेडिकल कालेज भी तैयार

### आपातकाल स्थित मे नागरिकों को हर सम्भव सहायता व आवश्यक चिकित्सा प्रदान की जायेगी

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** 7 मई अपराह्न 2 बजे महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य कार्यालय में प्रधानाचार्य डा आभास कुमार सिंह के आदेशानुसार उप प्रधानाचार्य डॉ उमेश वर्मा की अध्यक्षता में मेडिकल कॉलेज में नागरिक सुरक्षा के क्रम में बैठक हुई जिसमें जिला प्रशासन एवम शासन के निर्देशानुसार कई अहम निर्णय लिए गए।

उक्त बैठक में किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतू दवाओं की अतिरिक्त उपलब्धता के साथ साथ वार्ड नम्बर एक में तीस बेड आपातकालीन स्थिति के लिये आरक्षित किए गए। इमरजेंसी विभाग में किसी भी डिजास्टर से निपटने के लिए ट्रायज की व्यस्था की गई । साथ ही समस्त विभागाध्यक्ष एवम नोडल अधिकारियों को इस आशय से निर्देशित किया गया की वे अपने अधिनस्तो के साथ किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहे। उक्त के अतिरिक्त शासन के द्वारा प्रस्तावित सुरक्षा उपायों के पालन हेतु एवम् मॉक ड्रिल व ब्लैक आउट में प्रतिभाग करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा अमित पटेल, चिकित्सा अधीक्षक डा मुकुल सक्सेना, नोडल अधिकारी इमरजेंसी डा राजेश यादव, नोडल अधिकारी फॉर्मेसी डा संजय सिंह, नोडल अधिकारी विद्युत विशेष कुमार, नोडल अधिकारी फायर सर्विस डा अविनाष के साथ साथ मीडिया प्रभारी डा विवेक श्रीवास्तव उपस्थिति रहे।

## एंटी स्क्वॉड टीम ने ली बालिकाओं से जानकारी



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मिशन शक्ति के तहत पुलिस विभाग द्वारा गठित एंटी रोमियो स्काड टीम ने बुधवार को कई जगहों पर स्कूल से लेकर चौक-चौराहा, कोचिंग सेंटर आदि जगह पर पहुंचकर लोगों से सुरक्षा के बारे में पूछताछ किया। एंटी रोमियो स्काड टीम ने बुधवार को बांसी के रतन सेन इंटर कॉलेज एवं कस्तूरबा गांधी बालिका महाविद्यालय पहुंचकर वहा के प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापिका से बालिकाओं की सुरक्षा के संबंध में जानकारी हासिल किया। वहीं क्षेत्र के सोनखर, मिठवल, रतनसेन आदि जगहों पर सड़क के मुख्य मार्ग, चौराहों पर चेकिंग की गई। साथ ही कई स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटरो पर पहुंचकर बालिकाओं से सुरक्षा के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही शहर बाजार आदि जगहों की महिला दुकानदारों से आए दिन चौराहा, बाजारों में अनावश्यक नियमित घूमने वाले मनचलों, शोहदों के बारे में जानकारी प्राप्त किया। चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही। इस दौरान महिला उप निरीक्षक शाइस्ता, प्रभारी एंटी रोमियो टीम सिद्धार्थनगर एवं आरक्षी श्री प्रकाश चौरसिया एंटी रोमियो स्काड सिद्धार्थ मौजूद रहे।

## बड़े हादसे को निमंत्रण दे रहा, सड़क पर फैला जल निगम का पाइप



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील के बांसी-धानी मार्ग स्थित सेमरा चौराहा के पास जल निगम की पाइप सड़क पर काफी दिनों से फैला पड़ा है। इस रास्ते आने-जाने वाले राहगीर कभी भी पाइप की ढेर से टकरा कर चोटिल हो सकते हैं । लेकिन सड़क से आते-जाते जिम्मेदारों का ध्यान इस तरफ नहीं पड़ता है। क्षेत्र के बांसी-धानी मार्ग स्थित कदमहवा गांव के टोला सेमरा चौराहा पर जल निगम के पाइप का ढेर काफी दिनों से सड़क के बगल पड़ा है। अक्सर पाइप ढेर से फिसलकर सड़क पर फैल जाता है। जिससे सड़क पर आने-जाने वाले लोग पाइप से टकराकर गिर रहे हैं, साथ ही चोटिल भी हो रहे हैं। लेकिन कोई जिम्मेदार इस पर ध्यान देने वाला नहीं है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के जेई मोहन लाल गुप्ता ने बताया कि यह जल निगम विभाग की लापरवाही है। सड़क के किनारे से पाइप की ढेर हटा लेनी चाहिए। ताकि सफर करते वक्त किसी को कोई खतरा न हो।

## एनटीपीसी मे हमले से बचने के लिये पूर्वाभ्यास



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बाद दोषियों और उनको संरक्षण देने वाले पाकिस्तान पर भारत सरकार कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। इसके लिए कल जिलेभर में अभ्यास किया जाएगा। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग, केंद्र व प्रदेश सरकार से आए दिशा-निर्देशों के क्रम में एनटीपीसी टांडा में औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों के साथ मॉकड्रिल करेंगे। इसी के साथ सीमेंट फैक्टरी और चीनी मिल में भी सुरक्षा उपायों को परखा जाएगा। इसके अलावा आपातकालीन स्थिति में स्वास्थ्य सेवाएं, सुरक्षा व्यवस्था के साथ सबसे महत्वपूर्ण पब्लिक एड्रेस सिस्टम को दुरुस्त करने पर जोर दिया जाएगा।एसपी केशव कुमार ने बताया कि एनटीपीसी टांडा के साथ अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट, मझौड़ा चीनी मिल में मॉकड्रिल कराया जाएगा।

## ज़मीनी विवाद मे माँ बेटी की कर दी पिटाई

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** मालीपुर थाना क्षेत्र के डीघी गांव में जमीनी विवाद को लेकर मनवढ किस्म के लोगों ने मां बेटी की पिटाई करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस पिटाई से जहां पुत्री का सर फट गया वही माँ भी गंभीर रूप से घायल हो गयी। डीघी गांव निवासनी दलित आशा देवी ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि बीते मंगलवार को जमीनी विवाद के रंजिश को लेकर गांव के ही गुलाबचंद मनोज पाल हीरावती जो की दबंग किस्म के व्यक्ति हैं एक जुट होकर के आए और जाति सूचक गालियां देते हुए घर पर चढ़कर लाठी डंडे से उसकी तथा उसकी पुत्री अंजू लता की पिटाई कर दी। पुत्री अंजू को गंभीर शारीरिक चोटें आई और उनका सर भी फट गया शोर गुल पर जब तक आसपास के लोग पहुंचे विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गये। शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध एससी एसटी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

## मजलिस ए ख़मसा के दूसरे दिन मौलाना इफ़्तेख़ार ने कर्बला के शहीदों पर डाला प्रकाश



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर के मोहल्ला जाफराबाद स्थित बहिश्त-ए-वफा(रौज -ए-हजरत अब्बास) में मजलिस-ए-खम्सा के दूसरे दिन हज़रत इमाम हुसैन के भाई हज़रत अब्बास शीर्षक पर आयोजित मजलिस में मौलाना इफ्तेखार अली फ़राज़ वास्ती ने खिताब करते हुए कहा कि हजरत अब्बास ने हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम को हमेशा आका कहकर पुकारा। हज़रत अब्बास को कमर-ए-बनी हाशिमी कहा जाता है।जिसका अर्थ है हाशिमी खानदान का चांद। मौलाना ने मजलिस के अंत में हज़रत अब्बास की शहादत का जिक्र किया जिसपर मजलिस में मौजूद हज़रत अब्बास की शहादत को सुनकर मोमनीन अश्क बार हो गए।इससे पूर्व कल्बे हसन अहसन व उनके हमनवां ने मर्सिया ख्वानी पेश किया। उक्त अवसर पर मास्टर शरीफ अहमद,अकबर अब्बास, अंजुम असगर, मास्टर जुहैर, मोहम्मद मूसा, इब्ने अली जाफरी, मेहंदी रज़ा छेदी इश्तियाक हुसैन, रजी भाई, अकील अब्बास, अंसार जलालपुरी, कल्बे हुसैन, हुसैन अहमद, मोहम्मद मेंहदी, सईद अहमद आदि मौजूद रहे।

## फ़र्ज़ी तरीके से संचालित दो स्कूलों पर नोटिस जारी

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जलालपुर क्षेत्र में शासनादेश को ताक पर रखकर बिना मान्यता के फर्जी तरीके से संचालित दो स्कूलों को नोटिस जारी कर खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने विद्यालय बंद करने की चेतावनी दी। क्षेत्र में तीन विद्यालय द्वारा कक्षा एक से पांच तक की मान्यता लेकर कक्षा आठ तक की कक्षाएं संचालित करने पर बीईओ ने उसे तत्काल बंद करने का निर्देश दिया है। सलाहुद्दीनपुर पट्टी में मां सरस्वती पब्लिक स्कूल व धौरूआ स्थित रुद्ध गांव में श्री राम लाल चिल्ड्रेन एकेडमी बिना मान्यता के संचालित किया जा रहा था। बिना मान्यता के संचालन पर शिक्षा विभाग ने विद्यालय में नोटिस चस्पा कर विद्यालय बंद कर दोबारा संचालन न करने की चेतावनी दी। बसिया में स्थित मदरसा नूर फातमी पब्लिक स्कूल व हैदरबाद में संचालित डॉ एस0 के0 एम0 पब्लिक स्कूल व आर0 बी0 मौर्य शिक्षण संस्थान कक्षा एक से पांच तक की मान्यता लेकर कक्षा आठ तक विद्यालय संचालित कर रहे थे। जिस पर बी ई ओ ने नोटिस जारी किया है। निर्देश दिया कि कक्षा 6 से आठ तक की कक्षाएं तत्काल बंद कर नजदीक के उच्च प्राथमिक विद्यालय में नौनिहालों का नामांकन कराते हुए दो दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।

## मुख्य कोषाधिकारी बस्ती ने की पेंशनरों से जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की अपील



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** वित्त मंत्री द्वारा कोषागारों की कार्यप्रणाली की समीक्षा बैठक के क्रम में निदेशक, कोषागार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र दिनांक 30 अक्टूबर 2023 के निर्देशानुसार, प्रत्येक त्रैमासिक में उन पेंशनरों की सूची स्थानीय समाचार पत्रों में निशुल्क प्रकाशित की जानी है, जिनके जीवन प्रमाण पत्र के अभाव में पेंशन का भुगतान बाधित है। इसी क्रम में, मुख्य कोषाधिकारी, बस्ती ने विगत तीन माह में जीवन प्रमाण पत्र जमा न करने के कारण पेंशन भुगतान प्राप्त न कर सकने वाले पेंशनरों की सूची जारी की है। सूचीबद्ध पेंशनरों के नाम और विभाग के नाम इस प्रकार है निर्मला देवी (संस्कृत महाविद्यालय), मुक्तार अहमद (आयुर्वेद विभाग), सुदामा (पंचायत विभाग), रामचंद्र (उद्यान विभाग), ज्ञान दास (ग्रामीण अभियंत्रण सेवा), रीमा चौधरी (सीएमओ कार्यालय), सुमित्रा देवी, राजमाता, रामजी मिश्रा, इंद्रावती पांडे, आस्था सिंह, मुखाने देवी (माध्यमिक शिक्षा), राधिका सिंह, श्रीमती कलावती देवी (बिजली विभाग), शांति, श्री कामता प्रसाद, गायत्री देवी (बेसिक शिक्षा विभाग), प्रियंका (वाणिज्य कर विभाग), शकुंतला देवी (निबंधन विभाग), प्रेमा देवी (व्यावसायिक प्रशिक्षण), चंद्र प्रभा देवी (कृषि विभाग), महेंद्र प्रताप सिंह, वाजिद अली, विद्यासागर चौधरी, राम किशोर (स्वास्थ्य विभाग), इंद्रावती देवी, श्री राम प्रसाद श्रीवास्तव (शिक्षा विभाग), दर्शन पति देवी (जिलाधिकारी कार्यालय), परणपति (यूनानी विभाग), द्रोपती देवी (सोच कार्यालय), देवंती देवी (पुलिस विभाग), पाना देवी (चकबंदी विभाग), लालमोहन (बाढ़ खंड), शकुंतला देवी (सिंचाई विभाग, बस्ती)। मुख्य कोषाधिकारी, बस्ती ने समस्त सम्मानित पेंशनरों से अनुरोध किया है कि वे अपने पेंशन भुगतान को निर्बाध रूप से प्राप्त करने के लिए शीघ्रातिशीघ्र जीवन प्रमाण पत्र जमा करें। पेंशनर किसी भी कार्य दिवस में कोषागार कार्यालय, बस्ती में उपस्थित होकर मैन्युअल रूप से अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वे जीवन प्रमाण पोर्टल (www.jeevanpra-maan.gov.in) के माध्यम से ऑनलाइन भी अपना जीवन प्रमाण पत्र प्रेषित कर सकते हैं। जीवन प्रमाण पत्र जमा न करने की स्थिति में पेंशन भुगतान बाधित रहेगा।

## डीएम की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के कार्यो एवं वसूली की समीक्षा बैठक

### समीक्षा के दौरान बिलिंग कम पाये जाने पर जिलधिकारी ने व्यक्त की कड़ी नाराजगी

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** विद्युत विभाग के कार्यो एवं वसूली की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 पिछले माह के बैठक की प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा एसडीओ और जेई की उपस्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कोई भी अधिशासी अभियन्ता बिना मेरी अनुमति की नही जायेगा तथा एसडीओ और जेई अधीक्षण अभियन्ता से अवकाश लेकर ही जायेंगे। क्षमता वृद्धि तथा केबल के बदलने का कार्य 15 जून 2025 तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान बिलिंग कम पाये जाने पर जिलधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी ने बिलिंग तथा उसके सापेक्ष वसूली बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बिल जमां करने हेतु उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करे, इसके लिए कैम्प लाये जाने का निर्देश दिया। बिल जमां कराने में प्रतिमाह प्रगति आना चाहिए। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया कि जो एसडीओ और जेई कार्य नही कर रहे है उनके विरूद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया। विजनेस प्लान 2024-25 के कार्य जून 2025 तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अधिशासी अभियन्ता, एसडीओ तथा जेई अपना मोबाइल नम्बर जनता को दे तथा उनका फोन भी उठाये। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया कि प्रतिदिन विद्युत विभाग के कार्यो की समीक्षा करें। जनता की समस्याओ का निस्तारण कराएं। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अजय कुमार, अधिशासी अभियन्ता विद्युत सिद्धार्थनगर, बांसी, डुमरियागंज समस्त एसडीओ व जेई0 आदि उपस्थित थे।

## पुलिस की मौजूदगी मे प्रेमी युगल ने रचायी शादी

**हजपुरा अंबेडकरनगर।** बसखारी थाना क्षेत्र के खसरोंपुर गांव में एक प्रेम कहानी का सुखद अंत हुआ। जब एक प्रेमी युगल ने मंगलवार को बसखारी थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में एक-दूसरे के गले में वरमाला डालकर विवाह रचा लिया। इस शादी में युवती के परिजन मौजूद रहे, जबकि युवक के परिजन अनुपस्थित रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खसरोंपुर निवासी लक्ष्मी (19) और ब्राहिमपुर कुसुमा टांडा निवासी रविंद्र के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों की पहली मुलाकात लक्ष्मी के भाई के ससुराल इब्राहिमपुर कुसुमा में हुई थी, जो रविंद्र का गांव भी है। धीरे-धीरे मुलाकातें बढ़ीं और प्रेम में बदल गई। जब दोनों ने शादी की बात परिजनों से की तो दोनों ही पक्षों ने इनकार कर दिया। इस विरोध के बावजूद दोनों प्रेमी अपने रिश्ते को निभाने के लिए दृढ़ रहे। मंगलवार को लक्ष्मी अपने घर से निकलकर रविंद्र को फोन के जरिए बुला लिया। शुरुआत में दोनों भागने की योजना में थे, लेकिन बाद में उन्होंने पुलिस को सूचना देकर शादी की इच्छा जताई।

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** कृषि विज्ञान केंद्र, बंजरिया में धान की सीधी बीजाई (डीएसआर) क्लस्टर निर्माण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें अटारी कानपुर, उपकार, इरी, यूपी सीड, जैन इरीगेशन, किसान क्राफ्ट, बायर, वराह एवं ग्रो इंडीको जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र प्रभारी डॉ. पी. के. मिश्रा ने किया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में डीएसआर तकनीक को जल संरक्षण, श्रम लागत में कमी और पर्यावरणीय अनुकूलता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर इसका व्यावसायिक रूप से प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित विश्व बैंक की टेक्निकल लीड डॉ. अंजलि पारसनिस ने डीएसआर क्लस्टर की उपयोगिता एवं दीर्घकालिक लाभों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह तकनीक वर्तमान कृषि संकटों का व्यवहारिक समाधान प्रस्तुत करती है। डॉ. वी. बी. सिंह (वैज्ञानिक जीपीबी) ने बीज चयन एवं उन्नत किस्मों की भूमिका पर जानकारी दी। डॉ. प्रेम शंकर (पादप सुरक्षा वैज्ञानिक) ने डीएसआर पद्धति में बीज शोधन के साथ रोग-कीट प्रबंधन की रणनीतियों पर प्रकाश डाला। आर. वी. सिंह (कृषि प्रसार वैज्ञानिक) ने डीएसआर तकनीक को किसानों तक पहुँचाने के लिए विस्तार एवं प्रचार-प्रसार की योजनाओं पर चर्चा की।

# भाजपा ने विपक्ष से बाजी छीनी

जातिगणना को लेकर विपक्ष पहले से ही मुखर था। राजनीतिक मुद्दा बनाकर पिछले चुनाव में इसने कुछ फायदा भी लिया इसे फिर भुनाने की कोशिश में लगा हुआ था। अब उसके हाथ से निकल भाजपा के हाथ में आ गई है। विपक्ष इसे सरकार और भाजपा पर दबाव बना भुनाना चाहता था। पर अब भाजपा हावी हो गई है। विपक्ष कह रहा है कि उसके दबाव का असर है भाजपा और सरकार जाति जनगणना कराने को तैयार हो गये है। जनगणना के बाद जातिवार आरक्षण का मुद्दा विभिन्न जातियां जोर शोर से उठायेगी। सरकार के सामने काफी मुशकिले खड़ी होगी। कर्नाटक बिहार में जाति जनगणना की गई है पर इसे लेकर विवाद है।

भारत में जाति जनगणना बिर्टिस काल में 1872 से 1931 तक हुई। पर इसके नतीजे जाहिर नहीं किये गये क्योंकि इसमें खामियां थी। जातिगणना सामाजिक समीकरण बदलने में सक्षम होगा। आजादी के बाद 1951 में जनगणना हुई तय हुआ अब जाति से जुडे आंकड़े नहीं हटाये जायेगे। स्वतन्त्र भारत में हुई जनगणना में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आकड़े ही प्रकाशित किये गये थे। 2011 के सामाजिक आर्थिक और जनगणना में जाति के आंकड़ो को प्रकाशित नहीं किया गया क्योकि इसमें कई खामियां थी।

विपक्षी दल जाति जनगणना की मांग अपने हितो के लिये उठाई थी। उनकी मन्शा थी इसके आधार पर आरक्षण को तर्कसंगत बनाया जाये। चुनाव में इसके बल पर गोलबन्दी करेगे। इससे उन्हें फायदा मिलेगा। अब जाति जनगणना आ जाने पर आबादी के अनुपात मे आरक्षण के मांग से कैसे निपटती है। हाल में कर्नाटक में जातिगणना हुई है। उसके आकड़े लीक हो गये है। वहां कांग्रेस के सामने मुशकिले खड़ी हो गई है। ओबीसी के लिये आरक्षण बढाकर 32.7 से 51 प्रतिशत कर दी गई है। मुस्लिम समुदाय के लिये 47 प्रतिशत से बढ़ा कर 8 प्रतिशत करने की सिफारिश की गई है। वहां लिंगायत और वोक्कालिंग दो सशक्त जातियां है जिनका मतदान चुनाव नतीजों को इधर से उधर कर देता है उम्मीद से कम निकली है। वे सर्वे के तरीको पर सवाल उठा रहे है। बिहार तेलंगना में जातिजनगणना की गई है वही भी इसी को लेकर सवाल उठाये जा रहे है। सरकार का कहना है जनगणना से सामाज सामाजिक आर्थिक दृष्टि से मजबूत होगा। पर अगर यह सबको सन्तुष्ट नहीं कर सका तो विवाद भी पैदा कर सकता है। जाति जनगणना से आरक्षण का मुद्दा जोर पकड़ेगा।

## ऑपरेशन सिंदूर : पाकिस्तान में घुसकर नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर ध्वस्त किया


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की निगाहें भारत पर टिकी हुई थी कि पहलगाम में मारे गए 26 सैलानियों का जवाब दोषियों उनके आकाओं योजनाक़ारो सहयोगियों को किस तरह देगा, क्योंकि भारत की रणनीतिक तैयारी घटना के दिन से ही शुरू हो गई थी। रणनीतिक रूप से मीटिंगों का दौरा, अंतर्राष्ट्रीय देशों से सलाह मशविरा फिर 7 मई 2025 को पूरे भारत के 244 जिलों में सिविल डिफेंस मॉकड्रिल को आयोजित किया गया था, परंतु उसके कुछ घंटे के पूर्व ही रात्रि करीब 1.44 ए.एम पर पाकिस्तान पर भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सफल टारगेटेड सर्जिकल स्ट्राइक कर 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया, यह हमला बहावलपुर कोटली और मुजफ्फराबाद में किया गया है, जिसमें सभी आतंकी कैंप तबाह हो गए हैं। कार्रवाई को सफलता से अंजाम दिया गया, इसके पश्चात रात्रि में ही एक्सः पोस्ट पर सभी संदेश आना शुरू हो गए मैंने सुबह 6 बजे तक लगातार मीडिया चैनलों पर नज़र गाड़ाए रखा था तो सुबह 2.46 बजे राजनाथ सिंह का एक्सः पर पोस्ट आया भारत माता की जय,वहीं कांग्रेस नेता प्रियंका चतुर्वेदी का का 3 बजे के बाद पोस्ट आया माथे का सिंदूर मिटने वालों को उसका जवाब देकर रहेंगे, जय जवान! जयहिंदुस्तान! जय हिंद! इसी प्रकार तेजस्वी यादव, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,आदित्य ठाकरे इत्यादि के सुबह 4 बजे के आसपास बयान आना शुरू हो गए। मेरा मानना है कि इस सर्जिकल स्ट्राइक का नाम ऑपरेशन सिंदूर इसलिए रखा गया होगा, क्योंकि पहलगाम में अनेकों भारतीय बेटियां अपना हनीमून मनाने गई थी जिनकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे, उनका सिंदूर उजड़ गया था उनसे जात धर्म पूछकर उनके पतियों को मार गिराया गया था, इसलिए इस ऑपरेशन के जरिए उन बेटियों को इंसाफ देने की थोड़ी सी कोशिश की गई है यानी यूं कहें कि यह तो केवल टेलर है अब खेला तो शुरू होगा। चूँकि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में घुसकर ऑपरेशन सिंदूर के तहत 9 आतंकी ठिकानों पर सफ़ल टारगेटेड कार्रवाई कर उन्हें ध्वस्त कर दिया है, जिससे भारत नें आतंकवाद के खिलाफ़ अपनी लड़ाई को नया आयाम दिया है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर से घर में घुसकर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोगसे इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,ऑपरेशन सिंदूर- भारत ने पाकिस्तान में घुसकर 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर ध्वस्त किया, सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के कुछ घंटे पूर्व की कार्रवाई हुई।

साथियों बात अगर हम दिनांक 7 मई 2025 को अर्ली मॉर्निंग सिविल डिफेंस मॉकड्रिल के कुछ घंटे पहले पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल एयर स्ट्राइक की करें तो, भारत ने पाकिस्तान पर की एयर स्ट्राइक,9 आतंकी ठिकानों पर किया हमला।भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को एक नया आयाम देते हुए %ऑपरेशन सिंदूर% को लॉन्च किया है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर टारगेटेड स्ट्राइक की है। यह कार्रवाई 6 मई 2025 की देर रात डेढ़ बजे के आसपास अंजाम दी गई। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को एक नया आयाम देते हुए ऑपरेशन सिंदूर को लॉन्च किया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, भारतीय वायु सेना ने अत्यन्त सटीक और सावधानीपूर्वक इन ठिकानों को निशाना बनाया है। पीआईबी ने जानकारी दी है कि ऑपरेशन सिंदूर की प्लानिंग को बहुत ही रणनीतिक रूप से तैयार किया गया ताकि आतंकवादियों की गतिविधियों को करारा जवाब दिया जा सके, इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान की सैन्य सुविधाओं को नहीं छुआ गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि कार्रवाई का असल मकसद आतंक को खत्म करना है,न कि पड़ोसी मुल्क के साथ संघर्ष को बढ़ाना, वायु सेना की तरफ से ये स्ट्राइक भारत के कमोबेश 300 लोकेशन पर होने वाले मॉक ड्रिल से कुछ घंटे पहले किया गया है। पीआईबी के मुताबिक, ये कदम पहलगाम में हुए बर्बर आतंक वादी हमले के बाद उठाए गए हैं, जिसमें 26 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी। भारत अपनी इस प्रतिबद्धता पर खरा उतरा है कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

पीआईबी ने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आगे की जानकारी जल्द ही दी जाएगी। भारतीय सेना ने जम्मू और कश्मीर स्थित पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला ले लिया है सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर स्थित मुजफ्फराबाद में भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की। साथियों बात अगर हम रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान की करें तो,भारतीय सशस्त्र बलोंने पाकिस्तान व पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़्वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई उस समय दहल उठी जब पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने समुद्र के रास्ते शहर में प्रवेश किया। हमले के दौरान, भारतीय सुरक्षा बलों, जिसमें मुंबई पुलिस, एनएसजी और अन्य कमांडो शामिल थे, ने तीन दिनों तक ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन में 9 आतंकी मारे गए, लेकिन अजमल कसाब को 27 नवंबर 2008 को जुहू चौपाटी पर जिंदा पकड़ लिया गया। इस हमले में 166 लोग मारे गए, जिनमें 26 विदेशी नागरिक भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए।**

# ...बदला हुआ भारत, बदला लेना जानता है


डॉ. आशीष वशिष्ठ

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के एक पखवाड़े बाद भारत ने इसका जवाब उपयुक्त और निर्णायक ढंग से दिया। 6/7 मई की मध्यरात्रि भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाकर एयर स्ट्राइक की। इस कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकवादियों के मारे जाने और कई अन्य के घायल होने की खबरें आ रही हैं। भारत ने इस जवाबी कार्रवाई को नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। इस सैन्य कार्रवाई को केवल रणनीतिक पलटवार नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस स्पष्ट संकल्प की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है, जो उन्होंने हमले के दो दिन बाद बिहार के मधुबनी से दिया था।

24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के मौके पर मधुबनी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम हमले पर गहरा शोक प्रकट किया और देशवासियों से दो मिनट का मौन रखवाया। इसके बाद उन्होंने एक कड़े और प्रतिज्ञाबद्ध स्वर में कहा था– ÷मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सज़ा मिलेगी।÷ बिहार मधुबनी में प्रधानमंत्री का दिया गया बयान अब 'ऑपरेशन सिंदूर' के रूप में धरातल पर उतर चुका है, जिसमें आतंकी नेटवर्क की जड़ें हिलाकर रख दी गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर के लिए जिन आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाया गया है, उनमें से चार पाकिस्तान में और पांच पीओके में हैं। पहलगाम में आतंकी हमला कोई पहली घटना नहीं था जिसको पाक का समर्थन प्राप्त था। दशकों से पाकिस्तान में पले–बढ़े और प्रशिक्षित आतंकी भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देते आए हैं। लेकिन हर बार घटना के बाद भारत सरकार का रवैया जबानी जमा खर्च तक रहा। दो चार दिन की बयानबाजी और कागजी कार्रवाई के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ती रही। और पाकिस्तान अपनी कारस्तानियों से बाज नहीं आया।

26 नवंबर 2008 की रात, भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई उस समय दहल उठी जब पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने समुद्र के रास्ते शहर में प्रवेश किया। हमले के दौरान, भारतीय सुरक्षा बलों, जिसमें मुंबई पुलिस, एनएसजी और अन्य कमांडो शामिल थे, ने तीन दिनों तक ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन में 9 आतंकी मारे गए, लेकिन अजमल कसाब को 27 नवंबर 2008 को जुहू चौपाटी पर जिंदा पकड़ लिया गया। इस हमले में 166 लोग मारे गए, जिनमें 26 विदेशी नागरिक भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए। तत्कालीन कांग्रेस नीत यूपीए सरकार केंद्र



की सत्ता में थी। प्रधानमंत्री थे डॉ. मनमोहन सिंह। इस घटना के बाद तत्कालीन भारत सरकार का रवैया जगजाहिर है। असल में तत्कालीन सत्तासीन दल का पूरा जोर इस बात पर था कि इस हमले में शामिल लोगों को हिंदू साबित किया जाए, जिससे वो हिंदू आतंकवाद की थ्योरी को स्थापित कर सके। गनीमत यह रही कि आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ लिया गया। वरना सुरक्षाबलों द्वारा मारे गए आतंकियों के हाथों मे षड्यंत्र पूर्वक बंधे कलावे से ही सरकार हिंदू आतंकवाद की थ्योरी स्थापित करने में सफल हो जाती। 12 मार्च 1993 को मुंबई के विभिन्न इलाकों खासकर हिंदू आबादी बहुल में 13 सिलसिलेवार बम धमाके हुए, जिसमें 257 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई और 700 से ज्यादा निर्दोष नागरिक घायल हो गए। उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। पीवी नरसिंह राव देश के प्रधानमंत्री थे। 13 दिसंबर 2001 को, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैय्यबा नामक आतंकवादी संगठनों के पांच आतंकवादियों ने भारत की संसद पर एक घातक हमला किया। इस आतंकी हमले का मुख्य आरोपी मोहम्मद अफजल गुरु था। इस हमले में दिल्ली पुलिस के पांच जवान, एक महिला कांस्टेबल और दो सुरक्षा गार्ड शहीद हो गए। 24 सितंबर 2002... शाम के करीब पौने पांच बजे का समय, ये वो दिन था जब गुजरात के अक्षरधाम मंदिर को आतंकियों ने अपना निशाना बनाया। इस आतंकी हमले में मंदिर परिसर में मौजूद 32 श्रद्धालुओं और 3 सुरक्षाकर्मियों की जान गई थी। आतंकियों ने हथियारों से लैस होकर श्रद्धालुओं को निशाना बनाया था। इस घातक हमले में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकवादियों का संबंध था। आतंकवादियों को एनएसजी कमांडो ने मार गिराया था। संसद और अक्षरधाम हमले के समय देश में भाजपा नीत एनडीए के नेता प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी गठबंधन की सरकार चला रहे थे। देश में आतंकी घटनाओं की लंबी फेहरिस्त है। चूंकि देश में सबसे ज्यादा लंबे समय तक कांग्रेस का राज रहा है। ऐसे में पाक समर्थित आतंकवाद से निपटने के लिए बयानबाजी और डोजियर भेजने का जो तरीका कांग्रेस की सरकार ने शुरू किया, वो रिवायत 2014 तक जारी रही। हर आतंकी हमले के बाद भारत ने जिस तरह रिएक्ट किया, उससे पूरी दुनिया में यह मैसेज गया कि भारत एक %सॉफ्ट स्टेट% है। भारत के इस टालू और ठंडे रवैये से पाकिस्तान के हौसले बुलंद हुए। 2004 से 2014 में कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के शासन में आतंकियों के हौसले इतने बुलंद थे कि वो जहां चाहते थे आसानी से हमले को अंजाम दे देते थे। उन्हें पता था कि भारत सरकार का रवैया बयानबाजी और कागजी लिखा पढ़ी से ज्यादा कुछ नहीं होगा।

वर्ष 2014 में केंद्र की सत्ता में भाजपा नीत एनडीए सरकार का आगमन हुआ। जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। मोदी सरकार ने सत्ता संभालने के साथ आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करना शुरू किया। जिसका नतीजा यह रहा है कि कश्मीर को छोड़कर देश के किसी हिस्से में आतंकी घटनाओं की खबर सामने नहीं आई। कश्मीर में स्थानीय लोगों की मदद से आतंकियों और उनके सरगनाओं के हौसले बुलंद है। 2019 में धारा 370 को हटाने के बाद घाटी के हालात तेजी से बदले। के बाद से देश में आतंकी घटनाओं का ग्राफ गिरा है। 18 सितंबर 2016 में जम्मू-कश्मीर स्थित उरी भारतीय सेना के ब्रिगेड हेडक्वार्टर पर जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों ने सुबह सवेरे घात लगाकर हमला किया। हमले में हमारे कई जवान शहीद हुए। इस हमले के महज 10 दिन बाद भारतीय जवानों ने 28-29 सितंबर की दरम्यानी रात को पीओके में सीमा के भीतर तीन किलोमीटर अंदर तक घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर डाला। पाकिस्तान को सबक सिखाने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता था। जम्मू कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 की शाम करीब तीन बजे सीआरपीएफ के एक काफिले को श्रीनगर-जम्मू हाईवे पर आतंकी हमला हुआ था।

# 'आपरेशन सिंदूर' एक सार्थक पहल और सख्त सन्देश

**वायुसेना की इस कार्रवाई से न केवल भारत को बल्कि समूची दुनिया को राहत की सांसें मिली हैं। इस कार्रवाई से भारत ने पाकिस्तान को बेहद सख्त और निर्णायक संदेश दिया है कि अब आतंकवाद नहीं चलेगा। भारत ने किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम बरता है। नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइलों से हवाई हमला किया गया।**


ललित गर्ग

पहलगाम आतंकी हमले में सुहागनों के सिन्दूर को उजाड़ने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए 'आपरेशन सिंदूर' की सफलतम कार्रवाई हर भारतीय के सीने को गर्व से भरने वाली है। बुधवार की सुबह पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की कई सटीक, संयमित एवं नपी-तुली कार्रवाई पाकिस्तान को करारा सबक एवं सख्त संदेश है। निश्चित ही अब भारत की आत्मा पर होने वाले हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। 'आपरेशन सिंदूर' में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान में मौजूद 90 आतंकी मारे गए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए की गई, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। भारत भीतर घूस कर मारता है, इस बार भी उसने बिना पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश किये, आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने का कार्य किया, जो बहुत सराहनीय कदम है, गौरवान्वित करने और जोश से भर देनेवाली साहसिक एवं अनूठी घटना है।

'आपरेशन सिंदूर' से आतंकवाद को समाप्त करने की दिशा में एक सार्थक पहल हुई है। शांति का आश्वासन, उजाले का भरोसा भारत से ही क्यों किया जाता है, कब तक हम अपनी मानवीयता एवं संवेदनशीलता को दर्शाते रहेंगे? इस बार समूचा देश एकजुट हुआ, उन्हें तो आतंक का माकूल जबाव चाहिए था, पाकिस्तान में पोषित हो रहे आतंकवाद के लिये कठोर कार्रवाई चाहिए थी। वायुसेना की इस कार्रवाई से न केवल भारत को बल्कि समूची दुनिया को राहत की सांसें मिली हैं। इस कार्रवाई से भारत ने पाकिस्तान को बेहद सख्त और निर्णायक संदेश दिया है कि अब आतंकवाद नहीं चलेगा। भारत ने किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम बरता है। नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइलों से हवाई हमला किया गया। ऑपरेशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुझाया था, पहलगाम में 26 हिंदू पर्यटकों की नृशंस हत्या के बाद, यह जवाब भारतीय बहनों एवं सुहागिनों के लिए एक उचित प्रतिशोध है, जिन्होंने बर्बर आतंकी हमले में अपने पतियों को खो दिया।

भारत के बदले की कार्रवाई का समय भी महत्वपूर्ण है। एयर स्ट्राइक एक हिंदू परिवार में मौत के बाद शोक के 13 दिन (तेरहवीं) के बाद हुई और हमारी बहनों एवं पीड़ितों को उचित न्याय मिला है। भारतीय वायु सेना द्वारा अपनी सीमा के भीतर से दागी गई सटीक मिसाइलों के माध्यम से मुजफ्फराबाद, कोटली, गुलपुर, भिमबर, सियालकोट, चक अमरू, मुरीदके और बहावलपुर में केवल ज्ञात और पहचाने गए



आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। भारत ने बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के कुख्यात आतंकी मुख्यालय को नष्ट कर स्पष्ट संदेश दिया है। जैश-ए-मोहम्मद चीफ हाफिज सैयद द्वारा बनाया गया यह स्थान आतंक का केंद्र, प्रयोगशाली एवं नर्सरी बन गया था। आगे भी भारतीय सेनाएं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार हैं। भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के अपने संकल्प पर दृढ़ है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान की बहानेबाजी एवं आतंकवाद को लगातार प्रोत्साहन एवं पल्लवन देने की स्थितियों को देखते हुए यह आवश्यक हो गया था कि उसे न केवल सबक सिखाया जाए, बल्कि यह संदेश भी दिया जाए कि भारत अब उसकी चालबाजी में आने वाला नहीं है।

यदि भारत ने पाकिस्तान और वहां पल-पल पनप रहे आतंकवाद को सबक नहीं सिखाया तो वे पुलवामा, उरी, पहलगाम जैसी दुखद घटनाओं को अंजाम देते रहेंगे, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सच्चे राष्ट्रभक्त एवं राष्ट्रनायक की भांति आतंकवाद की अनिर्णायक स्थिति में निष्पक्षता एवं कठोरता का पार्ट अदा किया हैं। अब तक हमने सदैव क्षमा करो और भूल जाओ को वरीयता दी है। यही कारण है कि आतंकवाद बढ़ता गया, आतंकवादी पनपते गये, निर्दोष लाशें बिछती रही। अब यह वक्त बताएगा कि पाकिस्तान कोई सही सबक सीखता है या नहीं, लेकिन इसमें दोराय नहीं कि एयर स्ट्राइक से बिना उसकी सीमा में घुसे बड़े आतंकी अड्डे पर हमला करके यह बता दिया कि भारत के सहने की एक सीमा है, उसके धैर्य का बांध टूट गया है। पाकिस्तानी सेना की उन्मादी मानसिकता एवं विकृत सोच को हम जानते हैं कि वह अपनी गंदी चालों से बाज नहीं आयेगा। लेकिन भारतीय सैन्य बल के सामने वह टिक नहीं पाएंगे। इस बार भारत पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीयों ने भी मोदी सरकार के नेतृत्व के पीछे अभूतपूर्व एकता दिखाई है। जाहिर है कि पाकिस्तान बड़े-बड़े दावे करेगा और दुनिया के सामने विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश करेगा। लेकिन पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश मिल गया है भारत के साथ खिलवाड़ न करें। फिलहाल पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय मिल गया है। पाकिस्तान से आतंक की जड़ों को मिटाने का यह स्पष्ट और सार्थक कदम है।

पाकिस्तान ने संयम एवं इंसानियत को छोड़ दिया है, उसने मर्यादा और सिद्धान्तों के कपड़े उतार कर नंगापन को ओढ़ लिया है। पूर्वाग्रह एवं आतंकवादी अहंकार के कारण वह विवेकशून्य हो गया है। उसको एवं उसके द्वारा पोषित आतंकवाद को परास्त करना जरूरी हो गया था, उसको परास्त करने का अर्थ उसे काबू में कर सही रास्ते पर लाना नहीं बल्कि आतंकवाद नेस्तनाबूद करना है। अब भी यदि वह सबक नहीं सिखता है तो उसका संकट बढ़ सकता है। भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन पाकिस्तान युद्ध की मानसिकता से ग्रस्त है। उसे यह भी समझ आना चाहिए कि परमाणु बम के इस्तेमाल की उसकी धमकियां अब काम आने वाली नहीं। हर आतंकवादी घटना मानवीयता को घायल करती है और हर ऐसी जलने वाली लाश का धुआं मानवता पर कालिख पोत देता है। लेकिन आतंकवाद के शमन का रास्ता खोल कर भारत ने दुनिया को भी आश्वस्त किया है कि अब आतंकवाद की दिन लद गये है। भारत की कार्रवाई इस दिशा में एक सार्थक पहल है जिसने आतंकवाद के पैर ले लिये हैं, उसे पंगु बना दिया है। यह निश्चित ही सम्पूर्ण मानवता के लिये उजली सुबह की आहत है।

दरअसल, पाकिस्तान इसलिए अपनी आतंकी सोच बढ़ाता जा रहा था, क्योंकि उसे ठीक से कड़ा संदेश नहीं मिल रहा था। इस तरह उनकी हिम्मत बढ़ती गयी थी और उसने भारत में एक नहीं अनेक बार पहलगाम जैसी दर्दनाक घटनाओं को अंजाम दिया है। उनकी आतंकी योजनाओं को नाकाम करने की सख्त जरूरत पड़ी, ताकि आगे हम अपने और जवान न खोयें, निर्दोषों को मरते न देखें, अशांति को न झेले एवं भय को न जीये। भारत ने यह कर दिखाया है।

# ये हैं कौन ,कहाँ से आते हैं और इन्हें भेजता कौन है?

**क्या आज भी देश के विभिन्न इलाक़ों में उसी तरह की शक्तियां सक्रिय हैं जो वेश बदलकर या लुका छुपी कर साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने व दंगे भड़काने में अहम किरदार निभा रही हैं। गत कई वर्षों से इसतरह की ख़बरों की सोशल मीडिया व अख़बारों में बाढ़ सी आई हुई है। जबकि इतने गंभीर विषय पर देश का स्वयंभू मुख्यधारा का मीडिया ख़ामोश रहता है। मिसाल के तौर पर हमारे देश में गौकशी या गौमांस का मुद्दा बेहद संवेदनशील मुद्दा है। उत्तर प्रदेश व अन्य कई राज्यों में गौ तस्करी या गोहत्या के मामाले सामने आये। कई मामलों में आरोपियों को पीट पीट कर मार डाला गया।**


तनवीर जाफ़री

भीष्म साहनी द्वारा लिखित लोकप्रिय उपन्यास तमस का प्रकाशन 1973 में हुआ था। साहित्य जगत में यह उपन्यास बहुत ही लोकप्रिय हुआ था। इसे 1975 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी नवाज़ा गया। प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता गोविंद निहलानी ने 1986 में इसी तमस उपन्यास पर आधारित एक दूरदर्शन धारावाहिक तथा एक फ़िल्म भी बनाई। इस में भारत पाक विभाजन के समय की कई दर्दनाक घटनाओं का वर्णन किया गया है। इसी में यह भी दिखाया गया था कि किस तरह साम्प्रदायिक दंगे भड़काने के लिये कोई मुसलमान ही किसी मस्जिद में सूअर का मांस फेंक देता है और कोई हिन्दू मंदिरों में गौमांस फेंककर साम्प्रदायिक तनाव के वातावरण में पेट्रोल छिड़कने जैसे काम करता है। गोया यह एक पुरानी व सधी हुई रणनीति है जोकि विघटनकारी मानसिकता रखने वाले राजनीतिज्ञों द्वारा साम्प्रदायिक दंगे भड़काने के लिये और उसके बाद उसका राजनैतिक लाभ उठाने के लिये अमल में लाई जाती है।

तो क्या 1947 जैसी साम्प्रदायिक मानसिकता रखने वाले षड़यंत्रकारी राजनीतिज्ञों द्वारा देश की स्वतंत्रता के लगभग आठ दशक बाद आज भी उसी तरह का घिनौना खेल खेला जा रहा है? क्या आज भी देश के विभिन्न इलाक़ों में उसी तरह की शक्तियां सक्रिय हैं जो वेश बदलकर या लुका छुपी कर साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने व दंगे भड़काने में अहम किरदार निभा रही हैं। गत कई वर्षों से इसतरह की ख़बरों की सोशल मीडिया व अख़बारों में बाढ़ सी आई हुई है। जबकि इतने गंभीर विषय पर देश का स्वयंभू मुख्यधारा का मीडिया ख़ामोश रहता है। मिसाल के तौर पर हमारे देश में गौकशी या गौमांस का मुद्दा बेहद संवेदनशील मुद्दा है। उत्तर प्रदेश व अन्य कई राज्यों में गौ तस्करी या गोहत्या के मामाले सामने आये। कई मामलों में आरोपियों को पीट पीट कर मार डाला गया। कई का पुलिस एनकाउंटर किया गया। ज़ाहिर है ऐसे मामलों में मुसलमान ही प्रायः निशाना बनते रहे हैं। परन्तु जब पुलिस उत्तर प्रदेश के बिजनौर में राहुल, सचिन और बृजपाल को कार में दो क्विंटल गोमांस के साथ गिरफ़्तार करती है तो इसे किस नज़रिये से देखा जाना चाहिये? जब आगरा और मुरादाबाद में भी पुलिस गोहत्या के मामले में हिंदूवादी कार्यकर्ताओं को गिरफ़्तार करे तो क्या कहा जाये? इसी तरह इसी वर्ष गत 12 मार्च को ग़ाज़ियाबाद के सिहानी गेट थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने गौशाला में मांस रखकर उसे गौमांस बताने और धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश की। पुलिस को पता चला कि यह साज़िश पास की ही एक दूसरी गौशाला की संचालक छाया शर्मा



और उसके साथियों ने रची थी। उनका मक़सद श्रीराम गौशाला पर क़ब्ज़ा जमाना और धार्मिक माहौल ख़राब करना था। छाया शर्मा के साथियों ने स्वयं बाज़ार से मांस ख़रीदकर गौशाला में रखा और फिर गौरक्षकों को सूचना देकर साम्प्रदायिकता भड़काने की कोशिश की। पुलिस ने इस मामले में योगेश चौधरी और शिवम को गिरफ़्तार किया था जिन्होंने बाद में यह स्वीकार किया था कि उन्होंने ही हिंडन विहार की किसी मांस की दुकान से मांस ख़रीदा और गौशाला में मांस रख कर ख़ुद ही फ़र्ज़ी नाम से गौरक्षकों को फ़ोन कर गौशाला में मांस होने की सूचना दी। बाद में इन्होंने अपना फ़ोन भी बंद कर दिया ताकि किसी को उन पर संदेह न हो। पूरे देश में अब तक ऐसे सैकड़ों मामले उजागर हो चुके हैं जिससे पता चलता है कि बड़े षड़यंत्र के तहत धर्म विशेष के लोगों के प्रति नफ़रत व ग़ुस्सा पैदा करने के लिये ऐसे कुकृत्य किये जाते हैं।

इसी तरह कई मामले पाकिस्तानी झंडों व पाकिस्तान ज़िंदाबाद के नारों को लेकर सामने आ चुके। अभी पिछले ही दिनों लुधियाना के थाना हैबोवाल क्षेत्र स्थित सिद्धपीठ महाबली संकटमोटन श्री हनुमान मंदिर के मुख्य द्वार पर मंगलवार को पाकिस्तान का झंडा लगा पाया गया। बताया जाता है कि यहाँ हर मंगलवार को 10 से 15 हज़ार तक श्रद्धालु मंदिर में दर्शनार्थ आते हैं। इसी मंदिर के चेयरमैन ऋषि जैन ने आरोपी की पहचान विक्रम आनंद व उसके अज्ञात साथी के रुप में की है। यह सब मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में देखा गया। पहलगाम हादसे के बाद देश का माहौल और भी ख़राब करने के उद्देश्य से पाकिस्तान का झंडा लगाया गया था। पुलिस ने इस मामले में केस भी दर्ज किया है। बिल्कुल इसी तरह की घटना पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना ज़िले के अकाईपुर रेलवे स्टेशन पर पिछले दिनों घटी। यहाँ रेलवे स्टेशन की दीवार पर कुछ लोगों ने पाकिस्तानी झंडा लगाया और हिंदुस्तान मुर्दाबाद जैसे भारत विरोधी नारे लिखे। निश्चित रूप से पहलगाम हमले के बाद अंजाम दी गयी इस हरकत का मक़सद भी क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव फैलाना व दंगे भड़काना ही था। परन्तु पुलिस ने इन मामले में जिन दो लोगों को गिरफ़्तार किया है वे सनातनी एकता मंच नामक संगठन के सदस्य निकले जिनके नाम चंदन मलाकार और प्रज्ञाजीत मंडल हैं। यह दोनों आरोपी एक राजनैतिक दल से भी जुड़े बताये गए हैं।

देश में इससे मिलती जुलती अनेक घटनायें यहाँ के साम्प्रदायिक सद्भाव को बिगड़ने के मक़सद से होती रही हैं। वेश बदलकर इस तरह की हरकतों को अंजाम देना निश्चित रूप से किसी साधारण व्यक्ति का काम तो हरगिज़ नहीं हो सकता। निःसंदेह इसतरह की साज़िशों के पीछे उसी मानसिकता के लोग हैं जिन्होंने पहलगाम नरसंहार अंजाम दिया और पर्यटकों को उनका धर्म पूछ कर मारा। जो सन्देश वह आतंकी देना चाहते थे कि भारत में साम्प्रदायिक माहौल ख़राब हो और हिन्दू मुस्लिम एक दूसरे की जान के दुश्मन बन जायें। बिल्कुल वही मक़सद इन घरेलू आतंकियों का भी है। हो सकता है ऐसे कुछ ही मामलों का भंडाफोड़ हो पाता हो और कई जगहों पर यह अपने नफ़रती एजेंडे को फैलाने व हिंसा भड़काने में कामयाब भी हो जाते हों। पंजाब से लेकर बंगाल तक और वह भी पहलगाम हमले के बाद देश में उपजे तनावपूर्ण माहौल के बीच इसतरह की घटनाओं को अंजाम दिया जाना, यह कोई साधारण घटना नहीं है। इसके पीछे बहुत बड़ा षड़यंत्र है। और वही ताक़तें इसके पीछे हैं जिन्हें इसतरह के माहौल से राजनैतिक लाभ हासिल होता है।

# नवागत सीडीओ ने ग्रहण किया पदभार

■ विकास भवन सभागार में अधिकारियो के साथ की परिचय बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** नवागत मुख्य विकास अधिकारी कृति राज द्वारा जनपद उन्नाव में कार्यभार ग्रहण किया गया। साथ ही समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ विकास भवन सभागार में परिचयात्मक बैठक की गयी।

इस अवसर पर सीडीओ द्वारा विकास विभाग के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लक्ष्य के मुताबिक धरातल पर उतारें। योजनाओं के क्रियान्वयन में पात्रता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए। कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे। घूंघट में निरीक्षण से चर्चा में आई आईएएस कृति राज ने सीडीओ उन्नाव का पद ग्रहण किया। जनपद में बतौर मुख्य विकास अधिकारी कार्यभार संभाल रहे आईएएस प्रेम प्रकाश मीणा का तबादला अलीगढ़ नगर आयुक्त पद पर कर दिया गया है। उनके स्थान पर अब आईएएस कृति राज को उन्नाव की नई मुख्य विकास अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रेम प्रकाश मीणा ने 2 फरवरी 2023 को सीडीओ पद का कार्यभार संभाला था और अपने सवा दो साल के कार्यकाल में कई अहम जिम्मेदारियों को कुशलता से निभाया। लोकसभा चुनाव 2024 में वह मुख्य कार्मिक प्रभारी रहे और मतदान से लेकर मतगणना तक बिना किसी विवाद के प्रक्रिया को संपन्न कराया। इसके अलावा उन्होंने शिकायतों पर तुरंत एक्शन लेते हुए बीएसए कार्यालय की वित्तीय अनियमितताओं, ग्राम पंचायतों में गड़बड़ी और एनआरएलएम में 3.85 करोड़ रुपये के घोटाले पर सख्त रुख अपनाया। अब उनके स्थान पर आईएएस कृति राज जो कि अभी फिरोजाबाद के शिकोहाबाद में एसडीएम और संयुक्त मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात हैं, को उन्नाव भेजा गया है। कृति राज 2021 बैच की आईएएस अधिकारी हैं और मूल रूप से झांसी की निवासी हैं। उनका नाम उस समय सुर्खियों में आया था जब उन्होंने दीदामई स्वास्थ्य केंद्र में घूंघट में पहुंचकर निरीक्षण किया था। रविवार को जब उन्हें उन्नाव सीडीओ पद पर तैनाती की जानकारी मिली, उस समय वह नीट परीक्षा ड्यूटी में व्यस्त थीं। जनपद को अब एक युवा और सक्रिय महिला आईएएस अधिकारी का नेतृत्व मिलेगा जिससे विकास कार्यों में नई ऊर्जा आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## आटो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** बाइक से जा रहा युवक आटो से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर मझगवां निवासी शिवमंगल सिंह का लगभग 45 वर्षीय पुत्र अमर सिंह सोमवार रात लगभग दस बजे अपनी मोटरसाइकिल से काली मिट्टी चौराहे से बांगरमऊ की तरफ जा रहा था। अभी वह क्षेत्र में हरदोई-उन्नाव मार्ग पर स्थित सहज दुग्ध उत्पादक संस्था के पास पहुंचे थे कि तभी एक तीनपहिया ऑटो से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी फतेहपुर चौरासी लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा अमर सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है तथा थाना पुलिस द्वारा घटना को लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' कर दुश्मन को दिया करारा जवाबः यूनुस

**अवधनामा संवाददाता**

■ एआइपीएमएम ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर दी बधाई
■ परवेज हनीफ ने की कर्नल सोफिया कुरैशी की सराहना

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज (एआइपीएमएम) भारतीय सेना द्वारा संचालित 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक सफलता पर गर्व और हर्ष व्यक्त करता है। 6-7 मई 2025 की रात 1:05 से 1:30 बजे के बीच, भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पी.ओ.के. में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट कर 80 से अधिक आतंकियों का खात्मा किया। यह ऑपरेशन 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले का करारा जवाब था, जिसमें 25 भारतीय और 1 नेपाली नागरिक शहीद हुए थे। आतंकियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सुझाए गए इस नाम 'सिंदूर' का प्रतीक नारी सम्मान और भारतीय संस्कृति में सौभाग्य, शौर्य और बलिदान से जुड़ा है। यह न केवल आतंकवाद के प्रति भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाता है, बल्कि भारतीय सेना की अदम्य शक्ति और संकल्प को भी प्रतिबिंबित करता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष परेवज हनीफ ने कहा 'ऑपरेशन सिंदूर' में पसमांदा समाज की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी ने अपने नेतृत्व और प्रेस ब्रीफिंग में अद्वितीय कौशल का प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाया। 1999 में मात्र 17 वर्ष की आयु में सेना में शामिल होने वाली सोफिया ने 2016 में 18 देशों की सैन्य टुकड़ी का नेतृत्व कर इतिहास रचा। उनकी वीरता हमें शहीद अब्दुल हमीद की याद दिलाती है, जिन्होंने 1965 के युद्ध में अद्वितीय पराक्रम का परिचय दिया। ऑपरेशन की सफलता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मजबूत नेतृत्व का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रधानमंत्री ने स्वयं ऑपरेशन की निगरानी की, जबकि रक्षा मंत्री के भारत माता की जय के उद्घोष ने पूरे देश में जोश और गर्व की लहर पैदा कर दी। एआइपीएमएम भारतीय सेना, वायुसेना, नौसेना, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को उनके अद्वितीय योगदान के लिए सलाम करता है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद यूनुस ने कहा कर्नल सोफिया कुरैशी और महिला पायलट योमिका सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाया, यह भारत की नारी शक्ति का गौरव है, जिसने आतंकवाद को करारा जवाब दिया। एआइपीएमएम स्पष्ट रूप से आतंकवाद, अलगाववाद और विघटनकारी ताकतों के खिलाफ है। हमारा संगठन राष्ट्रीय एकता और शांति को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा हम देशवासियों से अपील करते हैं कि इस ऐतिहासिक क्षण को गर्व के साथ साझा करें और भारत की एकता व प्रगति को मजबूत करें।

## सड़क किनारे नाले में मिला युवक का शव, मचा हड़कम्प

**उन्नाव।** नगर के माढापुर मार्ग के किनारे स्थित नाले में करीब 35 वर्षीय युवक का शव औंधे मुंह पड़ा पाया गया। शव करीब तीन-चार दिन पुराना लग रहा है। शव की अभीतक शिनाख्त नहीं हो सकी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। बांगरमऊ नगर के माढापुर मार्ग पर देशी व विदेशी शराब ठेके से करीब 300 मीटर दूर सड़क के किनारे स्थित नाले में आज पड़ोसी नागरिकों ने मंगलवार की दोपहर एक अज्ञात युवक का शव पड़ा देखा। शव पड़े होने की खबर फैलते ही घटनास्थल पर नागरिकों का मजमा लग गया। नागरिकों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाले में झाड़ियों के बीच पड़े शव को बाहर निकालकर पहचान कराने की कोशिश की किंतु मृतक का नाम और पता ज्ञात नहीं हो सका। अंततः पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। शव से तेज दुर्गंध उठ रही थी। जिससे पुलिस ने शव कई दिन पुराना होने की आशंका जताई है। नागरिकों ने युवक के दारू के नशे की हालत में अचानक रात के समय नाले में फिसलकर गिर जाने की आशंका जताई है।

# अधिकारियों को संतुष्ट नहीं कर पाये सीएमएस

■ रोगी कल्याण समिति के खाते से 20 लाख गबन का आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** 18 मार्च से जिला अस्पताल में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मी लापता है जिसपर विभाग का लाखों को गबन करने का आरोप है। उच्च अधिकारियों की जांच चल रही है जिसमें सीएमएस ने दोबारा स्पष्टीकरण भेजा था मगर उच्च अधिकारी स्पष्टीकरण संतुष्ट नहीं है। सदर कोतवाली के मोहल्ला जुराखनखेड़ा निवासी विनय यादव जिला अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी पद पर कार्यरत है। बीते 18 मार्च को वह अस्पताल जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका। इस दौरान अस्पताल प्रशासन ने रोगी कल्याण समिति के खातों की जांच की तो खाते में 19 लाख 98 हजार 604 रुपये गायब मिले। मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को हुई तो अस्पताल प्रशासन हरकत में आया और तीन सदस्यीय टीम बनाकर मामले में की जांच शुरु की गई। जांच में पटल पर तैनात अन्य लिपिकों के बयान दर्ज किए गए, जिसके बाद रिपोर्ट शासन को भेज दी गई। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक टीम द्वारा जांच के नाम पर महज खानापूर्ति की गई। जिसे उच्चाधिकारियों ने संतोषजनक नहीं माना और मामले का दोबारा स्पष्टीकरण देने के लिए सीएमएस डॉ. रियाज अली मिर्जा को पत्र भेज दिया था। सीएमएस द्वारा दोबारा स्पष्टीकरण भेजा गया, जिससे अधिकारी एक बार फिर संतुष्ट नहीं हुए। कई बार यह क्रम चला लेकिन सीएमएस अब तक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए हैं। इसपर उच्चाधिकारियों ने डीजी हेल्थ डॉ. रतनपाल सिंह को कार्यवाई करने के लिए पत्र भेज दिया है।

# आप ने कई लोगों को दी जिम्मेदारी सौंपी

■ दीपू महाराज को युवा मोर्चा की कमान सौंपी
■ अधिवक्ता योगेंद्र सिंह को लीगल सेल की कमान सौंपी



**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** आम आदमी पार्टी उन्नाव निरीक्षण भवन में आयोजित बैठक में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा कई कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जिसमें यूथ विंग की कमान दीपू कुमार को तथा लीगल सेल की कमान अधिवक्ता योगेंद्र सिंह को सौंपी गई। वही जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने एड अजय सिंह परिहार को भगवंतनगर विधानसभा की जिम्मेदारी व शिवकुमार सिंह को बिछिया ब्लॉक की जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में प्रदेश महासचिव अंकित परिहार ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि अगामी जिला पंचायत में आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। परिहार ने आगे कहा कि हर बूथ पर 10 यूथ की टीम बनाई जाएगी। परिहार ने योगी सरकार को घेरते हूए कहा कि प्रदेश में बेरोज़गारी बहुत बड़ा संकट है, सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया है। परिहार ने दीपू महराज को मनोनयन पत्र देकर जिलाअध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी, आगे कहा कि दीपू महराज पार्टी में विगत सालों से आम आदमी पार्टी कि विचार धारा को घर घर पहुंचा रहे है। बैठक में जिला अध्यक्ष कुलदीप यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की रीड़ की हड्डी होती है, हमारे सभी पदाधिकारी पूरी ईमानदारी के साथ अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपू महराज ने पार्टी ने राष्ट्रीय नेता अरविंद केजरीवाल व प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद संजय सिंह सहित सभी का आभार व्यक्त किया आगे कहा कि पूरे उन्नाव में युवाओं के हक अधिकार के लिए सड़क पर संघर्ष करेगें, पार्टी की नीतियों को घर घर पहुचयंगे। बैठक का समापन जिला महासचिव शैलेंद्र उपाध्याय ने सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

बैठक में कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता, सुरेश, नीलेश यादव, शिवकुमार सिंह, भानु प्रकाश, मीडिया प्रभारी शरीफखान सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अब खाड़ी देशों का दौरा कर फंसे भारतीय मजदूरों की रिहाई के लिए पहल करेंगे बजरंगी भाईजान

**गुरु जी/रमेश जी**



**किछौछा।** अंबेडकरनगर, अयोध्या, आजमगढ़ समेत आसपास के जिलों के खाड़ी देशों समेत अन्य देशों में काम कर रहे प्रवासी भारतीय मजदूरों/कामगारों के लिए एक अच्छी खबर है। अब जिले के इंडियन सोशल एक्टिविस्ट सै. आबिद हुसैन उर्फ बजरंगी भाईजान काम कर रहे प्रवासी मजदूरों के देशों में जा कर जमीनी हकीकत से रूबरू होते हुए वतन वापसी से लेकर अन्य मदद, लीगल एड मुहैया कराएंगे।

जिले के बसखारी थाना क्षेत्र के रुद्रपुर भगाही निवासी इंडियन सोशल एक्टिविस्ट सै. आबिद हुसैन उर्फ बजरंगी भाईजान को प्रसिद्ध संस्था एम इंडिया फोरम ( लक्ष्य भारत मंच ) ने ग्लोबल कम्युनिटी अफेयर्स का सचिव मनोनीत किया है। काउंसलेट जेनेरल ऑफ इंडिया के सहयोगी पार्टनर के रूप में संयुक्त अरब अमीरात ( यूएई ) और भारत में एम इंडिया फोरम कार्य करता है। ग्लोबल कम्युनिटी अफेयर्स का सचिव बनाए जाने पर सै. आबिद हुसैन उर्फ बजरंगी भाईजान ने एम इंडिया फोरम के संस्थापक/चेयरपर्सन शेख मुजफ्फर का शुक्रिया अदा किया है। खास बात यह है कि पूर्व में बजरंगी भाईजान के नाम से मशहूर सै. आबिद हुसैन सऊदी अरब, ओमान, कुवैत, इराक, इरान, यूएई समेत खाड़ी के अन्य देशों में फंसे भारतीय मजदूरों की वतन वापसी, मृत कामगारों के शवों को भारत लाने के लिए पत्राचार के माध्यम से तथा दूरभाष के जरिए इंडियन एंबेसी और संबंधित देशों के अहलकारों से संपर्क कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। लेकिन नया पद मिलने के बाद बजरंगी भाईजान खाड़ी देशों का दौरा कर प्रवासी भारतीय मजदूरों/कामगारों से रूबरू होते हुए वतन वापसी से लेकर अन्य मामलों में उन्हें जागरूक करने के साथ ही लीगल एड मुहैया कराएंगे।

# मॉकड्रिल का अभ्यास कराकर लोगों को किया गया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** वीरभूमि डिग्री कालेज महोबा में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की मौजूदगी में पुलिस एवं प्रशासनिक टीमों द्वारा सुरक्षा संबंधी एडवाइजरी जारी करते हुए संयुक्त रूप से मॉक ड्रिल के जरिए नागरिकों को युद्ध, आपात स्थिति को लेकर नागरिक सुरक्षा सुदृढ़ करने के लिए बचाव का प्रशिक्षण दिया गया, प्रशासन ने आपात स्थिति से निपटने के लिए वृहद स्तर पर विभिन्न आयामों को सम्मिलित करते हुए मॉक ड्रिल किया गया। सिविल पुलिस, पीआरडी, एनसीसी, एनएसएस, होमगार्ड, फायर सर्विस, आपदा मित्र, भूतपूर्व सैनिक, विद्युत विभाग, चिकित्सकीय टीमों सहित कई संगठन और स्वयंसेवी समूहों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह मॉक ड्रिल युद्धकालीन, अन्य आपात परिस्थिति में नागरिकों को सुरक्षा देने, स्वयं को सुरक्षित रखने, प्राथमिक चिकित्सा देने, हवाई हमले से अलर्ट करने और बिजली आपूर्ति को तत्काल रोककर ब्लैकआउट करने जैसी रणनीतियों के बारे में विस्तार से बताया गया। इसका सम्यक तरीके से अभ्यास भी कराया गया। आपात स्थिति में सायरन बजने पर क्या करना है और क्या नहीं करना है इसकी भी जानकारी दी गई। भारत सरकार उत्तर प्रदेश शासन एवं पुलिस महानिदेशक उ०प्र० द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में बुधवार को राजकीय वीरभूमि महाविद्यालय में मॉकड्रिल का अभ्यास कराया गया, जहां पर तमाम विभागों और संस्थाओं के लोगों ने बढ चढ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रशासन, पुलिस या सिविल डिफेंस द्वारा दिये गए निर्देशों को ध्यान से सुनें और उनका कड़ाई से पालन करें। हवाई हमले या युद्ध का सायरन बजते ही तुरन्त घर के अन्दर चले जाये, सुरक्षित आश्रय या पक्के मकान के बेसमेंट, बाथरूम या सीढ़ियों के नीचे शरण लें। रेडियो या आधिकारिक संचार चैनल सुनते रहें।

# युद्ध आपदाओं से संबंधित अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**संभल।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा युद्ध आपदाओं की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ एक जूम बैठक की। साइबर सिक्योरिटी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गेल यारा के एंट्री प्वाइंट को चेक करने तथा तेल एवं गैस की पाइपलाइन को लेकर भी पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साइबर सेल के प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि इस समय के माहौल को देखते हुए अगर कोई गलत ट्वीट करता है तो उस पर त्वरित प्रभाव से कार्यवाही की जानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति भारतीय सेना आदि पर सोशलमीडिया के माध्यम से गलत कमेंट करता है तो उनपर निगरानी रखी जाए तथा उनको पुछताछ के लिए भी बुलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग को भी एम्बुलेंस एवं आवश्यक चिकित्सा किट को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि अफवाहों के बारे में अलर्ट रहें। यारा तथा गेल जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जाए। जनपद के 49 गाँव जोकि संवेदनशीलता की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं उनको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा आपदा विशेषज्ञ अच्युत यादव को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम कुल से संबंधित अधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा एडीओ पंचायत उन गांवों में वॉलंटियर्स, नेहरू युवा केन्द्र से जुड़े लोगों तथा रिटायर्ड आर्मी के लोगों की सूची तैयार करें तथा गायत्री परिवार को जागरूकता के लिए लगाएं।



इसके उपरांत जनपद बुलंदशहर के नरौरा में नागरिक सुरक्षा के अन्तर्गत युद्ध आपदाओं से संबंधित मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। मॉक ड्रिल के अन्तर्गत नागरिक सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि हवाई हमले के समय हम किस तरह से कार्य कर सकते हैं तथा सीमित व्यवस्थाओं में घायल हुए लोगों एवं अन्य लोगों की मदद कर सकते हैं। हवाई हमले के समय बजने वाले सायरन को कैसे पहचाने उसको लेकर भी जानकारी दी गयी। उन्होंने सायरन की अविधि के विषय में भी बताया हवाई हमले के समय दो मिनट का सायरन अविधि होती है। हवाई हमले के समय क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए उसके विषय में भी जानकारी दी। हवाई हमले के समय शैलटर लेने तथा पेट के बल लेट कर सीने को ऊपर उठाते हुए कानों पर हाथ रख लेने चाहिए ताकि बम धमाके की आवाज न सुनाई दे या धीमे सुनाई दे। हवाई हमला खत्म होने पर पुनः दो मिनट का सायरन बजता है तथा इसकी आवाज एक समान होती है।हवाई हमले के समय लगने वाली आग को कैसे बुझाया जाए तथा घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए कैसे ले जाया जाए तथा सीपीआर कैसे दें। घरों की छत्तों पर कोई कोई कबाड़ न रखा हो इसको भी ध्यान रखने के लिए कहा गया। हवाई हमले के समय नालों के उपयोग को लेकर भी जानकारी दी गयी बताया गया कि इसके द्वारा भी अपने को सुरक्षित रखा जा सकता है। एनडीआरएफ तथा सीआईएसएफ की टीम द्वारा भी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं गयी। उन्होंने ब्लैक आउट के विषय में भी बताया गया तथा ब्लैक आउट के समय क्या करना चाहिए तथा क्या नहीं करना चाहिए उसके विषय में भी बताया गया। उन्होंने बताया कि इस समय प्रकाश बिल्कुल बंद रखना चाहिए, कोई भी रौशनी न जलाएं तथा बाहर न निकले एवं वाहन न चलाएं तथा वाहन की लाइट भी न जलाएं। इसके उपरांत बबराला में सांय 7- 30 बजे से 8 बजे तक ब्लैक आउट कराया गया तथा नगर की सभी लाइटों को बंद कराया गया, जनसामान्य ने अपनी इन्वर्टर सहित सभी लाइट एवं प्रकाश के उपकरणों को बंद रखा। बहजोई के मंडी समिति स्थित पुलिस लाइन में भी हवाई हमले से संबंधित मॉक ड्रिल किया गया जिसमें हवाई हमले के समय क्या करना चाहिए तथा क्या नहीं करना चाहिए उसके विषय में जानकारी दी गयी।

# डीएम ने कोचिंग क्लासेस और लाइब्रेरी का किया निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**


■ छात्र छात्राओं से सरकार द्वारा दी जा रही सुविधा का लाभ उठाने की अपील की

**महोबा।** वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं निःशुल्क अभ्युदय कोचिंग क्लासेस और लाइब्रेरी का बुधवार को जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। साथ ही तैयारियों की व्यवस्थाओं को भी देखा। उपस्थित विद्यार्थियों से सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की। जिलाधिकारी आज राजकीय वीर भूमि महाविद्यालय पहुंची, जहां पर उन्होने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों को जाना इसके बाद उन्होने छात्र छात्राओं से प्राप्त सुविधाओं की जानकारी भी ली, और उन्हे मार्गदर्शन भी किया। जिससे छात्र छात्राएं प्रतियोगी परीक्षा में शामिल हो कर सफलता हासिंल करें। साथ ही डीएम ने सरकार द्वारा कोचिंग और लाइब्रेरी की कराई गई व्यवस्था का भी लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी को अपने बीच पाकर प्रतियोगी छात्र छात्राएं भी खासा गदगद दिखाई दिए, और उनका उत्साह भी बढ गया।

# रिवई और सूपा गांव की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** विकासखंड चरखारी सभागार में बुधवार को उपजिलाधिकारी डा0 प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में सरकार द्वारा चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की प्रगति के बावत समीक्षा बैठक हुई। बैठक में एसडीएम ने फार्म रजिस्ट्री, राशनकार्ड, मनरेगा सहित अन्य कार्यो की उपस्थित अधिकारियों से जानकारी हासिल कर ग्राम पंचायत सचिवों को आवश्यक निर्देश दिए साथ ही रिवई सूपा व अन्य गांवों की अतिक्रमण मुक्त भूमि को चारागाह में संरक्षित करने के भी निर्देश दिए। विकासखंड सभागार चरखारी में आयोजित समीक्षा बैठक में एसडीएम ने सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र ग्रामीण को मिलना चाहिए। कहा कि मनरेगा के तहत गांवों में तालाबों की खुदाई कर जल संचयन सुनिश्चित करे जिससे गर्मी में उत्पन्न होने वाली पानी की समस्या से राहत मिल सके। बैठक में फार्म रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, राशन कार्ड, ईकेवाईसी आदि की समीक्षा करते हुए कार्यो को समय से पूर्ण करने के एसडीएम ने संबन्धित अधिकारियों को निदेर्शित किया। एसडीएम ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, गोआश्रय स्थल संचालन की भी जानकारी ली, साथ ही ग्राम पंचायत रिवई बम्हौरी कलां, गौरहारी और सूपा में अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि को चारागाह के रूप में संरक्षित करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में बीडीओ विपिन कुमार गुप्ता ने आवास योजना, पेयजल, सड़क निर्माण कार्यो की जानकारी दी। एडीओ पंचायत नीतेंद्र सिंह सेंगर ने मनरेगा के तहत कराए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट से रुबरू कराया। इस मौके पर एडीओ पंचायत राकेश त्रिपाठी, एडीओ आईएसबी चेतराम वर्मा, एडीओ समाज कल्याण शेख नदीम सोएब दुर्रानी, शादाब रजा खान, आदित्य सिंह, सोहेल दुर्रानी, सतीश वर्मा, शिवांक यादव स्वाति रिछारिया, रोहित गुप्ता, जीतेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहें।



■ एसडीएम चरखारी ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों से जानकारी लेने के बाद सचिवों को दिया आदेश

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**उन्नाव।** क्षेत्र के सलेमपुर गांव में शादी का टेंट लगा रहे युवक ने लोहे का पाइप ऊपर से निकली ग्यारह हजार लाइन में छू गया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे सीएचसी लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देख लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र सलेमपुर गांव निवासी सुखबीर गौतम की पुत्री कोमल की मंगलवार को बारात आनी थी जिसको लेकर क्षेत्र के ही समुदपुर हरदास निवासी नफीस 25 वर्ष पुत्र भूरे गांव के बाहर खेत में टेंट लगा रहा था तभी ऊपर से गुजरी 11 हजार विद्युत लाइन में लोहे का पाइप छू जाने से गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनो घायल को सीएचसी लेकर गए जहां डॉक्टरों ने युवक को गंभीर देख लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। छोटा भाई नूरआलम व चार बहने है जिसमें रोशनी, सबीना विवाहित जैस्मीन व बउआ अविवाहित है। मृतक के एक 8 माह का बेटा है मौत से पत्नी फूलबानो सहित अन्य परिजन रो-रोकर बेहाल हो गए।

# आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां में जुटे कार्यकर्ता

**अवधनामा संवाददात**

**ललितपुर।** कार्यकर्ता अपने अपने बूथ की कमेटियां दुरूस्त रखें। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में हम सभी पीडीए के फार्मूले पर चलकर बूथ कमेटियों को तैयार करने में जुट गए। यह बात समाजवादी पार्टी कार्यालय में हुई मासिक बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने कही। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी से मिले पर निर्देश का कार्यकर्ता पालन करेंगे। बूथ कमेटियों में हर वर्ग को शामिल किया जाएगा। जिससे चुनाव में सभी वर्गो की भागीदारी सुनिश्चित हो सके, ताकि हम सभी आगामी विधानसभा चुनाव 2027 आसानी से फतह कर पाएं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जी जान से अभी से चुनाव की तैयारियां में जुट जाएं। इस दौरान जिला महासचिव डा. शिशुपाल सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष तिलक सिंह यादव बानौली, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह यादव, विजय सिंह यादव, सहमाजवादी महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, नगराध्यक्ष अंशुल जैन अभि खजुरिया, कोषाध्यक्ष रोहित राठौर, नरेंद्र सिंह राजपूत, मूरत सिंह यादव, सोन सिंह यादव, तुलसीराम अहिरवार, राजेश झा, राजेश यादव जय गुरुदेव, पुष्पेन्द्र सिंह यादव, जावेद खान, खिलान सिंह, शहरोज खान, प्रमोद इमलिया, रामविलास रजक, मोहम्मद अनवर खान, यादवेन्द्र सिंह, रामनरेश यादव, ओमप्रकाश कुशवाहा, मुलायम सिंह अहिरवार, रामस्वरूप अहिरवार, राजकुमार अहिरवार, राजा यादव बंट, राजेंद्र सिंह यादव, राजेश पठारी, राजीव यादव दौलता, एड जगमान सिंह, प्रमोद कुशवाहा, लकी पटेल, महीप अहिरवार, शाजिद अली, पवन अहिरवार, राजेंद्र सिंह राजेश यादव, शालू यादव, हुकुम सिंह, विक्की रजक, पुष्पेन्द्र सिंह यादव दिनेरिया, आजाद सिंह, सुखलाल कुशवाहा, गोविंद यादव, रोहित परिहार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घर-घर जाकर गौरैया को पानी की लगायी मनुहार

■ तखत ग्रुप ने तीसरे दिन पौने चार सौ जलपात्रों का किया वितरण

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** बेजुबान पक्षियों को गर्मी में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए तखत ग्रुप की पहल रंग ला रही है। बुधवार को तखत ग्रुप के सदस्यों ने तीसरे दिन वार्ड सं. 24 के मोहल्ला सरायंपुरा, लक्ष्मीपुरा में घर-घर जाकर करीब 380 जलपात्रों का वितरण किया। इसके अलावा छोटे-छोटे बच्चों को चॉकलेट्स देकर उनसे भी जलपात्रों में चिड़ियों के लिए पानी भरने की बात कही। जलपात्र वितरण के दौरान देखने वाली बात यह रही कि जहां एक ओर छोटे-छोटे बच्चों में भारी उत्साह, उमंग और खुशी देखी गयी तो वहीं दूसरी ओर बुजुर्गों ने इस कार्य को मुक्त कंठ से सराहा। मोहल्ला लक्ष्मीपुरा में जलपात्र वितरण करते हुये सदस्यों ने लोगों से कहा कि पक्षियों को पानी के लिए कई तरीके हैं। आप स्थानीय संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों या अपने व्यक्तिगत प्रयासों से जलपात्र वितरित कर सकते हैं। इसके अलावा, आप विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर भी इन जलपात्रों की उपलब्धता को सुनिश्चित कर सकते हैं। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष रमेश खटीक, पार्षद अफजुल रहमान, मज्जू सोनी, पार्षद अशोक पंथ, पार्षद अरविन्द राजा, पार्षद रमेश श्रीवास्तव गांधी, पूर्व पार्षद रूपेश श्रीवास्तव, हृदेश हुण्डैत टिंकल, मनीष पटाका, सुमेर जैन रिंकू, मनीष सिंघई मिंटू, विजय शर्मा कुक्कन, रामकोटि तांत्रिक, राहुल मोदी, मनोहर यादव, मकरंद किलेदार विक्की, ब्रजेश जैन बल्ची, भूपेन्द्र सोनी, अमित तिवारी, पत्रकार अमित लखेरा, आशीष हुण्डैत, सुदामा मिश्रा, राजेश दुबे, रिषि राजा, ब्रजेश लाला के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

**व्यक्तिगत प्रयासः** आप स्वयं भी जलपात्र बनाकर या खरीदकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था कर सकते हैं। आप अपने घर की छत, बालकनी या आंगन में जलपात्र रख सकते हैं।

**जलपात्र का रख-रखाव-** जलपात्र को साफ और नियमित रूप से पानी से भरना आवश्यक है। पानी को ताजा और स्वच्छ रखें, ताकि पक्षी सुरक्षित रूप से पानी पी सकें।

**पक्षियों के लिए सुरक्षित जगह-** जलपात्र को पक्षियों के लिए सुरक्षित जगह पर रखना आवश्यक है, जहाँ वे बिना किसी खतरे के पानी पी सकें। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि पक्षियों को गर्मी में पानी की आवश्यकता होती है। इसलिए, इस बात का ध्यान रखें कि आप पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था कैसे कर सकते हैं।

**मिली सर्वत्र सराहना-** शहरवासियों ने तखत ग्रुप के इस अभियान की सराहना की। कहा कि गर्मी के मौसम में घर के बाहर और पेड़ की टहनियों पर जलपात्र रख दें। साथ ही इसमें पक्षियों को खाने के लिए दाना भी रखें। ताकि उन्हें भूख लगने पर दाना मिल जाए और पानी पीने से प्यास भी बुझ जाए।

**पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था कैसे करें?-** छत में भी पानी की व्यवस्था करें, छायादार जगह बनाकर वहां पानी के बर्तन भर कर रखें। पक्षियों के लिए बाजरा, चावल, ज्वार, गेंहू आदि जो भी घर में उपलब्ध हो उस चारे की व्यवस्था छतों में करें। कम पानी वाले जल स्रोतों को गंदा न करें, इससे पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हो सकती है।

### स्थानीय संस्थाओं और स्वयंसेवी संगठनों से जुड़ें

तखत ग्रुप के अलावा शहर में अन्य संस्थाएं भी हैं, जो पक्षियों की देखभाल के लिए काम करते हैं। जिनमें प्रमुख रूप से मानव आर्गेनाइजेशन, गौरैया बचाओ अभियान, गौरैया किड्स क्लब इत्यादि। आह्वान किया गया कि शहर के लोग इन संगठनों द्वारा पक्षियों की सुरक्षा और संरक्षण की दिशा में किये जा रहे कार्यों से जुड़कर भी सहभागिता कर सकते हैं।

## अन्य प्रदेशों की गाड़ियों में लोडिंग डाला के रुपये बढ़ाने की मांग

**ललितपुर।** मुनीम एसोशियेशन रजि. ने गल्ला व्यापार मण्डल को एक पत्र सौंपा है। बताया कि जिले के बाहर उत्तर प्रदेश एवं किसी भी अन्य प्रदेश को लोड हो रहीं समस्त गाड़ियों पर जो डाला अभी 2 रुपये प्रति टन है, उसको 3 रुपये कर दिया जाये, जिससे गल्ला व्यापार मण्डल की बैठक बुलायी जाये और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूरे भारत में सबसे कम डाला ललितपुर में लिया जाता है। इसलिए अब 5 मई से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, दक्षिण भारत, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बिहार एवं अन्य राज्यों की लोडिंग गाड़ियों का डाला 3 रुपये प्रति टन लिया जायेगा, जिसमें एक रुपये टन मजदूर संघ एवं शेष बचे 2 रुपये टन में से उस गाड़ी के गेट पास के रुपये लगेंगे। वह दुकान/फर्म की गद्दी पर जमा कर बाकी शेष बची रकम मुनीम को दी जायेगी। इस दौरान लालचंद्र जैन, सौरभ कुमार, संतोष कुमार, संतोष ब्रदर्स, सनत कुमार, अशोक कुमार, प्रसन्न जैन, राजेश जैन, सुनील जैन, जितेन्द्र जैन के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# बिलग्राम में मॉक ड्रिल पुलिस ने किया पैदल गश्त



अवधनामा संवाददाता

■ सायरन बजने पर लोगों को सिखाए सुरक्षा के तरीके

**बिलग्राम।** पाकिस्तान से तनाव के मद्देनजर बिलग्राम में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। गृह मंत्रालय के निर्देश पर बुधवार को बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र में यह अभ्यास किया गया। सायरन बजाकर लोगों को सतर्क किया गया। दमकल विभाग की गाड़ियां तैनात रहीं। थाना अस्पताल का स्टाफ अलर्ट मोड में रहा। रात 8:05 बजे ब्लैक आउट की योजना बनाई गई। बिलग्राम कोतवाली पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से पैदल गश्त की। टीम ने मंदिरों, मस्जिदों, स्कूलों, कॉलेजों, सरकारी अस्पताल और पावर हाउस समेत अन्य सरकारी भवनों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस अभ्यास के दौरान बिलग्राम उप जिलाधिकारी पूनम भास्कर बिलग्राम क्षेत्राधिकारी रवी प्रकाश सिंह कोतवाल राकेश कुमार बिलग्राम कस्बा इंचार्ज प्रदीप सिंह भानु प्रताप सिंह अजय तोमर अक्षय मलिक अरविन्द यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस, प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने इस मॉक ड्रिल की पूर्व तैयारी की थी।

## अभियान चला कर 35 डग्गेमार वाहनों के खिलाफ की कार्यवाही

**मथुरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मथुरा एवं संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), आगरा द्वारा दिये निर्देश के क्रम में मंगलवार को परिवहन विभाग, मथुरा के अधिकारियों द्वारा डग्गेमार वाहनों के विरूद्ध विशेष चौकिंग अभियान चलाया। इसी क्रम में राजेश राजपूत वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-प्रथम दल), मथुरा द्वारा सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मथुरा के साथ संयुक्त अभियान में गोवधर्न चौराहे पर डग्गेमारी कर रही छह बसों तथा स्कूलों में अवैध रूप से संचालित छह निजी ईको कार को भी निरूद्ध किया गया। इस तरह कुल 12 वाहन निरूद्ध किये गये। मनोज प्रसाद वर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-द्वितीय दल) मथुरा द्वारा पांच डग्गेमार वाहनों को चालान, निरूद्ध किया गया तथा संदीप चौधरी, यात्रीकर अधिकारी एवं सुश्री पूजा सिंह, यात्रीकर अधिकारी, मथुरा द्वारा क्रमशः 08 तथा 10 डग्गेमार वाहनों को चालन किये गये। राजेश राजपूत वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-प्रथम दल), मथुरा द्वारा अवगत कराया गया कि डग्गामर वाहनों के विरूद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# पुलिस लाइन में हुआ वॉर टाइम मॉक ड्रिल का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

■ डीएम व एसपी सहित विभिन्न सुरक्षा विभागों ने लिया हिस्सा

**कन्नौज।** पुलिस लाइन कन्नौज में वॉर टाइम मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान आमजन को आपातकालीन स्थिति जैसे युद्ध, आतंकी हमला या अन्य गंभीर संकट के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया। बुधवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार की उपस्थिति में पुलिस लाइन कन्नौज में आम नागरिकों की सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने हेतु वार टाइम मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। ड्रिल के दौरान आगजनी की कृत्रिम स्थिति निर्मित की गई। जिसमें आपदा प्रबंधन दल, एनसीसी के जवान, एसपीओ, फायर सर्विस, जनपद पुलिस बल एवं चिकित्सकों की टीम द्वारा आपातकालीन स्थिति में त्वरित रिस्पॉन्स, ग्रीन कॉरिडोर बनाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाने तथा हाई राइज बिल्डिंग से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की कार्यवाही का अभ्यास किया गया। इस अवसर पर आमजन को आपातकालीन परिस्थितियों में किए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई तथा जागरूक किया गया। उक्त मॉक ड्रिल के पश्चात शहर में फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। जिसमें नागरिकों को 08 बजे से 08:15 बजे तक होने वाली ब्लैकआउट मॉक ड्रिल की जानकारी दी गई एवं सहभागिता हेतु प्रेरित किया गया।

# बुद्ध पद -प्रदीप कार्यशाला सम्पन्न



अवधनामा संवाददाता

■ भारतीय संस्कृति विश्व को हमेशा सद् मार्ग दिखवाने का काम किया है

**ललितपुर।** बुद्ध पथ -प्रदीप विषयक कार्यशाला का आयोजन जय बुंदेलखंड कॉलेज ऑफ़ ला पनारी के शहर कार्यालय नालंदा डिजिटल लाइब्रेरी ललितपुर में उत्तर प्रदेश सरकार के दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बौद्ध शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष हरगोविंद कुशवाहा के मुख्य अतिथ्य व शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ओम शंकर श्रीवास्तव ने की। संगोष्ठी में बोलते हुए मुख्य अतिथि राज्य मंत्री हरगोविंद कुशवाहा ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व को सदा सद् मार्गदर्शन दिखाने का काम करती रही है हमारी संस्कृति में राम कृष्ण बौद्ध महावीर जैसे धर्म प्रवर्तकों ने जन्म लेकर समय-समय पर देश का सांस्कृतिक उत्थान किया है उन्होंने बोलते हुए कहा कि हम बुद्ध के शांति गांधी की अहिंसा के साथ-साथ आवश्यकता पड़ने पर शत्रु की भाषा में जवाब देना भी जानते हैं। इसके प्रमाण आज सारा विश्व देख रहा है।संसार के अन्य देशों ने जहाँ जन मानस को कटुता फैला कर युद्ध दिया वही भारत ने बुद्ध दिया जिनके शांति एवं अहिंसा प्रिय अनुयायी आज विश्व के वाइस देशों में बौद्ध शिक्षण संस्थान के माध्यम से जन जन तक बुद्ध के शान्ति और अहिंसा का संदेश जन जन तक पहुँचा रहे हैं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी एडवोकेट प्रवक्ता, जितेंद्र वैद्य, माजिद पठान पेंशनर एसोसिएशन के राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष हरिहर नारायण तिवारी पेंशनर एसोसिएशन अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद द्विवेदी कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ हेमंत तिवारी, राजकीय शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष जलील खान जिला प्राइवेट प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज रिछारिया हर प्रसाद कुशवाहा रामू चौबे ओमप्रकाश पटेल,अभिषेक पंडित केपी यादव राघवेंद्र साहू बादल यादव प्रफुल्ल जैन अनंत तिवारी रूपेश साहू शहर सैकड़ो की संख्या में शिक्षण विधि छात्र एवं प्रतियोगी छात्रों उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आज तक शत-प्रतिशत तामीला सुनिश्चित करें



**ललितपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अपर जिला जज प्रथम/अध्यक्ष प्रोसेस सर्विंग कमेटी यादवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई 2025 के आयोजन के संबंध में प्रोसेस सर्विंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सचिव मयंक जायसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु न्यायालयों, अनुभागों, बैंक द्वारा जारी किए गए नोटिस-सम्मन की तामीला स्थिति का अवलोकन किया गया, जिसमें 27007 नोटिस, सम्मन जारी किए गए पुलिस विभाग द्वारा आज तक मात्र 7562 नोटिस, सम्मन की तामीला कराई गई। तामीला हेतु 19445 शेष है जो कि असंतोष जनक है। पुलिस अधीक्षक से अपेक्षा की है कि संबंधित को निर्देशित करें कि 08 मई 2025 तक समस्त नोटिस/सम्मन की शत प्रतिशत तामीला सुनिश्चित हो।

### दहेज न मिलने पर विवाहिता से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पड़ोसी थाना तालग्राम के ग्राम फ़िरोजपुर निवासी स्मिता देवी पुत्री स्वर्गीय कुंवर सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि उसकी शादी 27 नवंबर 2024 को ग्राम मलिकपुर निवासी ओम शरन पुत्र संजीव के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराली जनों पति ओम शरन, ससुर संजीव, देवर विशेष, विशाल, देवरानी कुशमा देवी ने अतिरिक्त दहेज में सोने की अंगूठी व चैन एवं दो लाख रुपयों की मांग की। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर दिनांक 05 मई की दोपहर 01:30 बजे उपरोक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। तथा स्त्री धन छीन कर पहने हुए कपड़ों में घर से निकाल दिया एवं जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

### कोर्ट के आदेश पर दो के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** महिला के साथ दो युवकों द्वारा दुष्कर्म किए जाने के मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीडिता ने न्यायालय की शरण ली है। क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़िता द्वारा न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 05 जनवरी 2025 मडिया देवी मंदिर जाने वाले मार्ग पर पड़ोसी थाना ठठिया के ग्राम श्रीनगर बहेसोरा निवासी आनंद पुत्र मोहनलाल एवं राम नरेश पुत्र मुन्नू आदि ने उसे रास्ते में रोक कर झाड़ियों में खींच लिया और बारी-बारी से दुष्कर्म किया। उसके द्वारा विरोध करने पर उक्तगणों ने लात घुसों से मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### नरौरा एटॉमिक प्लांट सी आई एस एफ के ग्राउंड मे मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया

**संभल।** नरौरा एटॉमिक प्लांट स्थित सीआईएसएफ कॉलोनी के ग्राउंड में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में या हमले से बचाव के लिए मॉक ड्रिल में क्या- क्या सावधानी बरतने की आवश्यकता है इसका डैमो किया गया। सायरन बजाकर धमाकों में घायल हुए लोगों को प्राथमिक चिकित्सा हेतु संभावित स्थान तक पहुंचाया जाने एवं धमाकों से लगी आग को बुझाने का अभ्यास व एम्बुलेंस की मदद से धमाकों में घायल हुए लोगों को हायर मेडिकल सेंटर पहुंचाने का अभ्यास किया गया।

# रजत जयंती वर्ष में दो दिन मनेगा नववर्ष मेला

अवधनामा संवाददाता

■ आयोजन समिति की पुनः कमलेश अरोड़ा अध्यक्ष, प्रदीप श्रीवास्तव महामंत्री बने

**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति की बैठक में कमलेश अरोड़ा को अध्यक्ष, प्रदीप श्रीवास्तव को महामंत्री एवं मुकेश शर्मा को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। प्रतिवर्ष नवसंवत्सर (हिंदू नववर्ष) की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले विशाल नववर्ष मेला के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष में इस बार नवसंवत्सर 2083 पर दो दिवसीय मेला आयोजित होगा।

यह निर्णय नववर्ष मेला समिति मथुरा की बीती देर रात्रि को सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में आयोजित समीक्षा बैठक में लिया गया। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग कार्यवाह डॉ. संजय अग्रवाल ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। कार्यकारिणी में संरक्षक जीएलए विश्व विद्यालय के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल, सुरेश चंद्र अग्रवाल करांची वाले एवं जयप्रकाश शर्मा अगरबत्ती वाले, पांच उपाध्यक्ष यादवेंद्र अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, डॉ0 सी0 एल0 डुल्लू, डॉ0 शैलेंद्र प्रताप सिंह एवं लोकेश गर्ग, पांच मंत्री डॉ0 दीपा अग्रवाल, योगेश आवा, रजत बाल्मीकि, अनिरुद्ध अग्रवाल एवं सुभाष सैनी, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल सर्राफ एवं सह कोषाध्यक्ष गंगाधर अरोड़ा, प्रचार प्रमुख विशाल रुहेला एवं सह प्रचार प्रमुख समीर बंसल, दिनेश सिंह सिकरवार कार्यालय प्रमुख एवं सह कार्यालय प्रमुख देवेश कुमार होंगे। इनके अलावा प्रतियोगिता प्रमुख हरवीर सिंह एवं सह प्रतियोगिता प्रमुख दीपेश श्रीवास्तव, योगेश एवं राजीव पाठक होंगे।

श्रीवास्तव, योगेश एवं राजीव पाठक होंगे। महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि नवसंवत्सर 2083 को नववर्ष मेला के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष में इस बार मेला दो दिवसीय होगा। मेला स्मारिका का प्रकाशन होगा। स्मारिका समिति सहित विभिन्न समितियों की घोषणा की गई है। कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल और सह कोषाध्यक्ष गंगाधर अरोड़ा ने गतवर्ष मेला के आय- व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। मेला समिति द्वारा ग्यारह हजार रुपये की धनराशि का चैक सेवा भारती को दिया।

# पुलिस भर्ती प्रकिया में फिटनिस टैस्ट में पास करने का चल रहा मोटा खेल

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती में सफल हुए अभ्यर्थियों को चिकित्सकीय परीक्षण में पास कराने के नाम पर रिश्वत लेने वाले गिरोह का मंगलवार को भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण बोर्ड में शामिल जिला अस्पताल के चिकित्सक, उनकी पत्नी, फार्मासिस्ट समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 1.30 लाख रुपये नकद, छह मोबाइल, अभ्यर्थियों के बुलावा पत्र के फोटो आदि बरामद हुए।

पुलिस कार्रवाई को देख चिकित्सक की पत्नी ने बाथरूम का दरवाजा बंद कर दस्तावेजों को जलाने का प्रयास किया। फोरेंसिक टीम बुलाकर इसकी जांच कराई गई। मामले में कई डाक्टरों के साथ जिला अस्पताल के फार्मासिस्ट व वार्ड ब्वाय की भी भूमिका संदिग्ध पाई गई है। इनकी जांच की जा रही है।

पुलिस आरक्षी भर्ती में सफल हुए अभ्यर्थियों का पुलिस लाइन में 22 अप्रैल से 10 मई तक चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा रहा है। इसमें करीब 1538 अभ्यर्थी शामिल होने हैं। एक दिन में 90 अभ्यर्थियों का मेडिकल, बोर्ड में शामिल डाक्टरों द्वारा किया जा रहा है। जिला अस्पताल मथुरा में ईएमओ डा. हरिनारायण प्रभाकर मेडिकल बोर्ड के सदस्य हैं। इनका हाईवे पर चंदनवन फेज दो स्थित प्रभाकर नर्सिंग होम भी चल रहा है।

करीब पांच दिन पूर्व एसएसपी श्लोक कुमार को सफल अभ्यर्थियों को चिकित्सकीय परीक्षण में फेल करने और डरा-धमका कर रिश्वत मांगने की सूचना मिली थी। उन्होंने सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा के निर्देशन में थाना हाईवे और सर्विलांस टीमों को जांच करने के निर्देश दिए थे। कई दिनों तक टीमों ने गोपनीय स्तर पर जांच की और साक्ष्य एकत्रित किए। मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे टीम ने मुखबिर की सूचना पर मेडिकल बोर्ड में शामिल डा. हरिनारायण प्रभाकर के अस्पताल में बने आवास पर दबिश दी। टीम ने डा. हरिनारायण प्रभाकर, फार्मासिस्ट मथुरेश निवासी सरिया वाली गली सीमेंटेड रोड सौंख थाना मगोर्रा और डाक्टर के चालक जयपाल निवासी बी-26 बुद्धविहार चंदनवन फेस-दो थाना हाईवे को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 1.30 लाख रुपये, छह मोबाइल समेत कई दस्तावेज पुलिस के हाथ लगे। कार्रवाई को देख डाक्टर की पत्नी डा. शिवानी कुछ दस्तावेजों को लेकर बाथरूम में घुस गई और दस्तावेजों को आग लगा दी। पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर डा. शिवानी को भी साक्ष्य मिटाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। जले हुए दस्तावेजों में पुलिस को कई अभ्यर्थियों के बुलावा-पत्र मिले हैं।

एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि कार्रवाई के दौरान मौके पर मिले एक अभ्यर्थी नवीन कुमार ने बताया कि उसका नौ मई को मेडिकल परीक्षण होना है। इसके लिए फार्मासिस्ट मथुरेश ने डा. प्रभाकर से मिलवाने के लिए बुलाया था। यहां धमकाया कि अगर रुपये नहीं दिए तो तुम्हें मेडिकल में असफल कर दिया जाएगा। इसलिए वह मथुरेश के साथ आया था, यहां दो अन्य अभ्यर्थी भी मौजूद थे। उन्होंने उसके सामने मथुरेश को 65000 हजार रुपये मेडिकल परीक्षा में पास कराने को दिए। मथुरेश ने डाक्टर के ड्राइवर जयपाल को ये रुपये दिए, उसने ये रकम ले जाकर डा. प्रभाकर को दे दी। एसएसपी ने बताया कि इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर चारों को जेल भेज दिया है।

## ऑपरेशन सिंदूर भारत की सेना के शौर्य साहस का अदम्य नमूना

**मथुरा।** जम्मू कश्मीर के पहलग़म में इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा जिस प्रकार हिंदुओ का नरसंहार किया जिसे देख देश का हर नागरिक इस्लामिक आतंकवादियों के सफाए का इंतजार कर रहा था, हमले को 13 दिन बीत चुके पर आतंकवादियों पर कोई बड़ी कार्यवाही ना होते देख भारत की जनता का मनोबल टूटने लगा पर अचानक कल रात भारत की जल, थल, नभ की सेनाओं के पराक्रम को देख देश भारत की जनता का सर गर्व से ऊंचा उठ गया। अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा द्वारा देश की सेनाओं के पराक्रम को नमन करते हुए कहा भारत वीरों की भूमि है जो पहले किसी को छेड़ता नहीं है और बाद में किसी को छेड़ता नहीं है। अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश संयोजक गोपाल चतुर्वेदी ने कहा हिंदुस्तान का हर हिन्दू इस्लामिक आतंकवाद के सफाए के लिए देश की सेनाओं के साथ खड़ा है जिस बहादुरी से भारत के सैनिकों ने पाकिस्तान में घुस कर आतंकवाद के अड्डे पर मिसाइल से हमला किया है इससे आतंकवादियों और आतंकवाद के आकाओं को सकते में डाल दिया है।

# पुलिस का ऑपरेशन लंगड़ा अभियान जारी

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** वृंदावन थाना क्षेत्र में श्रद्धालु महिलाओं से पर्स छीनने की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक कुख्यात बदमाश को एसओजी टीम और थाना पुलिस ने संयुक्त मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के दोनों पैरों में गोली लगने से वह घायल हो गया। मौके से लूटा गया एप्पल आईफोन-13, 4600 रुपये नकद, एक तमंचा, कारतूस और वारदात में प्रयुक्त हीरो एक्सट्रीम बाइक बरामद की गई है। गिरफ्तार बदमाश का नाम गणेश उर्फ अनेश पुत्र सतीश निवासी सौंसा, शाहपुर थाना मगोर्रा, मथुरा है जिसकी उम्र लगभग 28 वर्ष है। उसे उपचार हेतु जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती करा दिया गया है। सीओ संदीप कुमार ने बताया कि बदमाश गणेश उर्फ अनेश मोटरसाइकिल पर अकेले सवार होकर ई-रिक्शा में बैठी महिलाओं का पीछा करता था और मौका देखकर पर्स लूटकर फरार हो जाता था। 5 मई को उसने बुर्जा रोड, वृन्दावन में एक श्रद्धालु महिला का पर्स लूटा था, जिसकी रिपोर्ट थाना वृन्दावन में दर्ज की गई थी। पुलिस ने मात्र 36 घंटे के अंदर घटना का खुलासा कर आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। गणेश उर्फ अनेश के खिलाफ मथुरा जनपद के विभिन्न थानों में गंभीर धाराओं में कुल 6 मुकदमे दर्ज हैं जिनमें हत्या, अवैध हथियार और चोरी जैसे संगीन अपराध शामिल हैं। एसओजी टीम व थाना पुलिस की कार्रवाई में गोवर्धन में श्रद्धालु महिला से पर्स लूटने की घटना को अंजाम देने वाले शातिर बदमाश मोहन उर्फ मोहित निवासी ड़ीग राजस्थान को नीमगांव चौराहा ड़ीग रोड से गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से वो घायल हो गया। इस दौरान बाल अपचारी को भी हिरासत में लिया है। आरोपी के कब्जे से छीना गया फोन, 2200 रुपये, पर्स, एक तमंचा, कारतूस व लूट में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है।

## पेड़ से लटका मिला किशोरी का शव

**उन्नाव।** औरास थाना क्षेत्र के रामपुर गढौंवा गांव निवासी धर्मेंद्र की बेटी 14 वर्षीय बेटी पलक का शव मंगलवार को गांव के भल्लू के बाग में आम के पेड़ पर दुपट्टा से लटका देख ग्रामीण दंग रह गये। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार धर्मेंद्र वर्तमान में कुछ महीने पहले मजदूरी के लिए गुजरात गया था। घर में उसकी पत्नी रेशम दो बेटियों में पलक व सगुन रहती थी। पलक गांव के ही उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढती थी। मंगलवार को मां ने पलक को किसी बात को लेकर कुछ कह दिया। इसी बात से नाराज हो पलक ने फांसी लगा जान दे दी। थाना प्रभारी भवन सिंह मौर्य ने बताया कि किसी तरह का आरोप नही है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# आपदा से निपटना सभी का सामूहिक दायित्वः डीएम

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय स्थिति के दृष्टिगत परिस्थितियों से निपटने हेतु मॉकड्रिल के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग अपनी ओर से सभी तैयारियों को पूर्ण कर लें। विद्यालयों में छात्रों को सुरक्षात्मक तैयारियों की जानकारी दी जाये। लोगों को किसी भी अफवाह से बचने की जानकारी दी जाये। मजबूत सूचना तंत्र विकसित किया जाये। लोगों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाएं। किसी आपात स्थित में क्या करें और क्या न करें, इसके बारे में बताया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि ब्लैकआउट के दौरान सभी लाइटें और बिजली के उपकरण बन्द कर दें। इन्वर्टर और जेनरेटर बन्द करें ताकि बाहरी रोशनी समाप्त हो सके। रेडियो, मोबाइल एवं अन्य माध्यमों से सरकारी निर्देश सुनते रहें। जरुरी दवाइयाँ और टार्च आदि सामान पहले से तैयार रखें। कहीं भी सामूहिक रूप से इकठ्ठा न हों। सरकारी निर्देशों का पालन करें। घर की खिड़कियों में मोटे पर्दे लगाकर रखें। अगर पर्दा न हो तो खिड़की के शीशे पर कागज़ चिपका दें। इमरजेंसी नंबरों की पूरी जानकारी रखें। आवश्यकता पड़ने पर इन नंबरों पर तत्काल संपर्क करें। उन्होंने कहा कि जनपद में बेसमेंट वाले भवनों की पहचान कर ली जाये। लोगों को जागरूक करने के लिए वालंटियर्स व विभिन्न सरकारी एजेंसियों के बीच समन्वय रखा जाये। अस्पतालों में सभी आपातकालीन दवाइयों व चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाये। डिग्री कॉलेज के बच्चों, स्काउट गाइड व एनएसएस के बच्चों की सहायता जागरूकता के लिए ली जाये। लोगों को बताया जाये कि सायरन बजते ही घर की बिजली बन्द कर दें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने लोगों से भी अपील की है कि सभी नागरिक पूरा सहयोग करें। आपदा से निपटना सिर्फ प्रशासन नहीं बल्कि सभी का सामूहिक दायित्व है। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा कि पुलिस टीमें लगातार सक्रिय रहें। टीमें लगातार गश्त करती रहें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विराट कोहली मामले पर पैपराजी ने राहुल वैद्य को घेरा



**नई दिल्ली।** बिग बॉस 14 के प्रतियोगी और सिंगर राहुल वैद्य ने भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली पर विवादास्पद टिप्पणी करते हुए उनके फैंस को उनसे भी बड़ा जोकर बताया था। इस मामले पर पैपराजी ने उन्हें घेर लिया और सवाल जवाब किया। इस पर एक पैपराजी ने कह दी ऐसी बात कि सुन चौंक जाएंगे आप।

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सिंगर राहुल वैद्य मुंबई एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसी दौरान कुछ पैपराजी ने उनसे विराट कोहली से संबंधित किए गए पोस्ट के बारे में सवाल किया। एक पैपराजी ने राहुल से पूछा, आप पागल कैसे कह सकते हैं? इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'मैंने पागल नहीं जोकर कहा था।' इस पर पैपराजी ने दोबारा सवाल पूछा कि आप जोकर भी कैसे कह सकते हैं। तो उन्होंने जवाब में कहा, इस तरह की गालियां मुझे और मेरे परिवार को दी गई हैं। इस जवाब में पैपरजी ने पूछा कि क्या विराट ने गाली दी, तो उन्होंने कहा नहीं विराट के फैंस ने।

# जब मैं बुलंदियों पर था तो आरसीबी छोड़ने के सुझाव मिले...

**नई दिल्ली।** कोहली ने स्वीकार किया कि तनाव ने खेल के प्रति उनके प्यार को प्रभावित करना शुरू किया था। उन्होंने एक पॉडकास्ट में खुलासा किया है कि उन कठिन वर्षों के दौरान उन्होंने आरसीबी छोड़ने पर भी विचार किया था।

आईपीएल में विराट कोहली एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं, जो 18 सत्रों तक एक ही टीम से जुड़े रहे। हालांकि, एक ही टीम से जुड़े रहने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। उनके लिए ऐसा करना आसान नहीं था और इसका खुलासा खुद कोहली ने एक पॉडकास्ट में किया है। उन्होंने मयंती लैंगर के साथ आरसीबी बोल्ड डायरीज पॉडकास्ट में कहा कि एक समय ऐसा भी आया था जब उन्हें इस फ्रेंचाइजी को छोड़ने के सुझाव मिल रहे थे। तब वह अपनी बुलंदियों पर थे। हालांकि, तब उन्हें एहसास हुआ कि फैंस और लोगों से रिश्ता यादा जरूरी है और बेंगलुरु को ही उन्होंने अपना घर बना लिया। मयंती ने कोहली से पूछा- 18 साल एक फ्रेंचाइजी में...ग्लोबल स्पोर्ट्स या इससे जुड़े लीजेंड्स से कभी आपने इसे जोड़कर देखा? जॉर्डन, शुमाकर, हैमिल्टन, रोनाल्डो,



मेसी...जैसे महान एथलीट्स भी कभी एक फ्रेंचाइजी से जुड़कर नहीं रहे। हमने रिसर्च किया और शायद सिर्फ टॉम ब्रैडी ही एक ऐसे एथलीट हैं जो एक ही टीम के साथ 19 साल तक जुड़े रहे। क्या आपने इस तरह से कभी सोचा है? इस पर कोहली ने कहा, हां बिल्कुल सोचा है। इसमें कई और भी नाम हैं, भले ही वे बहुत बड़े एथलीट्स नहीं हैं, जैसे स्टीवन जेरार्ड (लिवरपूल के पूर्व फुटबलॉर), फ्रैंचेस्को टोट्टी (एस रोमा के पूर्व फुटबॉलर)। मैंने पहले भी कहा है, मुझे अपने करियर की ऊंचाइयों के दौरान किसी और टीम को तलाशने और देखने का अवसर मिला था। 2016 से 2019 तक मुझे लगातार स्विच करने के सुझाव मिले थे। एक समय पर आकर मेरे लिए सच में कठिन हो गया था क्योंकि मेरे जीवन में बहुत कुछ हो रहा था। फैंस को हर मैच में मुझसे उम्मीदें थीं। कोहली ने स्वीकार किया कि तनाव ने खेल के प्रति उनके प्यार को प्रभावित करना शुरू कर दिया था। उन्होंने कहा, मुझे कभी भी खुद पर से बोझ कम नहीं लगा या ऐसा नहीं लगा कि फैंस का ध्यान कहीं और है। मैं हमेशा एक ऐसी जगह पर था जहां मुझे नहीं पता था कि क्या करना है। मैं 24×7 यही सोचता रहता था और मेरे लिए यह कठिन हो गया था। मैंने फैसला किया कि अगर मैं इस जगह पर रहना चाहता हूं, तो मुझे खुश रहने की जरूरत है। मैं ऐसी जगह रहना चाहता था जहां मैं बिना किसी धारणा के क्रिकेट खेल सकूं।

कोहली ने खुलासा किया कि उन कठिन वर्षों के दौरान उन्होंने आरसीबी छोड़ने पर भी विचार किया था, लेकिन जोर देकर कहा कि वह कभी भी इस कदम को उठाने के लिए प्रलोभित या तत्पर नहीं थे। अंत में उन्होंने इस फ्रेंचाइजी के साथ आपसी सम्मान और सार्थक संबंध बनाने का फैसला किया।

# कबड्डी में फिर बेटियों का डंका, फेडरेशन कप जीता



**घुमारवीं(बिलासपुर)।** बेटियों ने चौथे सीनियर महिला फेडरेशन कप अपने नाम कर लिया है। फाइनल मुकाबले में रेलवे की टीम को 33-25 के अंतर से हराकर हिमाचल ने दबदबा कायम किया।

कबड्डी में पहाड़ की बेटियों ने फिर लोहा मनवाया है। बेटियों ने चौथे सीनियर महिला फेडरेशन कप अपने नाम कर लिया है। फाइनल मुकाबले में रेलवे की टीम को 33-25 के अंतर से हराकर हिमाचल ने दबदबा कायम किया। हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव कृष्ण लाल ने बताया कि टीम ने सेमीफाइनल में हरियाणा की मजबूत टीम को 29-28 के करीबी अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। विजेता टीम में पुष्पा राणा, साक्षी शर्मा, ज्योति ठाकुर, भावना ठाकुर, अंकिता चंदेल, शगुन, तन्वी लुक्टा, दिव्या मेहता, शैली चंदेल, स्वाति, अंशुल, रंजना, कृतिका और दिव्या ज्योति शामिल रहीं। टीम की कोच पूजा ठाकुर थीं। वहीं, सहायक कोच के रूप में सुमन शर्मा टीम के साथ रहीं। महासचिव ने इस जीत का श्रेय खिलाड़ियों की मेहनत, बेहतरीन कोचिंग और हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन को दिया।

# विजेंदर से लेकर साइना-योगेश्वर तक, ओलंपिक पदक विजेताओं ने भी भारत के कार्रवाई की सराहना की

**नई दिल्ली।** 2008 बीजिंग ओलंपिक में मुक्केबाजी में भारत के लिए कांस्य पदक जीतने वाले विजेंदर सिंह और 2012 लंदन ओलंपिक में पदक जीतने वाले पहलवान योगेश्वर दत्त ने भी ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की है।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला भारत ने ले लिया है। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के नौ आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना ने मिसाइल दागे और उन्हें नेस्तनाबूद कर दिया। इस कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान और वहां के नेताओं की ओर से गीदड़भभकियां भी शुरू हो गई हैं। वहीं, भारतीय लोग ऑपरेशन सिंदू से बेहद खुश हैं। खेल जगत से भी इसको लेकर काफी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ियों ने इसको लेकर प्रतिक्रियाएं दी हैं और खुशी जताई है।2012 लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने कहा, जय



हिंद। वहीं, 2008 बीजिंग ओलंपिक में मुक्केबाजी में भारत के लिए कांस्य पदक जीतने वाले विजेंदर सिंह और 2012 लंदन ओलंपिक में पदक जीतने वाले पहलवान योगेश्वर दत्त ने भी ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की है। विजेंदर ने लिखा, भारत माता की जय।% योगेश्वर ने लिखा, आतंकवाद अब बर्दाश्त नहीं करेगा भारत। जय हिंद, जय जवान। शतरंज खिलाड़ी विदित गुजराती ने लिखा, मुझे खुशी है कि भयानक पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये माकूल जवाब दिया। आतंकवाद का जवाब दिया ही जाना चाहिए। ऑपरेशन का कितना सुंदर नाम। भारत माता की जय। राष्ट्रमंडल खेलों में तीन बार की पदक विजेता बबीता फोगाट ने लिखा, जिहादियों ने कहा था मोदी को बता देना...जाओ बता भी दिया और मिट्टी में मिला भी दिया..भारत माता की जय। उन्होंने एक और पोस्ट किया और लिखा, %भारतीय सेना ने मिट्टी में मिला दिया। जय हिंद की सेना! आतंकवादियों ने हमारी मां बहनों की मांग से सिंदूर छीने थे, मोदी जी ने आतंकवादियों के हलक से उनकी जान छीन ली!!22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला हुआ। उसमें 25 पर्यटकों और एक नेपाली नागरिक की जान गई थी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया था कि भारत इसका जवाब देगा। इसके बाद 29 अप्रैल को सेना के तीनों प्रमुखों, सीडीएस और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार समेत वरिष्ठ मंत्रियों के साथ हुई बैठक में भी प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का जवाब किस तरह होगा और कब होगा, यह तय करने के लिए सेना को खुली छूट दी गई है। इसके बाद यह तय हो गया था कि भारत जल्द कार्रवाई करेगा। पहलगाम हमले में आतंकियों ने पर्यटकों का धर्म पूछकर उन्हें गोली मारी थी। हमले के 15 दिन बाद 6 और 7 मई की दरमियानी रात यह कार्रवाई पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर, दोनों के अंदर ऐसी जगहों पर हुई, जहां आतंकियों के ठिकाने मौजूद हैं। कुल नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसमें यह ध्यान रखा गया कि पाकिस्तान का कोई सैन्य ठिकाना इसकी जद में न आए। भारत ने इस मामले में संयम बरता और सिर्फ आतंकी ढांचों को निशाना बनाया।

22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम स्थित पर्यटक स्थल पर आतंकियों ने गोलियां बरसाई थीं। इन आतंकियों ने लोगों से धर्म पूछा था। हिंदू पुरुषों को अलग किया और उनके परिवार के सामने उन्हें गोली मार दी। हमले में कई महिलाओं ने अपने पति को खोया। इनमें से कुछ महिलाओं की कुछ ही दिन पहले शादी हुई थी और वे पति के साथ पर्यटन के लिए पहलगाम आईं थीं। इस हमले में जिन महिलाओं के माथे का सिंदूर छिन गया, उन्हीं के सम्मान में एक संदेश देने के लिए भारत ने इस कार्रवाई को ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया।

# भारतीय मूक बधिरों की नेशनल क्रिकेट टीम ने दिखाया जीत का जज़्बा

दुबई में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय डेफ क्रिकेट लीग में भारतीय मूक बधिर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने अपना करिश्माई खेल का जज़्बा दिखाया और भारतीय टीम के अधिकांश खिलाड़ी ने जीत के साथ प्रतिभाग किया और प्रथम स्थान पर रही। प्रतियोगिता का आयोजन 28 अप्रैल से 3 मई 2025 तक किया गया था। जिसमें विभिन्न देशों के अंतरराष्ट्रीय मूक बधिर क्रिकेट खिलाड़ियों ने भी प्रतिभाग किया।

उत्तर प्रदेश के मूक बधिरों खिलाड़ियों ने भी अपना दम दिखा जीत हासिल की। और विरोधी टीमें को पराजित किया। डेफ क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश की टीम के खिलाड़ी इस अंतरास्ट्रीय डेफ लीग 2025 में रनर अप रहे जिसमें उत्तर प्रदेश के अनुभव गौतम (कप्तान), ऋषिकांत बैठा, अजित तोमर, अमन रिजवी, तन्मय तिवारी, गौरव मिश्रा, शहाबुद्दीन शेख, चेतन कुमार, मुन्तजिर हुसैन, रौशन केसरवानी, शशांक सिंह के शानदार खेल ने अपनी टीम को



विजय हासिल किया। अंतरास्ट्रीय मूक बधिर खिलाड़ी तन्मय तिवारी ने बेस्ट बैट्समैन में 37 बॉल पर 50 रन बनाए तथा शहाबुद्दीन शेख ने 29 बॉल पर 44 रन बनाए। वाले बेस्ट बॉलर में अमन रिजवी ने 3 ओवर में 5 विकेट लिए। इसको ↙श्व द्वारा विजेता टीम को ईमान दिए गए।

इस अंतरराष्ट्रीय मूक बधिरों क्रिकेट लीग में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी जीत के साथ अपने वतन वापसी की हैं । उसकी खुशी से बधिर समाज में उत्साह और परिवार में खुशी का माहौल हैं।

डेफ क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव ऋषिकांत बैठा ने बताया कि उनका उद्देश्य मूक बधिर खिलाड़ियों को भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों की तरह सरकार से अनुदान मिले तथा मूक बधिर खिलाड़ियों को खेल के लिए सरकारी सहायता दी जाए। जिसके लिए वो सरकार से लगता पत्राचार और वार्ता कर रहे हैं। और उनकी कोशिश हैं कि उत्तर प्रदेश में भी अंतरराष्ट्रीय मूक बधिर क्रिकेट का आयोजन किया जाए जिसमें विभिन्न देशों के मूक बधिर खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकें।

# तान्हाजी से लेकर दे दे प्यार दे तक, ये हैं अजय देवगन की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली फिल्में

**मुंबई।** अजय देवगन हाल ही में फिल्म रेड 2 में नजर आए हैं। इस फिल्म की तारीफ लोग सोशल मीडिया पर जमकर कर रहे हैं। फिल्म पर लगातार हो रही चर्चा के बीच आइए आपको उनकी टॉप 10 सबसे यादा कलेक्शन करने वाली फिल्मों के बारे में बताते हैं।

बॉलीवुड के दमदार अभिनेता अजय देवगन की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म रेड 2 सिनेमाघरों में धूम मचा रही है। दर्शकों को यह फिल्म खूब पसंद आ रही है। अजय देवगन के साथ रितेश देशमुख की जोड़ी ने फैंस का दिल जीत लिया है। रेड 2 तेजी से 100 करोड़ क्लब की ओर बढ़ रही है। इन दिनों इसकी चर्चा हर तरफ हो रही है। इस मौके पर आइए एक नजर डालते हैं अजय देवगन की अब तक की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली 10 फिल्मों पर, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया। अजय देवगन की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली फिल्म



तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर है। 2020 में रिलीज हुई इस फिल्म ने 279.55 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। यह एक पीरियड ड्रामा थी, जिसमें अजय ने मराठा योद्धा का किरदार निभाया था। सैफ अली खान और काजोल भी इस फिल्म का हिस्सा थे। अजय की दमदार एक्टिंग और फिल्म की भव्यता ने इसे ब्लॉकबस्टर बना दिया था। सिंघम अगेन अजय देवगन की मशहूर सिंघम फ्रेंचाइजी का हिस्सा थी। इस फिल्म ने 268.35 करोड़ रुपये कमाए। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2024 में रिलीज हुई थी। इसमें अजय ने एक बार फिर पुलिस ऑफिसर सिंघम का किरदार निभाया था। फिल्म में एक्शन, ड्रामा और देशभक्ति का तड़का था। हालांकि, इसकी कमाई को बजट के हिसाब से संतोषजनक नहीं माना गया।

2022 में रिलीज हुई दृश्यम 2 ने 240.54 करोड़ रुपये की कमाई की। यह थ्रिलर फिल्म अजय देवगन के करियर की सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक है। इसमें उन्होंने विजय सालगांवकर का किरदार निभाया था, जो अपनी फैमिली को बचाने के लिए हर हद पार कर जाता है। तब्बू और श्रिया सरन भी इस फिल्म में थीं। इसकी सस्पेंस भरी कहानी ने दर्शकों को बांधे रखा था।

गोलमाल अगेन 2017 में रिलीज हुई थी। इसने 205.69 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। रोहित शेट्टी की यह कॉमेडी फिल्म गोलमाल फ्रेंचाइजी की चौथी कड़ी थी।

# ऑपरेशन सिंदूर ने देशभर में भरा जोश

**मुंबई।** भारतीय सेना देर रात पाकिस्तान और पीओके में आतंकियों के नौ ठिकानों पर स्ट्राइक की है। भारत ने बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे ऑपरेशन सिंदूर के तहत इन आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। अब तक कई बॉलीवुड कलाकारों ने इस ऑपरेशन पर अपना रिएक्शन दिया है...भारत ने 15 दिन पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला ले लिया है। बीती रात भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एयर स्ट्राइक करते हुए नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। भारतीय सशस्त्र बलों ने इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया है। अब इस ऑपरेशन पर कई बॉलीवुड कलाकार भी अपना रिएक्शन दे रहे हैं। इनमें अनुपम खेर से लेकर विनीत कुमार सिंह जैसे सितारों के नाम शामिल हैं।

# भारतीय सेलेब्स को ट्रोल करने वालों को जान्हवी का करारा जवाब

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री ने जान्हवी कपूर ने हाल ही में उन नेटिजन्स पर कड़ी प्रतिक्रिया दी, जो 'मेट गाला' में बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए भारतीय सेलेब्स को ट्रोल कर रहे थे। मशहूर फैशन समीक्षक डाइट सब्या ने अपने पोस्ट में इस तरह के कमेंट पर सवाल उठाए।

बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने उन नेटिजन्स पर कड़ी प्रतिक्रिया दी, जो 'मेट गाला' में बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए भारतीय सेलेब्स को ट्रोल कर रहे थे। 'मेट गाला 2025' में शाहरुख खान, कियारा आडवाणी, दिलजीत दोसांझ, प्रियंका चोपड़ा और कई अन्य सेलेब्स शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद इंटरनेट पर कुछ लोगों ने इसे मेट का चांदीवेलिफिकेशन (चांदीकरण) कहा।

मशहूर फैशन समीक्षक डाइट सब्या ने अपने पोस्ट में इस तरह के कमेंट पर सवाल उठाए। इस मुद्दे पर जान्हवी कपूर ने भी अपनी राय रखते हुए भारतीय सेलेब्स की उपस्थिति पर सवाल उठाने वालों की आलोचना की। जान्हवी ने कमेंट करते हुए



लिखा, 'यह सही समय था। हमारे आर्टिस्ट और डिजाइनर दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं, वह मेट जैसे वैश्विक मंच पर सुर्खियों के हकदार हैं। हमारे आइकन भी हैं।÷

अभिनेत्री ने आगे कहा, 'क्या हमें इस बात पर खुश नहीं होना चाहिए कि हमें आखिरकार अपना हक मिल रहा है, बजाय इसके कि हम इस बात पर दुखी हों कि इस मंच पर अपने ही लोगों को देखकर यह थोड़ा कम महत्वाकांक्षी लग रहा है? क्या मैं कह सकती हूं कि हमारी ड्रेस सबसे शानदार थी। दशकों से हमारे आर्टिस्ट के काम को हमारे देश से निर्यात किया जाता रहा है और बिना किसी क्रेडिट के वैश्विक मंचों पर रखा जाता रहा है। दशकों से उन्होंने हमारे कपड़े, हमारी कढ़ाई, हमारे वस्त्र, हमारे आभूषण उधार लिए हैं और इसे एक ऐसी रचना के रूप में प्रस्तुत किया है, जिसके वे असली मालिक हैं। मुझे खुशी है कि हमारे लोगों को आखिरकार हमारे काम और विरासत का इतना प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल रहा है। कुछ भी हो मेट में हमारे कलाकारों और परिधानों को देखकर मुझे जो गर्व की अनुभूति हुई, उसने पूरे मेट को और भी जादुई बना दिया।' यूजर्स ने जान्हवी कपूर के इंडस्ट्री के लिए खड़े होने की सराहना की।

मंगलवार को शाहरुख खान समेत कई सितारों शिरकत की। कियारा आडवाणी ने इस कार्यक्रम में अपना बेबी बंप दिखाते हुए अपनी चमक बिखेरी। ऐसा करने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं। दिलजीत दोसांझ ने आइवरी महाराजा लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रियंका चोपड़ा जोनास पांचवीं बार मेट में शामिल हुईं, ईशा अंबानी, मनीष मल्होत्रा, सब्यसाची मुखर्जी, मोना पटेल और अन्य लोगों ने भी 'मेट गाला 2025' में शिरकत की।

# करण जौहर ने सुहाना खान को लेकर किया दिलचस्प खुलासा



**मुंबई।** करण जौहर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान के टैलेंट की तारीफ करते हुए उनकी फिल्म किंग को लेकर एक खास बात से पर्दा उठाया। फिल्म निर्माता-निर्देशक करण जौहर हमेशा से ही नए टैलेंट को अपनी फिल्मों में मौका देते आए हैं, लेकिन इस बात करण अपनी फिल्म की एक्ट्रेस को लेकर नहीं बल्कि शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान के टैलेंट की तारीफ करते नजर आए। बातों ही बातों में करण ने फिल्म किंग से एक खास बात से भी पर्दा उठा दिया। आइए जानते हैं फिल्म किंग से जुड़ा किस्सा.... न्यूज 18 डॉट कॉम की एक खबर के मुताबिक, करण जौहर ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सुहाना खान की तारीफ की, जो जल्द ही फिल्म ÷किंग÷ से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाली हैं। करण ने राज शमनी के पॉडकास्ट में कहा कि सुहाना बहुत प्रतिभाशाली हैं और उनका अभिनय देखने लायक होगा। उन्होंने सुहाना की फिल्में देखी हैं और उनके काम से प्रभावित हैं। करण ने यह भी कहा कि उनकी तारीफ खान परिवार से रिश्ते की वजह से नहीं, बल्कि सुहाना की मेहनत और प्रतिभा के कारण है। करण का मानना है कि सुहाना की असली प्रतिभा किंग में सबके सामने आएगी। फिल्म किंग का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है, जिसमें सुहाना के साथ उनके पिता शाहरुख खान और अभिषेक बचन भी नजर आएंगे।

# गुलाम-राख की शूटिंग के दौरान आमिर खान ने एक हफ्ते तक किया अजीब काम

**मुंबई।** आमिर खान अपनी आगामी फिल्म सितारे जमीन पर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान फिल्म गुलाम और राख को लेकर अजीब किस्सा सुनाया। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्निस्ट आमिर खान अपनी हर एक फिल्म के लिए कड़ी मेहनत करते हैं यही वजह है कि वह अपनी फिल्मों के सींस को रियल दिखाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। ऐसा ही कुछ उन्होंने अपनी फिल्म गुलाम और राख को लेकर किया था। आइए जानते हैं वो अजीब किस्सा जब आमिर ने अपनी इन दोनों फिल्मों के लिए किया था, जिसे जानकर उनके फैंस को उन पर और भी गर्व महसूस होगा कि आखिरकार एक अभिनेता अपनी फिल्म के लिए किस हद तक जा सकता है। न्यूज 18 डॉट कॉम के अनुसार, आमिर खान ने हाल ही में बताया कि उन्होंने अपनी फिल्म राख और गुलाम की शूटिंग के दौरान 12 दिन तक नहाना छोड़ दिया था, ताकि उनके किरदार



वास्तविक लगें। राख में उनका किरदार सड़क पर रहने वाला था, इसलिए उन्होंने नहाने से परहेज किया, ताकि वह उसी तरह दिखें और महसूस करें। गुलाम के क्लाइमेक्स में एक एक्शन सीन था, जिसमें आमिर को चोटिल दिखना था। अगर वह रोज नहाते, तो उनका लुक ताजा हो जाता, जो किरदार के लिए ठीक नहीं था। इसलिए, उन्होंने एक हफ्ते तक नहाना बंद रखा, ताकि सीन में निरंतरता बनी रहे। साल 1989 में रिलीज हुई फिल्म राख एक एक्शन-क्राइम फिल्म है, जिसमें आमिर के साथ सुप्रिया पाठक और पंकज कपूर ने अहम भूमिका निभाई थी। वहीं फिल्म गुलाम एक एक्शन फिल्म है, जिसमें आमिर और रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में थे। फिल्म गुलाम सुपरहिट रही थी, साथ ही इस फिल्म के गाने भी काफी पसंद किए गए थे। आमिर खान अब जल्द ही अपनी नई फिल्म सितारे जमीन पर के साथ वापसी कर रहे हैं, जो उनकी 2007 की फिल्म तारे जमीन पर का सीक्वल है। इस फिल्म में उनके साथ जेनेलिया देशमुख नजर आएंगी और इसे आमिर ने खुद प्रोड्यूस किया है। हाल ही में फिल्म की रिलीज डेट और इसकी स्टार कास्ट से भी पर्दा उठाया जा चुका है। फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसकी रिलीज की घोषणा के साथ कैप्शन में आमिर प्रोडक्शन हाउस ने लिखा, प्यार, हंसी और खुशी का जश्न मनाती एक फिल्म। फिल्म के पोस्टर के साथ ही आमिर खान के साथ 10 नए चेहरे नजर आए। इन 10 एक्टर्स में अरूष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर शामिल हैं।

# परम सुंदरी पर आया नया अपडेट



**मुंबई।** परम सुंदरी में सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन तुषार जलोटा ने किया है। आइए जानते हैं कि फिल्म का टीजर कब रिलीज होने वाला है।

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की नई फिल्म परम सुंदरी का इंतजार कर रहे फैंस के लिए खुशखबरी है। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म का पहला टीजर इस वीकएंड रिलीज होने जा रहा है। फिल्म को तुषार जलोटा ने निर्देशित किया है।

परम सुंदरी का 58 सेकंड का टीजर 9 मई, 2025 को रिलीज होने वाली फिल्म भूल चूक माफ के साथ सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। भूल चूक माफ में राजकुमार राव और वामिका गब्बी मुख्य भूमिका में हैं। टीजर में दर्शकों को सिद्धार्थ और जाह्नवी की जोड़ी की एक प्यारी झलक देखने को मिलेगी। यह कहानी एक उत्तर भारतीय लड़के और एक दक्षिण भारतीय लड़की की है, जिनके अलग-अलग दुनिया एक दूसरे से टकराती हैं और दोनों प्यार में पड़ जाते हैं। केरल के खूबसूरत बैकवाटर की पृष्ठभूमि में फिल्माई गई इस फिल्म प्यार, हंसी और अनोखे ट्विस्ट से फिल्म के निर्माता दर्शकों का मनोरंजन करने की कोशिश करेंगे। परम सुंदरी की स्क्रिप्ट आरश वोरा और गौरव मिश्रा ने लिखी है। फिल्म का संगीत सचिन-जिगर ने तैयार किया है और गीत अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। सिनेमैटोग्राफी संतानकृष्णन ने की है। डायरेक्टर तुषार जलोटा इससे पहले ओटीटी फिल्म दसवीं बना चुके हैं। वह बर्फी और पद्मावत जैसी फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम कर चुके हैं।

## सेना की जाबांजी को सलाम, हम सरकार के साथ खड़े हैं, ऑपरेशन सिंदूर पर कांग्रेस का पहला बयान



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की तरफ से पहलगाम आतंकी हमले के बाद चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर कांग्रेस ने कार्यसमिति की आपात बैठक बुलाई थी। जिसमें तमाम शीर्ष कांग्रेस नेता शामिल हुए हैं। वहीं इस बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि, हम सेना के जांबाज सैनिकों को सलाम करते हैं, हम आतंकवाद के खिलाफ सरकार के साथ खड़े हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा, हम भारतीय सेना पर गर्व करते हैं जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करते हुए मुंह तोड़ जवाब दिया है। हम अपने जांबाज सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं... आतंकवादी हमले के पहले दिन से ही कांग्रेस ने सेना और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमापार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का समर्थन किया था। वहीं इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, हमने कार्यसमिति में चर्चा की। हमारी सेनाओं को पूरा समर्थन। उन्हें शुभकामनाएं। उन्हें ढेर सारा प्यार। कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस कार्यसमिति की ओर से पूरा समर्थन है।

# डीएमआरसी-डीएएमईपीएल विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी- एक सप्ताह और इंतजार करेंगे

**विवाद**

> **सिंघवी ने कहा कि अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी मध्यस्थता कर सकते हैं। इससे विवाद को तेजी से निपटाने में मदद मिलेगी।**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को डीएमआरसी-डीएएमईपीएल विवाद मामले में सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा कि एक सप्ताह और इंतजार करेंगे और उसके बाद कानून अपना काम करेगा। विवाद के तहत रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर की सब्सिडयरी कंपनी दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड और एक्सिस बैंक ने डीएमआरसी से 2500 करोड़ रुपये का रिफंड मांगा है। वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी, जो एक्सिस बैंक की तरफ से पेश हुए, ने जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ को बताया कि दोनों पक्षों में समझौते के लिए बातचीत चल रही है। सिंघवी ने कहा कि अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी मध्यस्थता कर सकते हैं। इससे विवाद को तेजी से निपटाने में मदद मिलेगी। इस पर पीठ ने कहा कि हम एक सप्ताह और इंतजार करेंगे, अगर दोनों पक्ष विवाद पर समझौता कर लेते हैं तो अच्छा होगा वरना कानून अपना काम करेगा। पीठ ने मामले की सुनवाई 14 मई तक के लिए स्थगित कर दी। यह विवाद दिल्ली में एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो लाइन के संचालन से संबंधित है। दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लिमिटेड के कंसोर्टियम डी.ए.एम.ई.पी.एल. और डीएमआरसी के बीच एयरपोर्ट लाइन के निर्माण, संचालन और रखरखाव के लिए साल 2008 में एक समझौता किया था। इस समझौते में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन और इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तथा दिल्ली के अन्य स्थानों के बीच मेट्रो रेल संपर्क प्रदान करने के लिए एक सार्वजनिक-निजी क्षेत्र की भागीदारी हुई। डी.ए.एम.ई.पी.एल. को एक वाणिज्यिक उद्यम के रूप में परियोजना का प्रबंधन करने का अधिकार दिया गया था। समझौते में डी.एम.आर.सी. को भूमि अधिग्रहण और नागरिक संरचनाओं के बारे में मंजूरी और लागतों की जिम्मेदारी दी गई थी, जबकि डी.ए.एम.ई.पी.एल. को रेलवे प्रणालियों के डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग जैसे अन्य कार्य करने थे। डी.एम.आर.सी. द्वारा स्टेशनों तक पहुंच प्रदान करने में देरी और खराब निर्माण के चलते डी.ए.एम.ई.पी.एल. ने 2012 में समझौते को स्थगित करने की मांग की थी। जुलाई, 2012 में DAMEPL ने परिचालन बंद कर दिया और उसके बाद अक्टूबर, 2012 में मध्यस्थता की कार्यवाही शुरू की गई।

## सोशल मीडिया पर छाईं कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में भारतीय सेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक की ब्रीफिंग बुधवार को कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने दी। मीडिया के सामने पहली बार आईं इन दोनों अफसरों की हर कोई तारीफ कर रहा है। पहलगाम आतंकी हमले की बदला लेते हुए बुधवार रात भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के ठिकानों समेत आतंकियों के छिपने के नौ अड्डों तबाह कर दिया। पाकिस्तान पर की गई इस एयर स्ट्राइक की जानकारी सेना ने बुधवार सुबह साझा की।

सिंदूर का प्रहार~ कंधार से पहलगाम तक 25 मिनट में 25 साल का हिसाब बराबर, आतंकी शिविरों का ओसामा से क्या कनेक्शन

भारतीय सेना की ओर से इस ऑपरेशन की ब्रीफिंग देने पहुंचीं कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने हर किसी का ध्यान खींचा। भारत की नारी शक्ति का सशक्त रूप इस प्रेस ब्रीफिंग में पूरी दुनिया ने देखा। इन दोनों अफसरों की हर कोई तारीफ कर रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इन दोनों महिला अधिकारियों के बारे हर कोई जानना चाह रहा है। एक्स पर सोफिया कुरैशी दूसरे नंबर पर ट्रेंड कर रही हैं।

एक्स पर ञ्चस्स्ह्वड्डद्दड्डह्ल4स्र नाम के एक यूजर ने लिखा कि भारत ने पाकिस्तान को गलत साबित कर दिया है। पाकिस्तान सेना प्रमुख असिम मुनीर ने कहा था हिंदू और मुस्लिम साथ नहीं रह सकते हैं। लेकिन यहां देखिए कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह पाक प्रायोजित आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दे रही हैं!

## भारत ने हर बार आतंकवाद के पनाहगार पाकिस्तान को दी गहरी चोट

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने 'पहलगाम हमले' के जवाब में पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत मिसाइल हमले किए। यह भारत-पाक के बीच 1947 से चले आ रहे सैन्य संघर्षों की श्रृंखला की ताजा कड़ी है। इन संघर्षों में 1947, 1965, 1971, 1999 के युद्धों के साथ 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक शामिल हैं। भारतीय सेना ने 'पहलगाम हमले' के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए हैं। इन सैन्य अभियान को ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। जिन ठिकानों पर मिसाइल हमला किया गया है, उनमें बहावलपुर भी शामिल हैं, जो आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ माना जाता है।

पाकिस्तान और भारत के बीच लंबे समय सैन्य संघर्ष होते रहे हैं। उस कड़ी में यह ताजा हमला है। दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्षों का इतिहास साल 1947 से शुरू हुआ और 2019 में पाकिस्तान के बालाकोट में हवाई हमले तक पहुंचा था। आइए जानते हैं, भारत और पाकिस्तान के बीच कब-कब बड़े सैन्य संघर्ष हुए। भारत की आजादी और बंटवारे के बाद जम्मू-कश्मीर रियासत को लेकर युद्ध हुआ। पाकिस्तान समर्थित कबायली लड़ाकों ने कश्मीर पर हमला किया। महाराजा हरि सिंह के कश्मीर के भारत में विलय के बाद भारतीय सेना ने मोर्चा संभाला। जनवरी 1949 में संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से युद्धविराम हुआ, जिससे कश्मीर दो हिस्सों (भारत और पाकिस्तान के नियंत्रण वाले हिस्से) में बंट गया।

## आतंकी ठिकाने तबाह होने के बीच बापू-शांति का उल्लेख

**बंगलूरू।** आतंकी ठिकाने तबाह होने के बीच कर्नाटक कांग्रेस ने बापू और शांति का उल्लेख किया। हालांकि, कर्नाटक की कांग्रेस इकाई ने तुरंत अपना पोस्ट हटा भी लिया। जानिए क्या है पूरा मामला पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर के बीच पूरा देश देश सेना के शौर्य और पराक्रम की सराहना कर रहा है। इसी बीच कर्नाटक में कांग्रसे पार्टी ने अपने आधिकारिक हैंडल पर महात्मा गांधी के कथन का उल्लेख किया। हालांकि, पार्टी ने थोड़ी ही देर में इस पोस्ट को डिलीट भी कर दिया। कर्नाटक की कांग्रेस इकाई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शांति और अहिंसा का संदेश देने वाले महात्मा गांधी के कथन का उल्लेख किया। कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी अपनी प्रतिक्रिया में सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया, मानवता का सबसे शक्तिशाली हथियार शांति है।

# देशभर में कई जगहों पर मॉक ड्रिल शुरू, दिल्ली में हर हालत से निपटने की तैयारी

**नई दिल्ली।** देशभर में मॉकड्रिल की तैयारी चल रही है। पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के चलते सरकार ने 7 मई को कई राज्यों में मॉक ड्रिल करवाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान सिविल डिफेंस से जुड़े लोगों को आपात स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मॉक ड्रिल के तहत आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रशिक्षण होगा। युद्ध या आपदा की स्थिति में पहले मॉक ड्रिल की जाती है।

राजधानी दिल्ली, राजस्थान और हैदराबाद समेत देशभर में कई जगहों पर मॉक ड्रिल शुरू हो गई है। गृह मंत्रालय ने आज देश भर में मॉक ड्रिल का आदेश दिया था। जिसके बाद सिविल डिफेंस जिलों में इसका आयोजन किया जा रहा है।

मॉकड्रिल की तैयारी के बीच भारत ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की है। वहीं, पहलगाम के दोषियों एवं साजिशकर्ताओं को सबक सिखाने के मद्देनजर आज को दो बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत पाकिस्तान सीमा पर भारतीय वायुसेना बड़े पैमाने पर सात और आठ मई को युद्धाभ्यास करेगी। इसमें राफेल, मिराज-2000, तेजस और सुखोई-30 जैसे सभी अग्रिम कतार के लड़ाकू विमान शामिल होंगे। वहीं, देश के 259 संवेदनशील जिलों में नागरिक सुरक्षा परखने के लिए मॉक ड्रिल की जाएगी।

महाराष्ट्र में मॉक ड्रिल के लिए जिन क्षेत्रों का चयन किया गया है उसमें मुंबई, ठाणे, पुणे, नासिक, उरण, तारापुर, रोहा-नागोठाणे, मनमाड, सिन्नर, पिंपरी-चिंचवड़, छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद), भुसावल, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग और थाल-वैशेट शामिल हैं। ये मॉक ड्रिल हवाई हमले के अलर्ट, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल और सार्वजनिक सुरक्षा उपायों की तैयारियों पर केंद्रित होगी। इसमें सिविल डिफेंस वार्डन, होमगार्ड, स्वयंसेवक, एनसीसी, एनएसएस के अलावा छात्र-छात्राएं व स्थानीय निवासी शामिल होंगे। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध का सायरन बजने वाला है। बुधवार को देश की आर्थिक

**देशभर**

> **राजधानी दिल्ली, राजस्थान और हैदराबाद समेत देशभर में कई जगहों पर मॉक ड्रिल शुरू हो गई है।**

राजधानी मुंबई समेत महाराष्ट्र के ठाणे और पुणे जैसे प्रमुख शहरों में 16 स्थानों पर हमले की स्थिति में आपातकालीन तैयारियों का परीक्षण करने के लिए मॉक ड्रिल की जाएगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस संबंध में मुख्य सचिव और गृह सचिव के साथ बैठक की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 7 मई को राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास की घोषणा की है, जिसमें महाराष्ट्र भी शामिल है। बुधवार को महाराष्ट्र में भी मॉक ड्रिल होगा। लेकिन, यह नहीं बता सकता कि किन-किन स्थानों पर



ऐसा होगा। वहीं, महाराष्ट्र सिविल डिफेंस के निदेशक प्रभात कुमार ने कहा कि बुधवार को पूरे महाराष्ट्र में मॉक ड्रिल की जाएगी। इसमें तटीय क्षेत्र खासतौर से शामिल है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के अधीन आने वाली सभी एजेंसियां मॉक ड्रिल में हिस्सा लेंगी जिसमें करीब 10,000 प्रशिक्षित वॉलेंटियर शामिल होंगे। गुजरात के मंत्री हर्ष संघवी ने मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मॉक ड्रिल के लिए अधिकारियों द्वारा तैयार की गई कार्य योजना की समीक्षा की गई। राज्य के जिन 19 स्थानों पर 'मॉक ड्रिल' होनी है, उनमें अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत, काकरापार (सूरत), जामनगर, गांधीनगर, कच्छ, भुज (कच्छ), नलिया (कच्छ), कांडला (कच्छ), वाडिनार (जामनगर), भावनगर, भरूच, अंकलेश्वर (भरूच), ओखा (देवभूमि द्वारका), डांग, मेहसाणा, नर्मदा और नवसारी शामिल है।

# इस्राइल ने एक बार फिर गाजा में तेज किए हमले, स्कूल पर की बमबारी; महिलाओं-बच्चों सहित 48 की मौत

**योजना**

> **अब सवाल ये खड़ा हो रहा है कि अगर इस्राइल की योजना लागू हो जाती है, तो क्या होगा।**



**गाजा।** इस्राइल और हमास जंग के 20 महीने के बाद भी इस संघर्ष के खत्म होने की संभावना नहीं दिख रही है। जहां एक बार फिर इस्राइल ने गाजा पर हमले तेज कर दिए है। फलस्वरूप मंगलवार को इस्राइल की तरफ से बुरेज कैंप के एक स्कूल पर हवाई हमले में 48 लोगों की मौत हुई, जिनमें 9 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। इस्राइल और हमास के बीच चल रही जंग अब अपने 20वें महीने में पहुंच गई है, लेकिन हालात सुधरने की जगह और भी भयावह होते जा रहे हैं। जहां मंगलवार रात एक बार फिर इस्राइल ने गाजा में जोरदार हमला किया। इस हवाई हमलों में कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। यह जानकारी अस्पताल अधिकारियों ने बुधवार को दी।

इस्राइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के बीच इस्राइल का ये हवाई हमला गाजा के बीचों-बीच बुरेज शरणार्थी कैंप में एक स्कूल पर हुआ, जहां सैकड़ों विस्थापित लोग शरण लिए हुए थे। इस हमले में 27 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 9 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। यह स्कूल युद्ध शुरू होने के बाद से पांचवीं बार निशाना बना है। हालांकि इस्राइली सेना ने इन हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन उसका कहना है कि हमास नागरिक इमारतों और स्कूलों से ऑपरेट करता है, इसलिए वह जिम्मेदार है। बता दें कि बीते दिनों इस्राइल ने गाजा पर अपना सैन्य अभियान और तेज करने की योजना को मंजूरी दी है। इस योजना में गाजा के बड़े हिस्से पर कब्जा, लोगों को जबरन दक्षिण गाजा की ओर भेजना, और सहायता वितरण पर नियंत्रण हासिल करना शामिल है। इसमें निजी सुरक्षा एजेंसियों की मदद लेने की बात भी शामिल है। इस योजना को लागू करने के लिए इस्राइल हजारों रिजर्व सैनिकों को बुला रहा है। हालांकि, यह योजना अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस महीने के अंत में क्षेत्रीय दौरे के बाद ही लागू की जाएगी। अब सवाल ये खड़ा हो रहा है कि अगर इस्राइल की योजना लागू हो जाती है, तो क्या होगा। गौरतलब है कि अगर यह योजना आगे बढ़ती है, तो हिंसा और मौतों की संख्या और बढ़ सकती है। साथ ही गाजा पर इस्राइली कब्जा स्थायी रूप से हो सकता है, जिससे यह सवाल उठता है कि वहां प्रशासन कैसे चलाया जाएगा, खासकर तब, जब ट्रंप की गाजा पर कब्जे की योजना को इस्राइल अपनाने पर विचार कर रहा है।

देखा जाए तो हमास और इस्राइल के बीच जारी युद्ध अब और भी पेचीदा होता जा रहा है।

# रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन से किया हमला

**कीव।** रूस ने एक बार फिर यूक्रेन की राजधानी कीव पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। रूस के इस हमले में 2 लोगों की मौत हो गई। 8 लोग घायल हो गए। घायलों में चार बच्चे भी शामिल है। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष दिन-प्रतिदिन और घातक होता हुआ जा रहा है। इसी बीच बुधवार तड़के रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर एक बार फिर मिसाइल और ड्रोन से बड़ा हमला किया, जिसमें कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। घायलों में चार बच्चे भी शामिल हैं। बता दें कि यह हमला रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा घोषित 72 घंटे की अस्थायी युद्धविराम से ठीक पहले हुआ। यह युद्धविराम रूस की द्वितीय विश्व युद्ध में जीत (विक्ट्री डे) की 80वीं सालगिरह के अवसर पर गुरुवार से शनिवार तक लागू रहेगा। कीव शहर की सैन्य प्रशासन के अनुसार, शहर के ऊपर कम से कम एक बैलिस्टिक मिसाइल और 28 ड्रोन देखे गए। इनमें से मिसाइल और 11 ड्रोन को मार गिराया गया। वहीं कीव के एक जिले में एक पांच मंजिला इमारत पर ड्रोन का मलबा गिरा, जिससे

**प्रशासन**

> **कीव शहर की सैन्य प्रशासन के अनुसार, शहर के ऊपर कम से कम एक बैलिस्टिक मिसाइल और 28 ड्रोन देखे गए।**

आग लग गई। आग लगने के कारण चार लोग घायल हो गए, जिनमें तीन बच्चे शामिल हैं। हालांकि उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके साथ ही यूक्रेन में रूस के बढ़ते हमले को देखते हुए यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने विदेशी सरकारों से अनुरोध किया है कि वे इस परेड में अपने सैन्य प्रतिनिधियों को न भेजें। गौरतलब है कि इससे पहले मंगलवार को यूक्रेन ने रूस के करीब दर्जन भर इलाकों पर 100 से ज्यादा ड्रोन से हमला किया, जिन्हें रूसी सेना ने बीच में ही रोक



लिया। वहीं इस हमले के कारण मॉस्को के चारों बड़े हवाईअड्डों को अस्थायी रूप से उड़ानें रोकनी पड़ीं। इसके अलावा रूस के नौ अन्य क्षेत्रीय हवाईअड्डों पर भी कामकाज कुछ समय के लिए ठप हो गया। रूस की नागरिक उड्डयन एजेंसी रोसावियात्सिया और रक्षा मंत्रालय के अनुसार यूक्रेनी ड्रोन हमले रूस-यूक्रेन सीमा से लगे क्षेत्रों और रूस के अंदर तक हुए। जहां कुर्स्क क्षेत्र में दो लोग घायल हुए, जबकि वोरोनिज क्षेत्र में कुछ क्षति की जानकारी मिली थी। वहीं दूसरी ओर रूस ने भी यूक्रेन के खारकीव शहर पर रातभर में 20 ईरानी-निर्मित शाहिद ड्रोन से हमला किया, जिसमें 4 लोग घायल हुए और शहर के सबसे बड़े बाजार बाराबाशोवा में आग लग गई। खारकीव क्षेत्र के अन्य इलाकों में भी ड्रोन और ग्लाइड बम से हमलों में 7 नागरिक घायल हुए।

## 6 जगहों पर 24 मिसाइल हमले; शहबाज और डार ने रोया रोना



**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों पर भारत के पलटवार के बाद पाकिस्तान ने दुनिया के सामने आंसू बहाना शुरू कर दिया है। सबसे पहले पाकिस्तानी सेना की ओर से कबूल किया गया कि भारत की ओर से छह इलाकों में विभिन्न हथियारों से कुल 24 ठिकानों को निशाना बनाया गया। इस दौरान पाकिस्तान की ओर से कुछ खोखले दावे भी किए गए, लेकिन उनकी सरकार के मंत्री ने यह कहकर कि स्ट्राइक भारतीय हवाई क्षेत्र में रहकर ही किए गए, उनकी पोल खोल दी।

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है। भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के नौ ठिकानों पर हमले किए हैं। इसकी जानकारी भारतीय सेना ने दी। इस बीच पाकिस्तान ने भी भारतीय स्ट्राइक की बात कबूल कर ली है। पड़ोसी मुल्क के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने खुद यह बात कबूल की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना रोना रोया है।

शहबाज ने न सिर्फ भारतीय स्ट्राइक की पुष्टि की, बल्कि इसे युद्ध वाला कदम करार दिया। दुनिया भर में जिल्लत झेल रहा पाकिस्तान ऐसे वक्त पर भी गीदड़भभकी देने से बाज नहीं आया। शहबाज ने लिखा, पाकिस्तान के डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में पांच स्थानों पर हमले किए गए हैं। पाकिस्तान को इस युद्ध के कृत्य का जोरदार तरीके से जवाब देने का पूरा अधिकार है। इसका जवाब दिया जा रहा है। पूरा देश पाकिस्तानी सशस्त्र बलों के साथ खड़ा है। पूरे पाकिस्तानी राष्ट्र का मनोबल और भावना उच्च है। पाकिस्तानी राष्ट्र और पाकिस्तानी सशस्त्र बल जानते हैं कि इससे कैसे निपटना है। हम उनके इरादों में कभी सफल नहीं होने देंगे।

सबसे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि भारत ने अपनी ही हवाई सीमा से पाकिस्तान पर मिसाइलें दागीं। इस दौरान नागरिक इलाकों प्रभावित हुए। हालांकि, भारत ने साफ किया कि उसने सिर्फ आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव के बीच भारत ने कोटली, बहावलपुर और मुजफ्फराबाद में मिसाइल हमले किए हैं। उन्होंने ही छह जगहों पर 24 मिसाइल हमलों की बात कही।

इस बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा कि हमले पांच जगहों पर किए गए। इसके इतर उनके डिप्टी और विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा कि भारत ने अपने हवाई क्षेत्र से ही धावा बोला।

# पाकिस्तान के पंजाब में आपातकाल, संसद को संबोधित करेंगे शहबाज

**लाहौर / इस्लामाबाद।** भारत के मिसाइल हमले के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। पंजाब प्रांत में आपातकाल लागू कर दिया गया है, स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं और अस्पतालों में इमरजेंसी लागू कर दी गई है। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाकर हालात का जायजा लिया है।

भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बुधवार को आपातकाल घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही सभी स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं और अस्पतालों में डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। बता दें कि, पहलगाम आतंकी हमले और भारत की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान में हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं।

वहीं पाकिस्तान सेना के अनुसार, भारतीय मिसाइल हमलों में अब तक कम से कम 26 लोगों की मौत हुई है और 46 लोग घायल बताए जा रहे हैं। ये हमले आधी रात के बाद पंजाब प्रांत और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के कई शहरों पर किए गए। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने पूरे पंजाब में आपातकाल लागू करने की घोषणा की है। एक सरकारी बयान में कहा गया कि पंजाब पुलिस और सभी सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर



रखा गया है। सभी डॉक्टरों और अस्पताल कर्मियों की छुट्टियां तुरंत रद्द कर दी गई हैं और उन्हें ड्यूटी पर वापस बुलाया गया है। जिला प्रशासन को भी पूरी तरह सतर्क कर दिया गया है। आपातकाल के चलते पंजाब में बुधवार को सभी शिक्षण संस्थान बंद कर दिए गए हैं। वहीं, भारतीय हमले के बाद पाकिस्तान ने अपनी एयरस्पेस भी बंद कर दी थी। हालांकि आठ घंटे बाद इसे आंशिक रूप से खोला गया। कराची और लाहौर से कुछ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें फिर शुरू हुईं, लेकिन लाहौर का हवाई क्षेत्र फिर से 24 घंटे के लिए बंद कर दिया गया है। भारतीय सेना ने यह हमला ऑपरेशन सिंदूर के तहत किया। यह ऑपरेशन 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। भारत ने पाकिस्तान और पीओके में मौजूद नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल से हमला किया है। इस हमले के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल (एनएससी) की आपात बैठक बुलाई। इसमें सेना प्रमुख, मुख्यमंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। दो घंटे तक चली इस बैठक में सुरक्षा स्थिति पर गहन चर्चा हुई। हालांकि बैठक में लिए गए फैसलों की घोषणा अभी नहीं की गई है। प्रधानमंत्री ने दोपहर बाद कैबिनेट की बैठक भी बुलाई है और कहा कि वे संसद में भाषण के जरिए देश को हालात की जानकारी देंगे।

पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया कि भारतीय वायुसेना के किसी भी विमान को पाकिस्तान की सीमा में घुसने नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एयरफोर्स के सभी संसाधन सुरक्षित हैं।

उधर कराची के जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भारी भीड़ देखी गई, क्योंकि वहां से देरी से चल रही उड़ानें फिर शुरू की गईं। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बताया कि पश्चिम एशियाई देशों और अन्य अंतरराष्ट्रीय उड़ानें अब अपने निर्धारित समय के अनुसार चल रही हैं। घरेलू उड़ानें भी फिलहाल सामान्य रूप से जारी हैं।

भारत के हमलों के तुरंत बाद पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र को 48 घंटे के लिए बंद कर दिया। इस कारण इस्लामाबाद, लाहौर और रावलपिंडी में उड़ानें रद्द कर दी गईं। हालांकि बाद में आठ घंटे के भीतर आंशिक रूप से उड़ानें बहाल की गईं। कराची एयरपोर्ट से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें फिर से शुरू हुईं, लेकिन लाहौर एयरस्पेस को फिर 24 घंटे के लिए बंद कर दिया गया। कराची के जिन्ना एयरपोर्ट पर भारी भीड़ देखी गई, जहां यात्री देरी से उड़ानें पकड़ने के लिए जुटे थे।

भारत और पाकिस्तान की सीमा पर भी तनाव बढ़ गया है। दोनों देशों ने अपनी सैन्य तैनाती बढ़ा दी है। पंजाब और राजस्थान के बॉर्डर इलाकों में भारतीय सेना हाई अलर्ट पर है, जबकि पाकिस्तान ने भी अपनी सेना को सतर्क कर दिया है। सीमा के गांवों में लोग डरे हुए हैं और कई परिवार सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं।

# पुलिस लाइन प्रांगण जौनपुर में वॉर टाइम मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



आतंकी हमला या अन्य गंभीर संकट के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों/ सुरक्षात्मक उपायों के प्रति किया गया जागरूक

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र और पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ की अध्यक्षता में पुलिस लाइन प्रांगण जौनपुर में वॉर टाइम मॉक ड्रिल का आयोजन कर आम जनमानस को आपातकालीन परिस्थितियों जैसे युद्ध, आतंकी हमला या अन्य गंभीर संकट के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों/ सुरक्षात्मक उपायों के प्रति जागरूक किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजने पर नागरिको को सुरक्षित स्थान पर पहुँचने हेतु की गयी गतिविधियाँ एवं बम फटने के पश्चात चपेट में आये नागरिको को प्रशासन व मेडिकल टीम द्वारा तत्काल सहायता उपलब्ध करायी गई एवं फायर सर्विस द्वारा आग लगने पर बचाव हेतु जानकारी देते हुए आग को बुझाया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल से न केवल पुलिसकर्मियों बल्कि जिले के सभी प्रशासनिक अधिकारियों की तैयारियों का परीक्षण होता है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि आपातकालीन स्थिति में हम सभी किस प्रकार तालमेल बनाकर काम करेंगे। अफवाहों पर विश्वास न करें, सोशल मीडिया या अनजान स्रोतों से मिली खबरों को प्रसारित न करें, अधिकृत व्यक्ति के द्वारा जारी की गई सूचना को ही प्रसारित करने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमारा उद्देश्य यह है कि जिले में किसी भी आपातकालीन स्थिति में सभी विभाग एकजुट होकर प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। आज की मॉक ड्रिल ने हमें हमारी तैयारियों का परीक्षण करने का मौका दिया।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, लेफ्टिनेंट कर्नल पुष्पेन्द्र सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल आलोक सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर देवेश सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर परमानन्द कुशवाहा, सिटी मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह, जिला होमगार्ड कमान्डेन्ट ओपी सिंह, मेजर 98 बटालियन टीडी कालेज एनसीसी रजनीश सिंह, एडिशनल सीएमओ डा0 राजीव कुमार, भूतपूर्व कैप्टन अजीत पाण्डेय, भूतपूर्व सैनिक संगठन डा0 राजेश, जिला सैनिक पुर्नवास कल्याण अधिकारी दिग्विजय रावत, एफएसओ नागेश प्रसाद द्विवेदी, प्रतिसार निरीक्षक अनुपम सिंह, जौनपुर व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण द्वारा मॉक ड्रिल में प्रतिभाग किया गया।

## विज्ञान संकाय के दो छात्रों ने सीएसआईआर नेट में हासिल की सफलता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के विज्ञान संकाय के दो मेधावी छात्रों–विकास प्रजापति (माइक्रोबायोलॉजी विभाग) एवं अंकित कुमार मौर्य (बायोकेमिस्ट्री विभाग)–ने CSIR-NET 2025 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। विकास प्रजापति ने अखिल भारतीय स्तर पर 149वीं रैंक प्राप्त कर जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) श्रेणी में सफलता प्राप्त की, वहीं अंकित कुमार मौर्य ने असिस्टेंट प्रोफेसर श्रेणी में 81वीं रैंक हासिल की है। इससे पूर्व दोनों छात्रों ने व्रज्ञश्च 2025 परीक्षा भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की थी। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शोध के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. राजेश शर्मा ने इस सफलता को संकाय के शैक्षणिक वातावरण और छात्रों की सतत मेहनत का परिणाम बताया। डॉ. मनीष कुमार गुप्ता, डॉ. एस.पी. तिवारी, डॉ. संजीव मौर्य, डॉ. ऋषि श्रीवास्तव एवं अन्य शिक्षकों ने छात्रों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: डॉ. रागिनी

कई दिनों से मेडिकल कॉलेज में चल रहा संविदा स्टाफ नर्सों का धरना-प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जनपद में स्थित उमानाथ सिंह स्वशासी मेडिकल कॉलेज में संविदा पर कार्यरत सैकड़ों स्टाफ नर्सों के द्वारा कई दिनों से लगातार कॉलेज प्रशासन के खिलाफ चल रहा धरना-प्रदर्शन में समर्थन करने पहुंची मछली शहर समाजवादी पार्टी की विधायक डॉक्टर रागनी सोनकर ने कॉलेज परिसर के बाहर धरने पर बैठीं इन सभी स्टाफ नर्सों के समर्थन में उतर गयी। इस दौरान विधायक ने कहा कि जितने भी स्टाफ को मूल पद से हटा कर चतुर्थ श्रेणी (स्वीपर) कर्मचारियों के पद पर तैनात कर दिया गया है और उनके वेतन में भी भारी कटौती की गयी है। उनको तत्काल वापस उसी पद पर रखा जाय। नहीं तो स्टाफ नर्सो के साथ हो रहा है इस प्रकार के अन्याय को हम लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे, जरूरत पड़ी तो सड़क से लेकर सदन तक इन सभी स्टाफ नर्सो की आवाज बनूंगी। विधायक ने बताया कि यह सभी लोग पिछले तीन वर्षों से नर्स के पद पर सेवाएं दे रही थीं, लेकिन अचानक कॉलेज प्रशासन के लोगों द्वारा उन्हें डिमोट कर दिया और वेतन घटा दिया है। यह लोग पिछले कई दिनों से लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कॉलेज प्रशासन को इन लोगों का आवाज सुनाई नहीं दे रहा है। विधायक ने कालेज प्रशासन को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि इन सभी लोगों को वापस उनके मूल पद पर रखा जाय। तथा सभी स्टाफ का जो वेतन बकाया है उसे एक सप्ताह के अन्दर भुगतान किया जाय। तथा विधायक ने कालेज प्रशासन के आला अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कॉलेज में जो मूलभूत सुविधाओं अभाव के बारे में भी जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि जल्द से जल्द स्टाफ के लिए जो मूल भूत सुविधा है उसको ठीक कराया जाय। ताकि मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी करने वाले किसी भी कर्मचारियों को हो रही असुविधा समाप्त हो सके। इस दौरान दौरान अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, शुभम् मौर्या, अंजली वर्मा, गरिमा राय, प्रियंका, श्वेता सिंह, श्वेता मौर्य, रेनू यादव, संजू यादव, अनीता मौर्या, संगीता यादव , सुमन, सरिता, विवेक कुमार, मोहम्मद समीम, सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## जीवित होने का प्रमाण पत्र पेंशनर और पारिवारिक पेंशनर

**प्रयागराज।** कलक्ट्रेट कोषागार प्रयागराज व कोषागार सिविल लाइन्स से पेंशन प्राप्त कर रहें ऐसे समस्त पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को सूचित किया जाता है कि जिन्होंने अपना जीवित प्रमाण पत्र अभी तक अद्यतन नहीं कराया है जिस कारण उनकी पेंशन अवरूद्ध है। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे कोषागार के किसी भी कार्यदिवस में स्वयं उपस्थित होकर अथवा जिस बैंक के माध्यम से पेंशन प्राप्त कर रहें हैं उस बैंक के माध्यम से अथवा जीवन प्रमाण पोर्टल पर आनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से अपने जीवित होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का कष्ट करें, जिससे सम्बन्धित पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की अवरूद्ध पेंशन का भुगतान अविलम्ब किया जा सके। इसके अतिरिक्त यह भी अपेक्षित है कि ऐसे पेंशनर या पारिवारिक पेंशनर जो दिवंगत हो चुके हैं जिनके मृत्यु के सम्बन्ध में वारिसों द्वारा अब तक कोषागार को सूचित नहीं किया गया है, के मृत्यु की सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे नियमानुसार कार्यवाही करायी जा सके। यह भी उल्लेख करना है कि यह पेंशनर्स या पारिवारिक पेंशनर्स वारिसों परिजनों का नैतिक दायित्व भी है कि पेंशनर्स या पारिवारिक पेंशनर्स की मृत्यु हो जाने के संबंध में तत्काल कोषागार को सूचित करें और यदि अधिक भुगतान की स्थिति बनती है तो अधिक गई पेंशन को राजकोष में जमा कराये।

# छात्र-छात्राओं को दिया गया युद्ध में बचाव का प्रशिक्षण

स्कूलों में कराया गया मॉकड्रिल

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर एयर स्ट्राइक के बाद प्रयागराज में भी अलर्ट है। प्रयागराज में भी युद्ध के हालातों से निपटने, हवाई हमले के दौरान बचाव, सायरन बजने के हालात में स्थानीय लोगों को क्या करना है, हमले के दौरान स्थिति बिगड़ने पर कैसे आगे आना है, इसे लेकर आज मॉक ड्रिल हो रही। स्कूलों में छात्रों को किसी भी हालातों से निपटने के लिए पुलिस ने टिप्स सिखाए। पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई और एयर स्ट्राइक के बाद जिले के कई स्कूलों में बच्चों को एहतियात के तौर पर आतंकी हमले के दौरान खुद को सुरक्षित रखने के साथ ही घायलों के बचाव की जानकारी दी गई। सायरन बजाकर बच्चों को विभिन्न तरीके से सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी गई। बुधवार सुबह 7 बजे सिविल लाइंस के गर्ल्स हाईस्कूल में प्रेयर के बाद एलकेजी से लेकर इंटर तक की छात्राएं अपने क्लास रूम में मौजूद थीं। अचानक सायरन बजने लगे। संकेत था कि मिसाइल अटैक हुआ है। बम गिर रहे हैं। इसके बाद छात्राएं जो जहां थी जमीन में लेट गईं। स्कूल की बिल्डिंग के एक हिस्से में बम गिरा तो उसमें आग लग गई। हमला होते ही जवानों ने रेस्क्यू शुरू किया। पुलिस, सिविल डिफेंस के लोगों ने छात्राओं को बचाना शुरू किया। घायलों को जवान अपने कंधे पर लादकर एंबुलेंस तक पहुंचे। जहां से अस्पताल भेजा गया। इसके अलावा ब्वायज हाईस्कूल, सेंट मेरीज स्कूल, मैरी लूकस, पावर प्लांट बारा, बेथनी कान्वेंट, नैनी जेल रोड, महार्षि पतंजलि तेलियरगंज, बीबीएस कालेज शिवकुटी समेत अन्य जगहों पर मॉक ड्रिल की गई। अफसरों ने स्कूलों में छात्रों को किसी भी हालातों से निपटने के टिप्स सिखाए। छात्रों को बताया गया कि किसी हमले या आपदा की स्थिति में घबराने की बजाय सतर्कता और समझदारी से कैसे प्रतिक्रिया दी जाए। स्कूल के अंदर अलग-अलग आपातकालीन स्थितियों को दिखाते हुए रिहर्सल कराई गई- जैसे आग लगने की स्थिति, विस्फोट, किसी संदिग्ध वस्तु का मिलना। छात्राओं ने पुलिस और सिविल डिफेंस की मौजूदगी में हर गतिविधि को समझा। पाकिस्तान की जमीन पर मंगलवार देर रात एयर स्ट्राइक के मद्देनजर बेथनी कॉवेंट स्कूल में मॉक ड्रिल किया गया। इस अवसर पर नागरिक सुरक्षा कोर के घटना नियंत्रण अधिकारी अजय कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को किसी तरह के संभावित हवाई हमले से बचने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी तरह की घटना से घबराने की जरूरत नहीं है। नागरिक सुरक्षा कोर के स्वयं सेवक आपकी मदद के ले हमेशा तैयार हैं। नैनी थाना प्रभारी ब्रज किशोर ने छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य सिस्टर डॉ. समिता ने कहा कि मॉक ड्रिल के माध्यम से सीखी गई बातें अपने घर में लोगों को बताएं।

## मसूद अजहर के मारे जाने पर फॉलोवर्स को फ्री में फोन

**प्रयागराज।** प्रयागराज में व्यापारी विपिन गुप्ता ने भारत की एयर स्ट्राइक को लेकर अनोखा ऑफर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर घोषणा की है कि अगर आतंकी मसूद अजहर मारा जाता है, तो वे अपने फॉलोवर्स को एक आईफोन और पांच एंड्रॉयड फोन मुफ्त में देंगे।

विपिन गुप्ता के सोशल मीडिया पर करीब 10 लाख फॉलोवर्स हैं। उन्होंने कहा कि मसूद अजहर या उसके परिवार के सदस्यों के खात्मे पर हर नए फॉलोवर को गिफ्ट दिया जाएगा। उनका मानना है कि यह जश्न शहीदों को श्रद्धांजलि है।

भारत ने पहलगाम हमले के जवाब में पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। इस कार्रवाई को देश की जनता ने ऐतिहासिक करार दिया है। विपिन ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि भारत के खिलाफ कार्रवाई करने पर उसका नाम नक्शे से मिट जाएगा। सोशल मीडिया पर उनकी इस पहल को मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पकड़ी का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता




**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पकड़ी सिकरारा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई, जिसमें सभी आवश्यक दवाई उपलब्ध पायी गयी और मरीजों को दवा दी भी जा रही है। पीएचसी पर एंटी वेनम इंजेक्शन भी उपलब्ध मिला। जिलाधिकारी के द्वारा डा0 आकांक्षा सिंह से पूछा गया कि अभी तक कितने मरीज उनके द्वारा देखे गए जिस पर दंत चिकित्सक के द्वारा अवगत कराया गया कि आज उनके द्वारा कुल 20 मरीज देखे गए हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि पीएचसी पर टीकाकरण का कार्य चल रहा था, जिस पर उन्होंने टीका लगवाने आए लोगों से संवाद स्थापित करते हुए पूछा कि टीका लगवाने के नाम पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क तो नहीं लिया जा रहा है जिस पर लोगों के द्वारा अवगत कराया गया की निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। जिलाधिकारी के द्वारा टीका से संबंधित रिकॉर्ड भी देखा गया। उन्होने एम सी टी एस विनय से जन्म प्रमाण पत्र निर्गत होने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि समय से पीएचसी पर उपस्थित होकर मरीजों का संवेदनशीलता के साथ इलाज करें। इस अवसर पर दंत चिकित्सक डॉ0 आकांक्षा सिंह, डॉ0 अजय मौर्या, फार्मासिस्ट साहब लाल प्रजापति, स्टाफ नर्स प्रियंका सिंह, साहिल कुमारी, नेहा, सुषमा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# संस्कार से सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण होता है : अद्वैतानंद

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** करनपुर इटौरा स्थित नागाबाबा मौजीराम उदासीन आश्रम में उदासीन पंचायती बड़ा अखाड़ा भ्रमणशील जमात के आगमन पर सत्संग का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुखिया महंत रामनवमी दास जी महाराज ने की। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुखिया महंत अद्वैतानंद जी महाराज ने कहा कि संस्कार से संस्कृति आती है , लोग सबल होते हैं और सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि हमारे धर्म में दिए गये सोलहो संस्कार महत्वपूर्ण हैं। आगे उन्होंने परम्परा पर जोर दिया और कहा कि अपने परंपराओं का अनुशरण करते हुए अपना समय भगवत भक्ति में लगाना चाहिए। आश्रम के महंत नारायण दास नागा महाराज ने आगत अतिथियों का स्वागत किया।

इस मौके पर श्री श्री 108 श्री शुभम दास महाराज, दैवज्ञ दुर्वासा मंडल मुन्नाबाबा, पं. सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन , राममिलन सिंह, अशोक कुमार तिवारी, सुबास श्रीवास्तव, महेंद्र यादव प्रधान, लक्ष्मण दुबे, ज्ञान चंद्र यादव, अभिषेक पांडेय, शैलेश दुबे, सत्यप्रकाश तिवारी आदि लोग मौजूद थे।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद पूरे जनपद में मना जश्न

अवधनामा संवाददाता



साधु-संतों ने हाथों में तिरंगा लेकर की आतिशबाजी, सरकार और भारतीय सेना के जवानों के प्रति आभार

**प्रयागराज।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के खिलाफ भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया तो पूरा देश इसका स्वागत कर रहा है। प्रयागराज में भी इसका जश्न मनाया जा रहा है। श्रृंगवेरपुर धाम पीठाधीश्वर जगतगुरु शांडिल्य जी महाराज ने पाकिस्तान पर हुए हमले का स्वागत करते हुए दीप जलाकर और आतिशबाजी कर जश्न मनाया है। साधु संतों व बाल बटुकों के साथ हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के नारे लगाए गए। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जन भावनाओं के अनुरूप आतंकवाद के खिलाफ कदम उठाया है। जगतगुरु शांडिल्य महाराज ने कहा कि साधु संत भी पीएम मोदी के इस कड़े फैसले के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा है कि पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। हमें अपनी सरकार पर गर्व है कि उसने आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए स्ट्राइक शुरू कर दी है। बता दें कि भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर मिसाइल से हमला कर कई आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया है। भारत ने यह कार्रवाई शुरू कर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक जंग की शुरुआत कर दी है। पहलगाम में हुई आतंकी हमले के बाद पूरा देश पाकिस्तान से बदला लेने की मांग कर रहा था। पाकिस्तान पर आतंकी हमले के बाद देश में जश्न का माहौल है।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बांटी गई मिठाई

**प्रयागराज।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत की निर्णायक एयर स्ट्राइक 'ऑपरेशन सिन्दूर' की सफलता पर भाजपा प्रयागराज महानगर अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सुभाष चौराहे पर मिठाई बाटकर ऑपरेशन सिंदूर की खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारतीय सेना के साहसिक निर्णय कदम पराक्रम की सराहना की। देशभक्ति के नारों के बीच राहगीरों और कार्यकर्ताओं के बीच एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर पीएम मोदी व सीएम योगी के फोटो को प्रतीकात्मक रूप से मीठा खिलाया गया। भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि भारत ने आतंक पर प्रहार करके संदेश दे दिया है कि ये नया भारत है और आतंक व आतंकवादियों को छोड़ा नहीं जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बहादुर जवानों का अभिनंदन करता है कैट: महेंद्र

**प्रयागराज।** 6 मई और 7 मई की मध्य रात्रि में भारतीय वायु सेवा के जांबाज सैनिकों के द्वारा पाकिस्तान की सीमा में घुसकर उसके द्वारा पाले जा रहे आतंकियों के अड्डों पर जिस तरह से हमला किया है उसका कनफेडरेशन आफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स स्वागत करता है। अपने बहादुर नौजवानों का अभिनंदन करता है। और भारत के जवानों को इस बात के प्रति आश्वस्त करता है की देश हित में लिए गए हर एक्शन पर पूरे उत्तर प्रदेश का व्यापारी उनके साथ खड़ा है। श्री गोयल ने कहा कि देश का मस्तक ऊंचा करने के लिए उत्तर प्रदेश का व्यापारी उनको प्रणाम करता है उनका अभिनंदन करता है और उनके सामने नतमस्तक है।

### सेना और सरकार का शानदार काम: अकरम शगुन

**प्रयागराज।** भारत ने पाकिस्तान में घुसकर जो एयर स्ट्राइक किया है बहुत ही शानदार है। उनको सबक सिखाना बहुत जरूरी था। भारत सरकार को एक हफ्ते पहले ही उनकी औकात बता देना चाहिए था लेकिन सरकार ने बहुत सोच समझ कर सही टाइम पर यह अटैक करके बता दिया कि हमको कमजोर ना समझा जाए।

### हनुमान प्रसाद अंडर -19 क्रिकेट आज से

**प्रयागराज।** चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित हनुमान प्रसाद स्मारक अंडर -19 क्रिकेट प्रतियोगिता आज से केपी कॉलेज मैदान पर प्रारंभ हो रही हैं, चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब के सचिव सत्यव्रत सहाय के अनुसार प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब व ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के बीच खेला जाएगा। जिसका उद्घाटन इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर आरपी भटनागर प्रातः आठ बजे करंगे।

### मजिस्ट्रीयल जांच

**प्रयागराज।** रोडवेज सिविल लाइन, प्रयागराज वाहन संख्या यू0पी0-11टी-5812 से रोडवेज बस अड्डे के अन्दर दोपहर 12:00 बजे घटित दुर्घटना में श्री राजबाबू भारतीय पुत्र श्री कामता प्रसाद निवासी बलापुर जसरा थाना घूरपुर, प्रयागराज की हुई मृत्यु के सम्बन्ध में मजिस्ट्रीयल जांच हेतु मुझको नामित किया गया है। उक्त घटना के सम्बंध में कोई व्यक्ति जिसे जो भी जानकारी हो, वह अपना लिखित/अभिलेखीय साक्ष्य मेरे कार्यालय में दिनांक 26 मई तक किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। यह जानकारी उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार सिंह ने दी है।

### विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना तीसरे दिन भी जारी

**आजमगढ़।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर आज तीसरे दिन भी उ0 प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ पाण्डेय गुट के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष जामवन्त निषाद के नेतृत्व में अनिश्चित कालीन धरना जारी रहा धरने का संचालन सूर्यनाथ यादव ने किया धरने को सम्बोधित करते हुए कार्यवाहक जिलाध्यक्ष जामवन्त निषाद ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक धरना स्थल पर आये लेकिन किसी भी समस्या का समाधान नहीं कर पाये और न ही कोई सकारात्मक उत्तर दे पाये स जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज भी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर आये लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं किया। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ने कहा कि कल 8 मई को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के मुख्य गेट पर धरना चलेगा जिसको आना - जाना होगा वह सत्याग्रहियों के सीने पर चढ़कर आयेगा - जायेगा स धरने को सम्बोधित करते हुए शिक्षणेत्तर संघ के जिलाध्यक्ष इन्द्रसेन सिंह ने कहा कि वर्तमान जिला विद्यालय निरीक्षक बहुत ही भ्रष्टाचारी और संवेदनहीन हैं यदि उनको संवेदना होती और धरने की गम्भीरता को लेते तो अब तक समस्याओं का समाधान कर दिए होते।

## पाकिस्तानी आतंकी की फर्जी सूचना प्रयागराज जीआरपी करेगी जांच

**प्रयागराज।** कैंट अयोध्या सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन में एक महिला यात्री को पाकिस्तानी आतंकी बताकर फर्जी सूचना देने वाले के खिलाफ अब प्रयागराज जीआरपी ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। सनसनी फैलाने वाले आरोपी के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। आठ अप्रैल 2025 की दोपहर कैंट जीआरपी को व्हाट्सपर सूचना मिली कि अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 22103) में एक आतंकवादी है। एक महिला के बैग में बम है। सूचना पर जंघई जीआरपी के दरोगा प्रमोद यादव ने सूचना देने वाले से संपर्क किया। कॉलर ने बताया कि ट्रेन प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर नौ पर खड़ी थी। 10वें बोगी में एक महिला बैठी थी जिसके पास एक बैग था। आरोप लगाया था कि वह महिला पाकिस्तानी आतंकवादी है। उसने बैग में बम रखा था। ट्रेन को जंघई रेलवे स्टेशन पर रोका गया और जीआरपी व आरपीएफ ने जांच की, लेकिन ट्रेन में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। कई घंटे तक ट्रेन रुकी रही।

# स्व. लालसा राय की तृतीय पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** महान शिक्षाविद्, समाजसेवी एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व. श्री लालसा राय जी की तृतीय पुण्यतिथि 7 मई को श्री लालसा राय इंटर कॉलेज, सठियाँव में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों, छात्रों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

स्व. लालसा राय जी ने 1947 में, जब क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थाओं का अभाव था , इंटर कॉलेज साठियाँव की स्थापना की जो कि आज लालसा राय इंटर कॉलेज, सठियाँव के रूप में संचालित हो रहा है और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है।उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बालिका इंटर कॉलेज सहित कई अन्य शिक्षण संस्थानों की स्थापना भी की। राजनीतिक रूप से वे जीवनपर्यंत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़े रहे। वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य भी रहे और उन्होंने विधानसभा चुनाव भी लड़ा। उनके योगदान को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वे एक सच्चे जनसेवक थे, जिन्होंने अपना जीवन शिक्षा और समाज की बेहतरी के लिए समर्पित किया। उनके पुत्र एवं वर्तमान में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कौशल कुमार सिंह 'मुन्ना राय' सहित उनके परिवारजनों ने स्व. लालसा राय जी के पदचिह्नों पर चलने की प्रतिबद्धता दोहराई और उनके सपनों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# संविधान बचाओ रैली का आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** जिलाध्यक्ष कौशल कुमार सिंह 'मुन्ना राय' के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी द्वारा आजमगढ़ में संविधान बचाओ रैली का आयोजन

आज जिला कांग्रेस कमेटी, आजमगढ़ के अध्यक्ष कौशल कुमार सिंह 'मुन्ना राय' के नेतृत्व में श्री लालसा राय इंटर कॉलेज, सठियांव परिसर में ÷संविधान बचाओ रैली÷ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह भी उपस्थित रहे ।इस रैली में कांग्रेस पार्टी ने संविधान के मूल आदर्शों पर हो रहे लगातार हमलों के खिलाफ आवाज बुलंद की। कांग्रेस के प्रदेश संगठन महासचिव अनिल यादव ने भी इस रैली को संबोधित किया । वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार संविधान की भावना को लगातार आहत कर रही है। लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग केवल चुनावी लाभ के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ने इस अवसर पर यह संकल्प लिया कि वह देश के संविधान की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसके साथ-साथ वक्ताओं ने निम्नलिखित माँगें भी रखींकृ

1. संविधान के अनुच्छेद 15(5) को अविलंब लागू किया जाए ताकि ओबीसी, दलित और आदिवासी समुदायों को निजी शैक्षणिक संस्थाओं में आरक्षण मिल सके।2. जातिगत जनगणना की प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी, बहानेबाजी अथवा प्रशासनिक टालमटोल नहीं होनी चाहिए। 3. यह प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और समयबद्ध होनी चाहिए। 4. प्रश्नावली तैयार करने से लेकर, गणना, वर्गीकरण और डेटा प्रकाशन तक की हर चरण निश्चित समयसीमा में और स्पष्ट प्रणाली के तहत संपन्न की जानी चाहिए। इस रैली में वक्ताओं ने श्री राहुल गांधी का विशेष आभार प्रकट किया, जिन्होंने जातिगत जनगणना की माँग को राष्ट्रीय बहस का विषय बनाया और भाजपा सरकार को इसके लिए बाध्य किया। इस रैली में रियाजुल हसन , तेज बहादुर यादव, चंद्रपाल यादव, दिनेश यादव , शीला भारती, राम गणेश प्रजापति, बेलाल अहमद, अंसार अहमद, अजीत राय, राहुल राय, मुन्नू मौर्या, हरिओम उपाध्याय, तुषार सिंह पालीवाल , अमित पांडेय समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# सोने ने छुआ एक लाख का आंकड़ा, सीमा पर तनाव के बीच 1000 की उछाल, चांदी की भी चमक बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की तरफ से पहलगाम आतंकी हमले का प्रतिशोध लिया है। जिसके बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव अपने चरम पर है। वहीं इस सबके बीच बाजार भी गुलजार दिखा है, सोने ने एक हजार रुपये की उछाल के बाद एक लाख का आंकड़ा पार गया है। जबकि चांदी भी एक लाख रुपये प्रति किग्रा के करीब पहुंच रही है।

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते बुधवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखा गया। सोना 1000 रुपये चढ़कर एक लाख 750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले मंगलवार को सोने का बंद भाव 99750 रुपये था। यह बढ़त निवेशकों की तरफ से सुरक्षित निवेश के तौर पर सोना खरीदने के कारण आई है।

बुधवार सुबह भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में नौ



आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। इनमें जैश-ए-मोहम्मद का बहावलपुर ठिकाना और लश्कर-ए-तैयबा का मुरिदके बेस भी शामिल है। इस सैन्य कार्रवाई के बाद निवेशक सोने जैसे सुरक्षित साधनों की तरफ भागे हैं।

99.5% शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 1050 रुपये बढ़कर एक लाख 350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। मंगलवार को इसका बंद भाव 99 हजार 300 रुपये था। यह उछाल सोने के लिए अब तक के रिकॉर्ड स्तर के करीब है। इससे पहले 22 अप्रैल को सोना एक लाख एक हजार 600 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंचा था।

**चांदी के दाम में भी तेजी**

चांदी की कीमतों में भी तेजी देखी गई। चांदी 440 रुपये महंगी होकर 98940 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। मंगलवार को इसका भाव 98500 रुपये था। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में चांदी के दाम थोड़े गिरे हैं।

वैश्विक स्तर पर स्पॉट गोल्ड बुधवार को 1.8% गिरकर 3,369.65 प्रति औंस पर आ गया। विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता की उम्मीदों से वैश्विक बाजारों में थोड़ी राहत आई है, जिससे सोने में नरमी आई। लेकिन भारत-पाक तनाव और अन्य वैश्विक संकटों के चलते भारत में सोने की मांग बनी हुई है।

एबांस फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ चिंतन मेहता ने कहा, भले ही कुछ देशों में तनाव कम हो रहा है, लेकिन भारत-पाक सीमा, मिडिल ईस्ट और यूक्रेन के हालात अभी भी गंभीर हैं। ऐसे में सोना निवेश के लिए भरोसेमंद विकल्प बना रहेगा।

कोटक सिक्योरिटीज की कमोडिटी रिसर्च की एवीपी कयनत चैनवाला ने बताया कि अब बाजार की नजर अमेरिकी फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक पर है। उम्मीद है कि फेड ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करेगा। साथ ही, फेड चेयर जेरोम पॉवेल के बयान भी निवेशकों के लिए दिशा तय करेंगे।

# सत्व सुकुन ने चौथी तिमाही में लाभ में 74.5% की वृद्धि दर्ज की, कंपनी का 48 करोड़ का राइट्स इश्यू भी पेश

**मुंबई।** घरेलू साज-सज्जा और सुगंध उत्पाद बनाने वाली कंपनी सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसई- 539519) ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त चौथी तिमाही और बारह महीनों के लिए मजबूत वित्तीय परिणाम दर्ज किए हैं। सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मीत तरूणकुमार ब्रह्मभट्ट ने कहा कि कंपनी की सफलता नवाचार-संचालित उत्पाद विकास, विनिर्माण क्षमताओं में निवेश और एक विस्तारित ग्राहक आधार के संयोजन से प्रेरित है, जो दीर्घकालिक टिकाऊ विकास की दिशा में अपना रास्ता मजबूत करता है। यह मजबूत प्रदर्शन सत्त्व सुकुन की उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता, बाजार के रुझानों के प्रति अनुकूलनशीलता और उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी होने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 74.5त्न बढ़कर 84.22 लाख रुपए हो गया, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 48.19 लाख था। 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही में परिचालन से




आय 6त्न बढ़कर 105.16 लाख रुपए हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 99.23 लाख रुपए थी। 31 मार्च 2025 को समाप्त बारह महीनों के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ 108.9त्न बढ़कर 248.94 लाख रुपए हो गया, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 119.04 लाख रुपए था। 31 मार्च, 2025 को समाप्त बारह महीनों के लिए परिचालन से आय 48.1त्न बढ़कर 526.30 लाख रुपए हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 355.33 लाख थी।अपने मजबूत परिचालन प्रदर्शन के अलावा, सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड ने अपने राइट्स इश्यू की शर्तों को अंतिम रूप दे दिया है, जिसे शुरुआत में जनवरी 2025 में मंजूरी दी गई थी। कंपनी का लक्ष्य 1 रुपए के अंकित मूल्य के साथ 1 रुपए प्रति शेयर की कीमत पर 48 करोड़ इक्विटी शेयरों की पेशकश करके 48 करोड़ रुपए जुटाने का है। शुक्रवार, 09 मई 2025 को तय की गई रिकॉर्ड तिथि के अनुसार, शेयरधारक प्रत्येक 2 शेयरों के लिए 5 नए शेयरों के हकदार होंगे।कंपनी का राइट्स इश्यू शुक्रवार, 28 मई, 2025 को खुलेगा और बाजार मोचन की समय सीमा सोमवार, 06 जून, 2025 है और गुरुवार, 11 जून, 2025 को बंद होने वाली है (विस्तार के अधीन, लेकिन खुलने की तारीख से 30 दिनों से अधिक नहीं)। यदि इश्यू पूरी तरह से सब्सक्राइब हो जाता है, तो कंपनी के बकाया शेयर बढ़कर 67.2 करोड़ हो जाएंगे, जो भविष्य की विकास पहलों और रणनीतिक निवेशों का समर्थन करने के लिए इसके पूंजी आधार को मजबूत करेगा।


पिछली कुछ तिमाहियों में सत्व सुकुन का लगातार और मजबूत वित्तीय प्रदर्शन कंपनी की रणनीतिक दृष्टि, परिचालन उत्कृष्टता और मजबूत बाजार स्थिति का प्रमाण है। लगातार आय वृद्धि, बढ़ती लाभप्रदता और अपने प्रीमियम सुगंध और घरेलू सजावट उत्पादों की बढ़ती मांग के साथ कंपनी ने उच्च गुणवत्ता मानकों को बनाए रखते हुए परिचालन प्रदर्शन का विस्तार करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है।

# Routematic को Series C फंडिंग राउंड में 340 करोड़ रुपये की निवेश राशि प्राप्त हुई

Routematic, भारत की अग्रणी AI-संचालित Corporate Transport-as-a-Service कंपनी, जो 23 शहरों में 300 से अधिक कॉर्पोरेट्स को एंड-टू-एंड कॉर्पोरेट कम्यूट सेवाएं प्रदान करती है, ने आज घोषणा की कि उसे Series C फंडिंग राउंड में 340 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है। इस निवेश का नेतृत्व Fullerton Carbon Action Fund और ShiftyGood ने किया। इस लेनदेन में Ostara Advisors, जो भारत की प्रमुख क्लाइमेट-टेक इनवेस्टमेंट बैंकिंग फर्म है, Routematic की एक्सक्लूसिव फाइनेंशियल एडवाइज़र रही। 2013 में स्थापित Routematic ने एंटरप्राइज मोबिलिटी समाधान के क्षेत्र में लगातार अग्रणी भूमिका निभाई है, और AI-आधारित तकनीक के साथ कॉर्पोरेट ट्रांसपोर्टेशन को नए सिरे से परिभाषित किया है। कंपनी हर महीने 50 लाख ट्रिप्स के साथ 3 लाख से अधिक कर्मचारियों को सुरक्षित और अनुमानित यात्रा अनुभव प्रदान कर रही है। भारत का एम्प्लॉयी ट्रांसपोर्टेशन मार्केट 2030 तक .13.2 बिलियन तक पहुंचने की संभावना है, जिसे त्नष्टष्ट्र में तीव्र बिज़नेस ग्रोथ, कर्मचारियों की भलाई पर बढ़ता ध्यान और स्थिरता जैसे कारक गति प्रदान कर रहे हैं। Routematic इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपनी सेवाओं को विस्तार देने की योजना बना रही है और मार्च 2026 तक शीर्ष पांच शहरों में अपने फ्लीट को 10,000 से अधिक वाहनों तक पहुंचाने की दिशा में कार्यरत है। Routematic का AI-संचालित SaaS प्लेटफ़ॉर्म पहले से ही कॉर्पोरेट ट्रांसपोर्टेशन को सुव्यवस्थित कर रहा है। कंपनी अब शहर-स्तरीय कमांड सेंटर्स की स्थापना के अगले चरण की ओर बढ़ रही है, जो बड़े पैमाने पर मांग-उत्तरदायी फ्लीट प्रबंधन को सक्षम बनाएंगे।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज एमजी विंडसर प्रो को लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज एमजी विंडसर प्रो को लॉन्च किया है जो व्यावसायिक श्रेणी की यात्रा को और भी आरामदायक और सुरक्षित बनाने वाला है। इस नए मॉडल में उन्नत तकनीकी सुविधाएं और सुरक्षा फीचर्स के साथ 52.9 किलोवाट की नई बैटरी शामिल की गई है। लॉन्च के बाद से एमजी विंडसर को ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और अब प्रो सीरीज़ की शुरुआत इसके बाज़ार में प्रदर्शन को और मजबूत बनाएगी। एमजी विंडसर प्रो को एक आकर्षक प्रारंभिक बीएएएस मूल्य 12.49 लाख रुपये . 4.5 रुपये /किमी और एक्स-शोरूम कीमत 17,49,800रुपये (पहली 8,000 बुकिंग्स के लिए वैध) पर लॉन्च किया गया, एमजी विंडसर प्रो इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर तेजी से बदलाव को बढ़ावा देने का वादा करता है। एमजी विंडसर प्रो के लॉन्च पर बात करते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक अनुराग मेहरोत्रा ने कहा एमजी विंडसर ने भारत के 4डब्ल्यू-आईवी सेगमेंट की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, अपनी आकर्षक मूल्य




प्रस्तावना के साथ ग्राहकों का विश्वास जीता है। पहले खरीदारों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया ने इसके तेजी से स्वीकार किए जाने को बढ़ावा दिया, और इसे मेट्रो शहरों के अलावा टायर प्प् और प्प्प् बाजारों में भी विस्तार करने में मदद की। पारंपरिक से अलग एक ऐसा उत्पाद पेश करके, हम नए खरीदारों के एक नए समूह से जुड़ने में सफल रहे हैं। हमारे भागीदारों के साथ मिलकर, हम भारतीय ऑटो उद्योग में नवाचार लाने और सही समय पर सही तकनीक के साथ प्रासंगिक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एमजी विंडसर प्रो का लॉन्च हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो इवी के प्रति विश्वास बढ़ाने, अधिक विकल्प देने और ग्राहकों को सतत गतिशीलता के भविष्य में आत्मविश्वास के साथ कदम रखने के लिए प्रेरित करने की दिशा में है।

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपने बैटरी-एज़-ए-सर्विस (बीएएएस) मॉडल की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और कोटक महिंद्रा प्राइम जैसे नए वित्तीय साझेदारों को अपने साथ जोड़ा है। यह स्वामित्व मॉडल ईवी खरीदने को भारतीय ग्राहकों के लिए अधिक लचीला और सुलभ बनाता है। इस अनोखी स्वामित्व योजना की शुरुआत सितंबर 2024 में की गई थी और वर्तमान में इसे छह वित्तीय संस्थाओं का सहयोग प्राप्त है, जिनमें बजाज फिनसर्व, हीरोफिन कॉर्प, ईकोफाय, विद्युतटेक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और कोटक महिंद्रा प्राइम शामिल हैं। कंपनी एमजी विंडसर प्रो के पहले मालिक को जीवनभर की बैटरी वारंटी प्रदान करेगी। इसके अलावा, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया एमजी विंडसर प्रो के लिए अपनी 3-60 आश्वस्त बायबैक योजना भी पेश करेगी, जो यह सुनिश्चित करती है कि 3 साल बाद इसका 60 प्रतिशत मूल्य बना रहेगा।

प्रो बैटरी, इंटीरियर और स्टाइल: अब विंडसर प्रो में बड़ा 52.9 किलोवाट का बैटरी पैक दिया गया है, जो 449 किमी (एमआईडीसी पी1 . पी2) की प्रमाणित रेंज देता है। यह 136 पीएस की पावर और 200 एनएम का त्वरित टॉर्क प्रदान करता है।

# कॉइनस्विच ने लखनऊ में सरप्लस क्रिप्टो भंडार के साथ निवेशकों का विश्वास और भी मजबूत किया

**लखनऊ।** भारत के सबसे बड़े क्रिप्टो प्लेटफॉर्म कॉइनस्विच, जिसके 2 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं, ने अपनी पाँचवीं प्रूफ ऑफ रिजर्व्स रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट कंपनी की पारदर्शिता, भरोसे और निवेशक संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराती है। रिपोर्ट के अनुसार, कॉइनस्विच के पास उपयोगकर्ताओं की कुल जमा राशि से अधिक क्रिप्टो और भारतीय रुपयों की संपत्ति मौजूद है।31 मार्च 2025 तक कॉइनस्विच की कुल आरक्षित संपत्तियां 2,764.20 करोड़ थीं, जबकि ग्राहकों की जमा राशि 2,138.64 करोड़ थी, जिससे 625.56 करोड़ का सरप्लस बनता है। यह सरप्लस कंपनी की विवेकपूर्ण संपत्ति और लिक्विडिटी मैनेजमेंट रणनीति को दर्शाता है और देश के बड़े महानगरों से लेकर छोटे शहरों तक फैले उसके बढ़ते निवेशक आधार को आश्वस्त करता है। कॉइनस्विच की हालिया हाउ इंडिया इन्वेस्ट्स 2024 रिपोर्ट के अनुसार, लखनऊ भारत में क्रिप्टो अपनाने वाले शीर्ष टियर-2 शहरों में शामिल है। खास बात यह है कि 5 दिसंबर 2024 तक, लखनऊ में 85% निवेशक पोर्टफोलियो लाभ में थे, जो भारत में सबसे ऊँची सफलता दरों में से एक है। यह एक रणनीतिक और सक्रिय निवेशक समुदाय को दर्शाता है। कॉइनस्विच के उपाध्यक्ष बालाजी श्रीहरि ने कहा, यह उद्योग विश्वास पर टिका है, और पारदर्शिता कोई विकल्प नहीं बल्कि नींव है। यह पाँचवीं प्रूफ ऑफ रिजर्व्स रिपोर्ट हमारे निधि सुरक्षा और उपयोगकर्ता संरक्षण के प्रति अडिग ध्यान को दर्शाती है। जैसे-जैसे यह पारिस्थितिकी तंत्र परिपक्व हो रहा है, हम भारत के क्रिप्टो क्षेत्र में जवाबदेही और विश्वास का उदाहरण पेश करते रहेंगे।÷रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पिछली PoR रिपोर्ट की तुलना में ग्राहक जमा राशि में लगभग 10त्न की वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण अनुकूल बाजार परिस्थितियाँ और कीमतों में बढ़ोतरी है।

# उतार-चढ़ाव के बाद बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 105 अंक चढ़ा



**मुंबई।** इससे पहले बीते दिन बीएसई बेंचमार्क दो दिनों की बढ़त गंवाते हुए 155.77 अंक या 0.19 प्रतिशत गिरकर 80,641.07 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 81.55 अंक या 0.33त्न गिरकर 24,379.60 अंक पर बंद हुआ था।

भारत के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमलों के बीच शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 30.14 अंक गिरकर 80,610.93 पर पहुंचा और निफ्टी 5.75 अंक गिरकर 24,377.70 अंक पर पहुंचा। हालांकि बाद में बाजार संभला। बुधवार को सेंसेक्स 105.71 अंक बढ़कर 80,746.78 पर बंद हुआ; निफ्टी 34.80 अंक बढ़कर 24,414.40 की बढ़त के साथ बंद हुआ।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, %बाजार के नजरिए से ऑपरेशन सिंदूर में जो बात सबसे अलग है, वह है इसका केंद्रित और गैर-उग्र प्रकृति। हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि भारत के इन सटीक हमलों पर दुश्मन कैसे प्रतिक्रिया करता है। भारत की ओर से किए गए जवाबी हमले से बाजार पर असर पड़ने की संभावना नहीं है, क्योंकि बाजार को पहले से ही इसकी जानकारी थी।

सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक, सन फार्मा, नेस्ले, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और आईटीसी नुकसान में दिखे। ऐसे ही टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, टाइटन, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक और भारतीय स्टेट बैंक फायदे में कारोबार कर रहे थे। एक्सचेंज डेटा के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,794.52 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

एशियाई बाजार में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225, शंघाई का एसएसई कंपोजिट इंडेक्स और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए थे।

# ब्रिटानिया गॉबल्स ने शुरू किया कैंपेन बड़े-बड़ों को भी पिघला दे



**नई दिल्ली।** ब्रिटानिया गॉबल्स केक को नए स्वाद और नरमी के साथ फिर से तैयार किया गया है। इसके फ्रूट, चॉकलेट, पाइनएप्पल, ऑरेंज, मिल्क और बटर फ्लेवर अब पहले से कहीं ज़्यादा सॉफ्ट और टेस्टी हो गए हैं। स्वाद के साथ-साथ इसकी पैकिंग को भी नए रूप में पेश किया गया है, जिससे गॉबल्स का हर अनुभव और भी ज़्यादा आकर्षक और मजेदार बन गया है। इस नये अवतार के साथ, हर बाइट अब खुशी का स्वाद बन गई है यह शानदार रिफ्रेश शबैंग द्वारा परिकल्पित एक नए अभियान के केंद्र में है, जो बड़े बड़ों को पिघला दे थीम पर केंद्रित है।दर्शकों के चहेते किरदार, दया (दयानंद शेट्टी) और सर (शिवाजी साटम) को केक इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट के अफसरों के रूप में दिखाया गया है, जो एक चोर की तलाश में हैं। लेकिन एक ट्विस्ट में, ब्रिटानिया गॉबल्स की लाजवाब नरमी और स्वाद के आगे वे खुद भी हार मान जाते हैं। एक बाइट ही काफी है, और दोनों अफसर भी कह उठते हैं इतना सॉफ्ट! और इतना टेस्टी! ब्रिटानिया के चीफ़ बिज़नेस ऑफिसर-ब्रेड, केक्स और रस्क, युधिष्ठिर श्रिंगी ने कहा, ब्रिटानिया में हम हमेशा अपने उपभोक्ताओं की बात सुनते हैं और उनके बदलते स्वाद व पसंद के अनुसार अपने उत्पादों को लगातार बेहतर बनाते रहते हैं। नया ब्रिटानिया गॉबल्स केक इसी प्रतिबद्धता का परिणाम है एक ऐसा स्वादिष्ट रेसिपी जो बेहद सॉफ्ट टेक्सचर और समृद्ध फ्लेवर के साथ आता है। इस कैंपेन में यह खूबसूरती से दिखाया गया है कि स्वाद की ताकत से सबसे कठिन लम्हों को भी सहज बनाया जा सकता है। हमें खुशी है कि हम यह नया प्रोडक्ट देशभर के केक प्रेमियों तक पहुँचा पा रहे हैं।

# सिमरन कौर धडली की 'गंडासी' एक शक्तिशाली गीत है, जो वफादारी और मौन विद्रोह की भावना को जीवंत करता है

**नई दिल्ली।** फैंस के बीच वीमेन किंग के नाम से मशहूर, सिमरन कौर धडली ने अपना नया ट्रैक 'गंडासी' पेश किया है। इस हृदयस्पर्शी गीत में प्यार, साहस और अदम्य भावना का चित्रण किया गया है। पंजाबी संगीत की दुनिया में सिमरन अपने तीखे बोल और साहसी आवाज के लिए मशहूर हैं। इस बार उन्होंने एक ऐसा ट्रैक पेश किया है, जिसमें काव्यात्मक तीव्रता और देसी उग्रता का बेहतरीन मिश्रण है। यह गीत सिमरन कौर धडली ने स्वयं लिखा है और स्वयं कंपोज़ करके खुद ही इसके लिए परफॉर्म किया है। इसका निर्माण केयमसी ने किया है। गंडासी में एक पुरुष का आकर्षक व्यक्तित्व दिखाया गया है, जो सही के लिए खड़ा होता है। वह शोर के साथ नहीं चलता, बल्कि उसकी शांत ताकत सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करती है। इस ट्रैक में प्यार का चित्रण किया गया



है, जो गहरी प्रशंसा से उत्पन्न होता है, जो उसकी शक्ति के लिए नहीं, बल्कि उसके मूल्यों के लिए उत्पन्न होता है। सिमरन ने इस गीत के हर बोल में सच्ची और आकर्षक भावना को पिरो दिया है, जिससे यह गीत केवल एक कविता नहीं बल्कि एक स्टेटमेंट बन गया है।

गंडासी के बारे में सिमरन ने कहा, ''यह गीत कोमलता के साथ शक्ति का गीत है। यह उस पुरुष का चित्रण करता है, जिसे नेतृत्व करने के लिए गर्जना करने की जरूरत नहीं पड़ती है। यह गीत शांत और समर्पित प्रेम के बारे में है। यह गीत उस पुरुष के लिए श्रृद्धांजलि है, जो सुरक्षा और सम्मान देता है और सही कारणों से शांतिपूर्वक विद्रोह करता है। मैं श्रोताओं द्वारा यह गीत सुनने और इस प्यार को महसूस किए जाने के लिए उत्सुक हूँ।''

गंडासी के साथ सिमरन कौर धडली अपने एक अलग रास्ते को परिभाषित कर रही हैं। वह रास्ता जिस पर परंपरा और विरोध का मिलन होता है, जिस पर प्यार केवल महसूस नहीं किया जाता है, बल्कि प्यार के लिए लड़ाई लड़ी जाती है। पंजाब के समृद्ध संगीत और हृदयस्पर्शी बोलों के साथ गंडासी ने पंजाब की सबसे साहसी महिला आवाजों में से एक, सिमरन की विकसित होती हुई विरासत में एक और साहसी अध्याय जोड़ दिया है।

# ऑडिबल और पब्लिकेशंस डिवीज़न, मिनिस्ट्री ऑफ़ इन्फ़ॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग10 ऑडियोबुक लॉन्च करेंगे

**लखनऊ।** प्रीमियम ऑडियो स्टोरीटैलिंग की अग्रणी निर्माता और प्रदाता एवं एमेज़ॉन कंपनी, ऑडिबल ने भारत के राष्ट्रीय महत्व एवं सांस्कृतिक विरासत पर आधारित 10 ऑडियोबुक्स की सीरीज़ पेश करने के लिए मिनिस्ट्री ऑफ़ इन्फ़ॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग के साथ सहयोग किया है। इन ऑडियोबुक्स द्वारा ऑडियो स्टोरीटैलिंग के माध्यम से भारत की मौलिक कृतियाँ श्रोताओं तक पहुँच सकेंगी।इस श्रृंखला की पहली ऑडियोबुक 'विवेकानंद की कहानी' है, जो मिनिस्ट्री ऑफ़ इन्फ़ॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग द्वारा 1 मई से 4 मई, 2025 तक मुंबई में आयोजित फ्लैगशिप कल्चरल शोकेज़, वेव्स 2025 में रिलीज़ की गई। इस अवसर पर भारत के माननीय प्रधानमंत्री भी मौजूद थे।शैलेष सवलानी, कंट्री मैनेजर, भारत - ऑडिबल ने कहा, ''स्टोरीटैलिंग भारत के कल्चर और संस्कृति का हिस्सा है। इस विरासत का स्वाभाविक विकास ऑडियो के रूप में हुआ है। भारत की इन मौलिक कहानियों को ऑडियो फॉर्मेट में पेश करके हम ऑडियो को न केवल मनोरंजन का एक सशक्त माध्यम बना रहे हैं, बल्कि शिक्षा, प्रेरणा और सशक्तीकरण का माध्यम भी बना रहे हैं। ऑडिबल में हमारे लिए इस महत्वपूर्ण पहल में मंत्रालय के साथ सहयोग करना सम्मान की बात है, जो एक तरफ भारत की सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाती है, तो दूसरी तरफ ग्लोबल स्टेज पर इस कंटेंट का प्रसार करती है।एलेक्सा इंडिया की कंट्री मैनेजर, टीना सिडाना ने कहा, ''स्वामी विवेकानंद के उपदेशों व सीख को भारत में ऑडिबल सदस्यता के साथ एलेक्सा यूज़र्स तक पहुँचाने के लिए हमें ऑडिबल और मिनिस्ट्री ऑफ़ इन्फ़ॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग के साथ सहयोग करने का अवसर मिला, जिस पर हमें गर्व है। हम ऑडिबल पर सिंगल वॉईस कमांड द्वारा हर उम्र के श्रोताओं को यह ऑडियोबुक पेश करने के लिए आशान्वित हैं।''

# मिशलिन इंडिया ने टायरऑन व्हील्स के साथ मिलकर लखनऊ में खोला पहला मिशलिन टायर्स एंड सर्विसेज स्टोर

**लखनऊ।** दुनिया की अग्रणी टायर टेक्नोलॉजी कंपनी मिशलिन ने लखनऊ में अपने पहले मिशलिन टायर्स एंड सर्विसेज स्टोर की शुरुआत की है। यह स्टोर शहर के प्रमुख टायर डीलर टायरऑन व्हील्स के साथ साझेदारी में खोला गया है, जो टायर बिक्री, व्हील बैलेंसिंग और अलॉय व्हील्स की व्यापक रेंज के लिए जाना जाता है। टायरऑन व्हील्स के लखनऊ में दो आउटलेट हैं एक गोमतीनगर और दूसरा आशियाना चौराहे पर। इस साझेदारी के जरिए मिशलिन इंडिया का लक्ष्य है कि वह इस क्षेत्र में अपनी पकड़ और मजबूत करे। एक खास डीलरशिप के रूप में, टायरऑन व्हील्स ग्राहकों को ड्राइविंग की आधुनिक जरूरतों के अनुरूप पूरी सेवाएँ उपलब्ध कराएगा। लखनऊ में निजी वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है और ग्राहक अब बिक्री के बाद बेहतर सेवा की अपेक्षा कर रहे हैं। ऐसे में यह साझेदारी उभरती ज़रूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने में मददगार साबित होगी। साथ ही, यह मिशलिन इंडिया के प्रीमियम रिटेल नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में एक और अहम कदम है।



लखनऊ में जब लोग शौक और जीवनशैली के हिसाब से ड्राइविंग को अपना रहे हैं, ऐसे में टायरऑन व्हील्स प्रीमियम कारों के लिए मिशलिन टायर्स की पूरी रेंज और अंतरराष्ट्रीय स्तर के टायर फिटमेंट, अलाइनमेंट और बैलेंसिंग की सुविधाओं से लैस है। उत्तर भारत के सबसे तेजी से बढ़ते शहरों में से एक लखनऊ अब प्रीमियम मोबिलिटी सॉल्यूशंस का एक बड़ा केंद्र बन रहा है। अंतरशहरी सफर में बढ़ोतरी के साथ, लखनऊ के ग्राहक अब ऐसे भरोसेमंद ब्रैंड्स की ओर रुख कर रहे हैं, जो उत्कृष्ट प्रदर्शन और बेहतरीन सेवा दे सकें। इस नए स्टोर का शुभारंभ मिशलिन इंडिया की इस दिशा में प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह मजबूत स्थानीय भागीदारी के साथ ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं को पूरा करना चाहती है। मिशलिन इंडिया के एमडी श्री शांतनु देशपांडे ने लॉन्च पर कहा, ÷हम लखनऊ जैसे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और तेज़ी से विकसित होते शहर में मिशलिन की मौजूदगी बढ़ाकर बेहद उत्साहित हैं। टायरऑन व्हील्स के साथ हमारी यह साझेदारी गुणवत्तापरक सेवा, ग्राहक के प्रति समर्पण और विश्वास की उस साझा भावना को दर्शाती है, जो दोनों ब्रैंड्स की पहचान का हिस्सा है। भारत में हमारे विस्तार की यात्रा में यह लॉन्च एक और अहम कदम है, जो उभरते शहरों की मोबिलिटी जरूरतों के अनुरूप इनोवेटिव टायर सॉल्यूशंस और बेहतर सर्विस अनुभव पहुंचाने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

टायरऑन व्हील्स बीते 65 वर्षों और तीन पीढ़ियों की विरासत के साथ लखनऊ के ऑटोमोटिव सेवा क्षेत्र में एक भरोसेमंद नाम बन चुका है। विशेषज्ञ सलाह, प्रतिस्पर्धी कीमतें और भरोसेमंद बिक्री-पश्चात सेवा इसकी पहचान हैं। यह डीलरशिप टायर बिक्री, व्हील अलाइनमेंट, बेलेंसिंग, नाइट्रोजन फिलिंग और अलॉय व्हील्स जैसी सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराती है। गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि को सर्वोपरि मानते हुए, टायरऑन व्हील्स आज एक ऐसा भरोसेमंद सेंटर बन चुका है, जहाँ टायरों की पूरी देखभाल और निर्बाध ड्राइविंग का अनुभव एक ही जगह मिलता है।

# केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी को मिला शत-प्रतिशत प्लेसमेंट



केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने एक बार फिर उच्च शिक्षा में अपनी नेतृत्व क्षमता साबित की है। शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के लिए शानदार प्लेसमेंट परिणामों के साथ, केएलईएफ ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और इंडस्ट्री से जुड़ाव की परंपरा को बनाए रखा है। केएलईएफ गर्व से घोषणा करता है कि सभी पंजीकृत और योग्य स्नातक छात्रों को 100% प्लेसमेंट ऑफर मिले हैं। कुल 425 कंपनियों ने प्लेसमेंट ड्राइव में हिस्सा लिया और 6,100 जॉब अवसर प्रदान किए। इसमें 4,700 राष्ट्रीय प्लेसमेंट, 43 अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट और 31 अंतरराष्ट्रीय इंटर्नशिप ऑफर शामिल हैं। 3,500 योग्य छात्रों में से कुछ को सालाना 75 लाख का सबसे ऊंचा पैकेज मिला, जबकि कई छात्रों को 58 लाख तक के प्री-प्लेसमेंट ऑफर भी मिले। पंजीकृत और योग्य छात्रों को लगातार 100% प्लेसमेंट देने का केएलईएफ का रिकॉर्ड उसके कौशल विकास, इंडस्ट्री से साझेदारी और समग्र शिक्षा पर निरंतर ध्यान का प्रमाण है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, केएलईएफ डिम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के वाइस प्रेसिडेंट, श्री कोनेरू लक्ष्मण हविश ने कहा, इस तरह की उपलब्धि हमारे इस समर्पण को दर्शाती है कि हम प्रत्येक छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यावहारिक कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें अपने छात्रों पर गर्व है, और हम अपने उद्योग भागीदारों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने सदैव हम पर विश्वास बनाए रखा है।

# प्रभारी मंत्री के समीक्षा बैठक में अनुपस्थित मिले अधीक्षण अभियंता

## प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो



**योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को हर हाल में मिले : दिनेश**

**कुशीनगर।** शासन द्वारा संचालित विकासपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्तियों को शत प्रतिशत हर हाल में मिले। इसमें किसी भी स्तर से लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

उक्त बातें जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शासन द्वारा संचालित विकासपरक योजनाओं एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के समक्ष कहा। उन्होंने कहा कि लाभार्थी लाभान्वित हो इसके लिए सभी अधिकारी/कर्मचारी अथक प्रयास करें, विनम्रता से समाज और विभाग में सामंजस्य बनाते हुए कार्य करें। समीक्षा के दौरान मंत्री ने उद्यान विभाग, भवन निर्माण, सड़क निर्माण, पेंशन योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ, मनरेगा, नगर निकाय, निपुण भारत, ऑपरेशन कायाकल्प, स्वास्थ्य, आवास योजना (शहरी/ग्रामीण), महिला एवं बाल विकास, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पंचायत राज विभाग, विद्युत विभाग, कानून व्यवस्था, पर्यटन विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, मत्स्य, पशुधन, दिव्यांग एवं वृद्धा पेंशन, सिंचाई एवं जल संसाधन, व उद्योग विभाग आदि के विकास कार्यों तथा विभागीय जनकल्याणकारी संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हुई। समीक्षा बैठक में जल निगम के कार्यों की समीक्षा की गई, तथा वर्तमान में विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के संबंध में पुछताछ की गई। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में एकीकृत बागवानी विकास मिशन तथा पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रो इरिगेशन कार्यक्रम के अंतर्गत कृषकों को लाभान्वित किया जा रहा है। विद्युत विभाग की समीक्षा दौरान विद्युत कनेक्शन के संबंध में चर्चा की गई तथा इस संबंध में एक्सियन विद्युत को सभी विधायक गणों से मिलकर समस्या का समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक दौरान प्रत्येक माह के दूसरे शुक्रवार के दिन समय एवं तिथि नियत कर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की समस्याओं को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग के कार्यों की अलग से भी समीक्षा की जाए। बैठक में अधीक्षण अभियंता विद्युत के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश प्रभारी मंत्री ने दिए। विधायक तथा सांसद निधि से प्रस्तावित कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएं। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि सभी चिकित्सालयों पर समान रूप से डॉक्टरों की नियुक्ति करें। गेहूं क्रय केंद्रों की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में शिकायत आई है उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करे, ध्यान रहे कि गेहूं क्रय केंद्रों पर शिकायत न मिले। बरसात से पूर्व ड्रेनों की सफाई कराने के भी निर्देश दिए गए। जिन ड्रेनों की सफाई पिछले 3 वर्ष के किए गए है उसकी भी सूची एवं इस वर्ष की कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड को दिए गए। अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा दौरान सम्पूर्ण जानकारी पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा दी गई।

मंत्री ने शासन की मंशानुरूप आगे की कार्यवाहियां करने, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुगम बनाने के दृष्टिकोण से कार्य करने तरह सड़क सुरक्षा के उपायों के निर्देश दिए। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने मंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप के निर्देशानुसार सभी योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाकर पात्र लाभार्थियों को शत प्रतिशत लाभान्वित कराया जायेगा। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों एवं जनपदवासियों को बधाई भी दी।

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का मंत्री ने किया निरीक्षण



बच्चों से आवश्यक जानकारी लेते प्रभारी मंत्री

**कुशीनगर।** जनपद के प्रभारी मंत्री द्वारा विकासखंड नौरंगिया स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान वहां उन्होंने नवप्रवेशित छात्राओं की संख्या, विद्यालय में हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, विद्यालय परिसर में साफ सफाई, शिक्षकों की उपस्थिति तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी भी ली। छात्राओं से वार्ता कर दी जाने वाली पढ़ाई की गुणवत्ता शिक्षकों की उपस्थिति आदि विषयों के बारे में आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने मुख्य विकास अधिकारी को यथा आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान बालिकाओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई से संबंधित जानकारी प्राप्त कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दिए।

### अपना दल एस की मासिक बैठक संपन्न

**रायबरेली।** अपना दल एस की मासिक बैठक जनपद कार्यालय रायबरेली में संपन्न हुई जिला अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र सिंह पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार हम सब लोगों को सक्रिय सदस्यता शुरू कर देनी चाहिए पार्टी को नई ऊर्जा देने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा सक्रिय सदस्य बना कर पार्टी से जोड़ना होगा पार्टी में लोगों को नई ऊर्जा के साथ पदाधिकारी बनाकर उन्हें क्षेत्र में जाना होगा। जिससे पार्टी के आने वाले पंचायत चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।जिला अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र पटेल ने सभी विधानसभा अध्यक्षों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द विधानसभा पदाधिकारी की नई सूची जिला मुख्यालय को प्रेषित कर दी । बैठक में मुख्य रूप से किसान मंच के जिला उपाध्यक्ष अभय सोनकर जिला अध्यक्ष विधि मंच अमित चौधरी,जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार जायसवाल ,युवा मंच के जिला अध्यक्ष विवेक सिंह ,महिला मंच की विधानसभा अध्यक्ष रेखा पटेल,मुन्ना घोषी, नसीम घोषी ,इंद्रेश पटेल, चंद्रप्रकाश, विनय कुमार वर्मा, मोहम्मद अयूब, अर्जित पटेल, पवन पटेल, विधानसभा अध्यक्ष सरेनी श्यामू लोधी, विक्रम पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# नवनिर्मित न.पं मथौली कार्यालय का उद्घाटन कल, तैयारियां पूरी



नवनिर्मित नगर पंचायत मथौली सजधज कर तैयार



नवनिर्मित कार्यालय में पूजा पाठ कराते चेयरमैन

अवधनामा संवाददाता

**विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे नगर विकास मंत्री एके शर्मा**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** एक करोड़ 79 लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार नवनिर्मित नगर पंचायत मथौली कार्यालय का लोकार्पण कल 9 मई को सूबे के नगर विकास मंत्री ए के शर्मा द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया जाएगा। उदघाटन की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। बुधवार को चेयरमैन नवरंग सिंह ने कार्यालय में पूजा पाठ भी कराया। नगर विकास मंत्री, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, एके शर्मा 9 मई शुक्रवार को सायंकाल 06 बजे मथौली पहुंचेंगे, तत्पश्चात नवनिर्मित नगर पंचायत कार्यालय एवं नगर विकास की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी करेंगे। रात्रि विश्राम कुशीनगर में तथा 10 मई को 9:30 बजे से भाजपा कार्यकर्ता के कार्यक्रम में रॉयल रेजिडेंसी में सम्मिलित होगें। इसके बाद 10:05 बजे से निराश्रित पशु आश्रय स्थल कुशीनगर के गौशाला का निरीक्षण एवं नगर विकास विभाग की समस्त नगर निकायों में संचालित योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाएगा। मंत्री 12 बजे गेंदा सिंह लघु माध्यमिक विद्यालय बरवा राजा पाकड़ में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू गेंदा सिंह की मूर्ति का अनावरण एवं जनसभा को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। उदघाटन की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। बुधवार को चेयरमैन नवरंग सिंह ने उक्त कार्यालय में पूजा पाठ कराया।

### जीआईसी ग्राउंड में अभ्यास (ड्रिल) का आयोजन



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह की उपस्थिति में जीआईसी ग्राउंड में संभावित हवाई हमले से सुरक्षा हेतु एक पूर्व नियोजित अभ्यास (ड्रिल) आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि इसका उद्देश्य हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा मानसिक रूप से तैयार रहना है। भारत सरकार द्वारा आयोजित सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का उद्देश्य नागरिकों और प्रशासन को युद्ध जैसी आपात स्थितियों के लिए तैयार करना है। इस अभ्यास में विभिन्न सुरक्षा उपायों और प्रशिक्षण सत्रों को शामिल किया गया है। हम सब की सजगता और तैयारी ही हमारी सुरक्षा की कुंजी है। आज के आयोजित मॉक ड्रिल में पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग एवं आपदा मित्रों के द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों एवं अन्य जनमानस को क्या करें के सम्बन्ध में अभ्यास एवं जागरूक किया गया, जो निम्नवत है। कृपया घबराएं नहीं। बच्चों को अवश्य जागरूक करें। हवाई हमले से बचाव हेतु निम्नलिखित चेकलिस्ट को अपने मोबाइल में सुरक्षित रखे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा सहित संबंधित अधिकारीगण व विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिगण, विद्यार्थीगण व जनसामान्य उपस्थित रहें।

### थ्रेसर में छिपाकर बिहार ले जाई जा रही अवैध शराब की खेप बरामद, दो गिरफ्तार



शराब के साथ पकड़े गए तस्कर

अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** हाटा कोतवाली पुलिस ने बुधवार को ट्रैक्टर के साथ थ्रेसर में छिपाकर बिहार ले जाई जा रही अवैध अंग्रेजी शराब की खूब बरामद करते हुए दो अन्तर्राज्यीय शराब तस्करों को दबोच लिया। तस्करों के पास से पुलिस ने 708 बोतल बरामद की जिसकी कीमत ग्यारह लाख बताई जा रही है। अवैध शराब बिक्री/निष्कर्ण/परिवहन के विरुद्ध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली हाटा पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को ट्रैक्टर मय थ्रेसर के पकड़ लिया। जांच के दौरान थ्रेसर में छिपाकर ले जा रहे 708 बोतल रॉयल इम्पीरियल स्टाईल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे हरियाणा राज्य से अवैध अंग्रेजी शराब खरीदकर ट्रैक्टर व थ्रेसर की मदद से उत्तर प्रदेश के रास्ते बागपत से होते हुए लखनऊ, गोरखपुर, और कुशीनगर के रास्ते बिहार राज्य में ले जाकर अधिक मूल्य पर बेचने के फिराक में थे। ट्रैक्टर और थ्रेसर का उपयोग तस्करी के लिए इस तरह किया गया था कि थ्रेसर के पार्ट्स को हटाकर उसमें शराब की बोतलें छिपाई गई थीं, ताकि किसी को शक न हो। पकड़े गए अभियुक्तों में विक्रम पुत्र जयवीर सिंह निवासी शेखपुर तितरी थाना महम जनपद रोहतक हरियाणा व दीपक पुत्र रामकुमार निवासी खन्डा थाना खरखौदा जनपद सोनीपत हरियाणा शामिल है।

### नहीं जारी हो पा रही फैमिली आईडी टार्गेट कम करने की कोशिश शुरू

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिले में फैमिली आई डी जारी करने का अभियान जोर नहीं पकड़ पा रहा है। फैमिली आई डी बनाने के लिए सेक्रेटरी रोज गांवों में दौड़ लगा रहे हैं, ग्रामीण आई डी जारी कराने में रूचि नहीं ले रहे हैं। सोमवार तक फैमिली आई डी की प्रगति लगभग तैंतीस फीसदी है। सोमवार को सभी विकास खंडों में समीक्षा के बाद खंड विकास अधिकारियों ने टार्गेट कम करने के लिए पंचायत वार प्रस्ताव तैयार कराए हैं। जिले की जनसंख्या 18 लाख से अधिक है। जिला पूर्ति कार्यालय में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार राशन कार्डो की संख्या 340000है। यूनिटों और परिवारों की संख्या 1440000 है। 79 फीसदी परिवार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत आच्छादित है। बचे हुए परिवारों के फैमिली आई डी जारी होने हैं। फैमिली आई डी जारी करने का काम लगभग छः महीने से चल रहा है। अभी तक प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष एक तिहाई है।60676के लक्ष्य के सापेक्ष बीस हजार के आसपास संख्या में फैमिली आई जारी हुए हैं।

कई पंचायत सचिवों ने बताया कि गांवों में नब्बे प्रतिशत से अधिक परिवारों ने राशन कार्ड बनवा लिए हैं। फैमिली आई डी बनवाने में लोग रुचि नहीं ले रहे हैं। शासन की ओर से रोज समीक्षा की जा रही है। कुछ पंचायतों में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अधिक संख्या में फैमिली आई डी जारी किए जा चुके हैं, वहां भी फैमिली आई और बनवाने का दबाव बनाया जा रहा है,। नये परिवार ही नहीं है तो फैमिली आई डी कैसे जारी किया जाय।

वीरभानु सिंह जिला विकास अधिकारी, अमेठी ने कहा फैमिली आई का टार्गेट अधिक आ गया है। टार्गेट को कम कराया जा रहा है। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी से पत्राचार किया गया है। शशि कांत तिवारी जिला पूर्ति अधिकारी, अमेठी ने कहा 2021-22 के सर्वेक्षण के अनुसार राशन लाभार्थियों की संख्या निर्धारित है। 79फीसदी परिवारों के ही राशन कार्ड बने हैं।शेष लाभार्थियों के फैमिली आई डी जारी किए जा रहे हैं। तीन साल में परिवारों की संख्या भी बढ़ी है।

# आपदा से बचाव को दो दर्जन से अधिक स्थानों पर आयोजित हुए माकड्रिल

अवधनामा संवाददाता



**इंडोरामा, जगदीशपुर में डी एम और एसपी की मौजूदगी में आयोजित माक ड्रिल**

**अमेठी।** सोमवार को शासन के निर्देशानुसार जनपद के विभिन्न स्थानों, अस्पतालों, औद्योगिक संस्थानों तथा रक्षा क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर आपदा के समय बचाव की स्थिति के सम्बन्ध में प्रशिक्षण एवं तैयारियों के आकलन के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक की उपस्थिति में इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसकी सतत् निगरानी जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के द्वारा की गयी। जनपद मुख्यालय में स्थापित आपदा नियंत्रण कक्ष वर्तमान परिस्थिति में 24×7 शिफ्टवार संचालित है। जनपद के विभिन्न स्थानों पर घटित होने वाली आपदाओं की सूचना दर्ज करते हुए मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार प्रतिक्रिया की जाती है। घटनाओं के क्रम में इण्डो रामा फर्टीलाइजर कम्पनी द्वारा सूचित किया गया कि अज्ञात कारणों से हुए विस्फोट के कारण अमोनिया स्टोरेज टैंक के पास आग लगने की घटना हुई जिससे गैस रिसाव की सम्भावना है तथा इस घटना में 30-40 लोग घायल हुए है। कंट्रोल रूम द्वारा सूचना प्राप्त होने पर जनपद के जिलाधिकारी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करते हुए पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन, एस0डी0आर0एफ0 लखनऊ, एन0डी0आर0एफ0 लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचित किया गया। सूचना मिलने पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एम्बुलेंस के साथ तथा अग्निशमनकर्मी फायर टेण्डर के साथ घटना स्थल पर पहुँच गये, जहाँ पर जिलाधिकारी की निगरानी में राहत एवं बचाव का कार्य आरम्भ किया गया। जिसमें कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा भी सहयोग किया गया। अन्त में स्थिति नियंत्रण होने के पश्चात् कम्पनी द्वारा सूचित किया गया कि एस0डी0आर0एफ0 लखनऊ, एन0डी0आर0एफ0 लखनऊ के टीम की आवश्यकता नहीं है। तत्पश्चात् मॉक अभ्यास समाप्त किया गया।

**अस्पतालों में घायलों को राहत और बचाव के लिए हुआ माक ड्रिल** – जिला चिकित्सालय गौरीगंज और जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आपदा और युद्ध में घायल हुए लोगों को राहत और बचाव के लिए माकड्रिल का आयोजन किया गया। रक्षा क्षेत्र के प्रतिष्ठान हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड में आपदा से बचाव को माक अभ्यास कराया गया। बिल्डिंग से निकासी का अभ्यास कराया गया। सभी स्थानों पर माक ड्रिल में संभावित हवाई हमले,आग लगने की स्थिति में राहत और बचाव के तरीकों की जानकारी दी गई।

### सीओ ने दी आपदा प्रबंधन की जानकारी

**भादर।** विकास खंड भादर में ब्लाक मुख्यालय की ग्राम पंचायत भादर में माक ड्रिल का आयोजन किया गया। सी ओ मनोज कुमार मिश्र ने युद्ध और आपदा की स्थिति में सुरक्षा और बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी रतन सिंह,ए डी ओ रामतेज वर्मा, विजय कुमार मिश्र,प्रभारी ए डी ओ पंचायत सुनील सिंह , सभी पंचायत सचिव, गांव के लोग और रामगंज थाने की पुलिस फोर्स मौजूद रही।

### आपरेशन सिंदूर का चहुंओर हो रहा स्वागत

**आतंक को कोई जगह नहीं, देश की जनता की उम्मीदों के अनुरूप है भारतीय सेना की कार्रवाई : राजेश अग्रहरि**

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** पहलगाम में आतंकी हमले की जबाबी कार्रवाई के रूप में भारतीय सेना की ओर से शुरू किए आपरेशन सिंदूर का हर जगह स्वागत हो रहा है। नई दिल्ली से वापस लौट रहे भाजपा नेता और जिला पंचायत अध्यक्ष का अयोध्या एअरपोर्ट पर लोगों ने स्वागत किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने कहा कि देश वासियों को अपनी सेना पर गुमान और गर्व है। आतंकवादियों ने पहलगाम में जो घटना को अंजाम दिया था उससे पूरे देश में अक्रोश था हमारी सेना ने जो कार्यवाही की इसी तरह की कार्यवाही की उम्मीद देश सेना और सरकार से कर रहा था। भाजपा नेता ने कहा कि आतंक के लिए कोई जगह नहीं है हमारी सेना ने यह बता दिया है कि जो हमें छेडेगा उसे हम छोड़ेंगे नहीं देश को अपनी सेना पर गर्व है।

**भारतीय सेना की सैन्य कार्रवाई स्वागत योग्य कदम**

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के अमेठी डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक काशी प्रसाद ने कहा कि भारतीय सेना की ओर से आतंकवाद और पाकिस्तान के विरुद्ध हवाई हमला स्वागत योग्य कदम है। पाकिस्तान के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। माननीय प्रधानमंत्री जी को चाहिए सैन्य कार्रवाई के बल पर पाकिस्तान को भारत में मिला लें, इससे भविष्य में घुसपैठ और आतंकी हमले के खतरे दूर हो जायेंगे। वीरांगना झलकारी बाई चेतना समिति के जिला अध्यक्ष संजय कुमार शास्त्री ने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है। हम सैन्य कार्रवाई का स्वागत करते हैं।हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान को भारत की ताकत दिखा दी है। भारत हमेशा शांति का पक्षधर रहा है।

### अपने देश के वीर जवानों को सलाम करता हूं



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी पूर्व उप थल सेनाध्यक्ष ने कहा जब जब देश पर संकट आया है अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम की प्रतीक हमारी भारतीय सेना ने दुश्मनों का मुंहतोड़ जवाब दिया है । हमे गर्व है कि हमारे देश का प्रतिनिधित्व ऐसे हाथों में है जो देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति समर्पित है । मैं प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व पर उनको धन्यवाद देता हूं साथ ही अपने देश के वीर जवानों को सलाम करता हूं जिन्होंने अपने पराक्रम से दुश्मनों के दांत खट्टे किए हैं और आतंकवाद पर करारा प्रहार किया है।

### हमे अपनी सेना और अपने जवानों पर गर्व है



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भूपेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष, भाजपा ने कहा पाकिस्तान को उसके कर्मों की सजा देने के लिए यह देशहित में बहुत ही आवश्यक था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि पहलगाम के दोषियों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा दी जाएगी आज उन्होंने ये कर दिखाया है। हमारे देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में पलने वाले आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया है। हमे अपनी सेना और अपने जवानों पर गर्व है।

### मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में सिविल डिफेंस विभाग द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आपदा प्रबंधन, युद्धकालीन परिस्थितियों एवं अन्य आपातकालीन स्थितियों में सुरक्षा के उपायों की जानकारी देना था, ताकि वे किसी भी संकट की घड़ी में सतर्कता और आत्मविश्वास के साथ उचित कदम उठा सकें। मॉक ड्रिल के दौरान छात्रों को आग लगने एवं दुर्घटनाओं में चोट जैसी संभावित आपदाओं से बचाव के उपायों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि आपात स्थिति में किस प्रकार धैर्य बनाए रखते हुए संबंधित विभागों से संपर्क किया जाए। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) जैनेंद्र सिंह, एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार राय, विद्यालय के शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

# विकास कार्यों की निरंतरता के लिए आवश्यक है एक देश एक चुनाव : शशांक मणि

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** एक देश एक चुनाव का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं को एक साथ आयोजित करना है ताकि समय, संसाधन, और प्रशासनिक खर्चों की बचत हो सके तथा देश के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे।

उक्त बातें सदर सांसद शशांक मणि ने बतौर मुख्य अतिथि, शहर के देवरिया क्लब में आयोजित एक देश एक चुनाव के प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा। श्री मणि ने कहा कि बार बार चुनाव कराने में भारी प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बर्बादी होती है । एक साथ चुनाव से चुनावी खर्च में भारी कमी आएगी और सुरक्षा बलों, शिक्षकों, और प्रशासनिक अधिकारियों को बार बार होने वाले चुनावों से मुक्त किया जा सकेगा । उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव होने से मतदाताओं में अधिक जागरूकता और उत्साह पैदा होगा जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ेगा और लोकतंत्र को सशक्त किया जा सकेगा । उन्होंने भारत द्वारा पाकिस्तान पर किए गए एयर स्ट्राइक को मोदी सरकार का साहसिक कदम बताते हुए आतंकवाद को जड़ से मिटाने की भी बात कही तथा उपस्थित जनसमूह से ताली बजवाकर देश की सेना के जवानों का उत्साहवर्धन कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति पूनम टंडन ने कहा कि बार बार लगने वाले आदर्श आचार संहिता के कारण विकास परियोजनाएं रुक जाती हैं एक साथ चुनाव होने से यह बाधा दूर होगी और सरकारें अपने विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी साथ ही राजनीतिक स्थिरता बनी रहेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि एक देश एक चुनाव एक क्रांतिकारी कदम है जो भारत के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत, पारदर्शी, और कुशल बना सकता है, इससे न केवल सरकार के कार्यों में निरंतरता आएगी।

### दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत आवेदन कर योजना का ले लाभ : मोहन त्रिपाठी

**रायबरेली।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने की दशा में रु0 15000/- तथा दम्पत्ति में युवती के दिव्यांग होने पर रू0 20000/- एवं दम्पत्ति में युवक, युवती दोनों के दिव्यांग होने पर रू0 35000/- की धनराशि प्रोत्साहन स्वरूप दिये जाने का प्राविधान है। उन्होंने पात्रता की शर्तो के बारे में बताया है कि विवाह के समय युवक की आयु 21 वर्ष से तथा 45 वर्ष से अधिक न हो, युवती की आयु 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। दम्पत्ति आयकरदाता की श्रेणी में न हो। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र 40 प्रतिशत अथवा इससे अधिक हो। ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में सम्पन्न हुआ है। पति, पत्नी का राष्ट्रीयकृत बैंक में खुला हुआ संयुक्त खाता।

### हल्की बरसात होने से गर्मी से मिली राहत



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** पिछले कई दिनों से गर्मी तेज होने के लोग परेशान थे। बुधवार की सुबह हल्की बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। बारिश का पानी जायद की फसलों के लिए भी लाभदायक साबित हुआ है। बुधवार की सुबह लगभग 6:30 बजे आसमान में बादल छा गए और तेज हवाओं के बीच बारिश शुरू हो गई। स्कूल जाने वाले बच्चे रास्ते में भींग गए। परिषदीय विद्यालयों के अध्यापक भी भींगते हुए स्कूल पहुंचे। अरुण मौर्य,राघव राम, गया प्रसाद,रामकुमार यादव, शिव प्रसाद शुक्ला रामखेलावन मौर्य आदि किसानों ने बताया कि इस समय की बारिश से जायद की फसलों के लिए काफी लाभदायक है। इस समय खेतों में हरी सब्जियों के साथ उड़द की खेती की गई है।

### सिविल डिफेंस ड्रिल का हुआ आयोजन

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पुलिस लाइन देवरिया में युद्ध और प्राकृतिक आपदाओं जैसी आकस्मिक परिस्थितियों में जनहानि से बचाव तथा आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में एनसीसी कैडेट्स, रेडक्रॉस स्वयंसेवकों, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, होमगार्ड, पुलिस बल सहित विभिन्न विभागों और संगठनों ने सक्रिय सहभागिता की। ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में जनसामान्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में विभिन्न विभागों की आपसी समन्वय क्षमता, त्वरित प्रतिक्रिया एवं क्रियान्वयन की दक्षता का परीक्षण करना था। कार्यक्रम की शुरुआत आकस्मिक घटना के परिदृश्य से हुई, जिसके अंतर्गत आग लगने की स्थिति का मॉक सीन तैयार किया गया। इसके अंतर्गत अग्निशमन विभाग की टीम ने आग बुझाने की तकनीकों का प्रदर्शन किया। दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और आग पर नियंत्रण पाने की प्रक्रिया को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घायलों को प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट एड) देने, सीपीआर की विधि अपनाने एवं एम्बुलेंस के माध्यम से उन्हें शीघ्र अस्पताल पहुंचाने की कार्रवाई को मौके पर प्रदर्शित किया।

# मॉक ड्रिल के अंतर्गत रात 8:00 बजे से 8:10 बजे तक शाहजहांपुर में रहेगा पूर्ण रूप से ब्लैक आउट

- जिलाधिकारी ने नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की तैयारी हेतु की वर्चुअल बैठक
- मॉक ड्रिल का उद्देश्य समस्त नागरिकों को आपदा के प्रति जागरूक करना है : जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल के आयोजन की तैयारी हेतु एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, खंड विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, अग्निशमन विभाग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी सम्मिलित हुए।

जिलाधिकारी ने मॉक ड्रिल की तैयारी की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारियों, मजिस्ट्रेटों एवं सीएमओ को मॉक ड्रिल की प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समुचित टीम गठित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी टीमों के कार्यक्षेत्र पूर्व से ही निर्धारित किए जाएं, जिससे किसी प्रकार की असमंजस की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य जनपदवासियों को आपात स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति जागरूक करना है।

मॉक ड्रिल के अंतर्गत रात 8:00 बजे से 8:10 बजे तक जनपद शाहजहांपुर में पूर्ण रूप से ब्लैक आउट रहेगा। जिलाधिकारी ने समस्त नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों में बिजली के सभी स्विच बंद रखें, खिड़की-दरवाजों को अच्छी तरह बंद कर लें तथा इस अवधि में किसी भी प्रकार की गतिविधि से परहेज़ करें और घर के भीतर ही सुरक्षित रहें। सड़कों पर उपस्थित नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने वाहनों को सड़क किनारे रोककर उनकी लाइट्स बंद कर दें और 10 मिनट के लिए स्थिर रहें।

जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि शहरी क्षेत्र में मॉक ड्रिल के प्रारंभ होने की सूचना देने हेतु ठीक 7:59 बजे सायरन बजाया जाएगा, जो इस ब्लैक आउट की शुरुआत का संकेत होगा। उन्होंने कहा कि यह अभ्यास हमारी नागरिक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक अहम कदम है, जिससे किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में हमारी तैयारियों की परीक्षा हो सकेगी।

उन्होंने कहा कि यह अभ्यास हमारी सेना के सहयोग और सम्मान का प्रतीक है, जो सीमाओं पर हमारी सुरक्षा के लिए निरंतर तत्पर है। हम सभी का यह नैतिक दायित्व है कि इस तरह की सुरक्षा गतिविधियों में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने दें।

आपातकालीन स्थिति में खुले में न रहें, निकटतम सुरक्षित स्थान या घर के मजबूत फर्नीचर (जैसे टेबल या बेड) के नीचे छिप जाएं। यदि कोई व्यक्ति रास्ते में हो, तो अपनी गाड़ी साइड में लगाकर तुरंत किसी सुरक्षित स्थान पर शरण लें।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरविंद कुमार, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) संजय कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दीक्षा भंवरे, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी भी वर्चुअल माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।

## पापकार्न व मोटराईज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन के लिए आवेदन आमंत्रित

**बहराइच।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूमिका चावला ने बताया कि परम्परागत स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10-10 मोटराईज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन तथा पॉपकार्न मेकिंग मशीन का निःशुल्क वितरण कराया जाना है। पापकार्न बनाने वाले कारीगरों विशेषकर पिछड़ी जाति भुर्जी समुदाय के लोगों को पापकार्न मशीन तथा दोना पत्तल बनाने वाले कारीगरों एवं इस उद्योग में रूचि रखने वाले वाले व्यक्तियों रोज़गार उपलब्ध कराने हेतु उ.प्र. सरकार द्वारा निःशुल्क मोटराईज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन तथा पॉपकार्न मेकिंग मशीन का वितरण किया जाएगा। उन्होनें बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक व्यक्ति वे अपना आवेदन कार्यालय के वेवसाइट यूपीकेवीआईबी डाट जीओवी डाट इन पर पर ऑनलाइन/ऑफलाइन कर निम्न प्रपत्र 01 फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड, पास बुक के साथ आनलाइन/ऑफलाइन आवेदन पत्र पूर्ण कर 15 मई 2025 तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में जमा कर सकते है।

# निर्माणाधीन कस्तूरबा आवासीय विद्यालय पटखौली का डीएम ने किया निरीक्षण

- कार्य की गुणवत्ता ठीक न मिलने पर डीसी निर्माण का रोका वेतन

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड हुज़ूरपुर अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय पटखौली परिसर में कक्षा 9 से 12 तक कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के रू. 4.5301 करोड़ की लागत से कार्यदायी संस्था सी एण्ड डीएस द्वारा कराये जा रहे उच्चीकरण कार्य का तकनीकी टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के स्थानिक अभियन्ता अशोक पाण्डेय ने बताया कि उच्चीकरण कार्य के अन्तर्गत एकेडमिक ब्लाक में 04 क्लास रूम, 03 लैब रूम, 02 अदद टॉयलेट ब्लाक, स्टाफ रूम, गेम रूम व 25 बालिकाओं हेतु छात्रावास का कार्य कराया जा रहा है। श्री पाण्डेय ने बताया कि प्रथम किश्त के रूप में धनराशि रू. 1.81 करोड़ की धनराशि अवमुक्त हुई है। जिसका सदुपयोग कर लगभग 43 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। डीएम ने निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण करते हुए शटरिंग कार्य एवं केसिंग पाईप की गुणवत्ता पर असंतोष व्यक्त करते हुए नाराज़गी व्यक्त की। डीएम ने कार्यस्थल पर उपयोग में लाये जा रहे मसाले, सरिया, प्लास्टर इत्यादि सामग्री के नमूने संग्रहीत कराते हुए गुणवत्ता की जांच कराये जाने के निर्देश दिया। डीएम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि विभाग अन्तर्गत जिले में संचालित निर्माण कार्यों का नियमित रूप से निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता के साथ साथ यह भी सुनिश्चित करें कि सभी कार्य समय से पूर्ण हों। कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक न पाये जाने पर डीएम ने बेसिक शिक्षा विभाग के डी.सी. निर्माण राकेश सिंह का बेतन बाधित करने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर अधि.अभि. लो.नि.वि. निर्माण खण्ड प्रथम अमर सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी अशीष कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा विभाग के डीसी निर्माण राकेश सिंह व डीसी बालिका अनुराग शर्मा व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## शराब के ठेके हटाये जाने को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन




**टूंडला।** बीस दिन बीत जाने के बाद एटा सलेमपुर में चल रहे शराब के ठेकों को हटवाने को लेकर ग्रामीण महिला-पुरुषों ने विरोध प्रदर्शन किया तथा ठेका हटवाने की जिलाधिकारी से की मांग। ग्राम पंचायत एटा सलेमपुर विकास खंड टूंडला में चल रहे शराब के ठेकों को हटवाने की मांग डीएसओ से की थी। जिस पर डीएसओ फिरोजाबाद ने 20 दिन के अंदर ठेका स्थानान्तरण करने के निर्देश दिए थे। लेकिन 20 दिन बीत जाने के बाद भी ठेका नहीं हटाया गया। जिसको लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को ठेका पर जाकर विरोध प्रदर्शन किया। तथा ठेका हटवाने की मांग जिलाधिकारी फिरोजाबाद से की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि ठेका संचालक सलमा खान पत्नी शराफत खान निवासी मोहम्मदाबाद ठेके पर प्लास्टिक एकत्रित कर ली है जिसको आवारा गौवंश खाकर बीमार हो रहे है। तथा नाबालिग बच्चे शराब व सट्टे खेलने के आदि हो रहे है। जिससे ग्रामीणों के परिजनों में रोज लड़ाई झगड़ा हो रहा है। विरोध प्रदर्शन करने वालो में नीरज त्यागी, अश्वनी कुमार, हरपाल सिंह, राघवेंद्र, प्रीति, नीतू देवी, विनीता, राजकुमारी, हेमलता देवी, रेणु देवी, इंद्रवती देवी, मोनिका देवी, विमला देवी, निशा कुमारी, खुशबू देवी, पिंकी, वर्षा, माधुरी देवी, दिनेश चन्द्र, पूरन सिंह त्यागी, दयाशंकर त्यागी, पंकज त्यागी, राहुल कुमार, विजेंद्र सिंह, उमेश प्रताप आदि के अलावा सैकड़ो महिला पुरुष शामिल रहे।

## शब्द और स्पिक मैके ने विद्यालयों में बच्चों के मध्य कराया ओडिसी नृत्य



**शिकोहाबाद।** स्पिक मैके एवं शब्दम् संस्थाओं के सयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध नृत्यांगना गीतांजली आचार्य ने विद्यार्थियों के मध्य ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यशाला के माध्यम से उसकी बारीकियां भी छात्राओं को बतायीं। भारतीय शास्त्रीय ओडिसी नृत्य एवं कार्यशाला का आयोजन छात्र.छात्राओं के मध्य उन्हें अपनी संस्कृति से जोड़े रखने एवं उन्होंने सिखाने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को प्रथम चरण में दो विद्यालयों में यह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ गुरूनानक पब्लिक सकूल के लगभग पांच सौ विद्यार्थी के मध्य ओडिसी नृत्य प्रस्तुत कर किया गया। इसी श्रंखला में शिवोम पब्लिक स्कूल जसराना में ओडिसी नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोनों विद्यालयों कें छात्र.छात्राओं ने इस ओडिसी नृत्य कार्यशाला में बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया और इसको सीखा। ओडिसी नृत्यांगना गीतांजली आचार्य ने बताया कि भारत में आठ शास्त्रीय नृत्य है। जिसमें ओड़िसी नृत्य सबसे पुराना है। इसमें चार स्टेंडिग पॉजीसन समस्थति, अभंग, त्रिभंग और चोक हैं।

## जनपद में 09 मई से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

**बहराइच।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह मई 2025 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 09 से 25 मई 2025 तक होगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 25 मई 2025 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। समस्त उचित दर विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगवाकर ई-वेइंग स्केल मशीन से खाद्यान्न तौल करते हुए तत्समय ही लाभार्थी को खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण करें।

# भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर सफल होने पर जिले में जश्न का माहौल

- 51 किलो मीठा बांटकर राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी ने जतायी खुशी

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** भारत के हमले का ऐलानियां जंग ऑपरेशन सिंदूर सफल होने तथा पाकिस्तान का आतंकी अजहर मशूद का पूरा परिवार सहित 14 लोगों के खत्म होने के बाद भारत में खुशी व्याप्त है। इसी कड़ी में खबर सुनते ही जनपद में खुशी का माहौल व्याप्त हो गया। लोग नगर के चौक चौराहो पर इकट्ठा होकर भारत जिंदाबाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह के नारे लगाते हुए भारतीय सेना के हौसले को सलाम किया, और 51 किलो मीठा बांटकर खुशी जताई अधिकारी व राहगीरो का मुंह मीठा कराया। राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह व महामंत्री जयशंकर दूबे के संयुक्त अगुवाई में पाकिस्तान के मदरसे पर भारतीय सेना के हमले में मारे गए आतंकवादी अजहर मसूद की पूरे परिवार सहित 14 लोगों के खात्मे की जानकारी मिलते ही खुशी का माहौल व्याप्त हो गया। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए महामंत्री जयशंकर दुबे कलेक्ट्रेट के सामने आने जाने वाले राहगीरों को मिठाइयां बांटी। ÷तुम धर्म देखकर मारोगे हम घर में घुसकर मारेंगे; की ओजपूर्ण नारे का प्रयोग करते हुए प्रदेश प्रभारी ने जमकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे और कहा कि भारत हमेशा मजबूत था जिसकी ताकत देखकर पाकिस्तान को समझ जाना चाहिए। अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को संरक्षण देता रहेगा तो भारत इसी तरह उसका खात्मा करेगा। इस मौके पर गो रक्षा वाहिनी के जिला संयोजक राकेश सिंह दद्दू, जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, वरिष्ठ समाज सेवी अंकुश श्रीवास्तव, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश महामंत्री हिमांशु मालवीय, रवि दूबे, शिव शंकर पांडे, प्रदीप कसौधन, आशीष कुमार द्विवेदी, विकास यादव, अभिषेक पांडे, राजकरन मिश्रा, शकीलअहमद, देवनाथ तिवारी, समाजसेवी अनिल सिंह जनापुर, आज लोग मौजूद रहे।

## पूर्व सैनिक के जज्बे को सलाम



**सुल्तानपुर।** 1971 के बाद 2025 में एक बार फिर से भारत-पाक के बीच जंग का ऐलान हो चुका है। 1971 की लड़ाई में शामिल रहे देहात कोतवाली क्षेत्र के इस्लामगंज गांव निवासी रामबरन युद्ध की जानकारी पर उछल पड़े और जोश में आ गए। करीब 83 वर्ष के हो चुके पूर्व सैनिक रामबरन ने बताया कि पाकिस्तान भारत के आगे कुछ नहीं है। 1971 में भारतीय सेना ने घुसकर मारा था। करीब तीन माह तक हम अपनी राजपूत प्रथम बाटलियन के साथ पश्चिमी पाकिस्तान में घुसकर दुश्मनों को ढेर किए थे। आज तो भारत अत्याधुनिक हथियारों और अन्य संसाधनों से लैस है। पाकिस्तान से हरेक मामलों में भारत बहुत आगे है।

## गीता देवी के मॉडल शॉप पर भारी पड़ रही नीतू सिंह की कम्पोजिट दुकान

**सुलतानपुर, कूरेभार।** कस्बे में शराब की दुकानों को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है। धनपतगंज रोड पर संचालित एक कम्पोजिट अंग्रेजी शराब और बीयर की दुकान, मॉडल शॉप की तरह संचालन करते हुए पकड़ी गई है, जबकि इसके पास मॉडल शॉप के संचालन की विधिवत अनुमति नहीं है। इस दुकान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि ऊपर अंग्रेजी शराब की दुकान है और नीचे शराब पिलाने की व्यवस्था वाली कैंटीन भी चलाई जा रही है। जानकारी के अनुसार, कूरेभार कस्बे में केवल एक अधिकृत मॉडल शॉप है, जिसकी लाइसेंस फीस 46 लाख 45 हजार रुपये जमा की गई है (जिसमें 3 लाख रुपये सिर्फ बैठकर शराब पिलाने की अनुमति के लिए हैं)। वहीं दूसरी ओर, हलियापुर रोड पर संचालित कम्पोजिट शराब और बीयर की दुकान ने मात्र 19 लाख 5 हजार रुपये का लाइसेंस शुल्क जमा किया है, और फिर भी वह मॉडल शॉप की तर्ज पर संचालन कर रही है। इस अनियमितता पर सवाल उठने लगे हैं कि आखिर जब मॉडल शॉप के लिए सरकार ढाई गुना ज्यादा फीस लेती है, तो फिर बिना वैध अनुमति के मॉडल शॉप जैसी सेवाएं देना कैसे जायज है? इससे अधिकृत मॉडल शॉप के अनुज्ञापी अपने को सरकार से ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन और आबकारी विभाग इस गड़बड़ी पर क्या कार्रवाई करते हैं।

# गौमाता सेवा महासंघ ने गौवंशो के लिए पेयजल नाद रखवाई

**अवधनामा संवाददाता**



**टूंडला।** अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के तत्वाधान में नगर के स्टेशन रोड पर स्थित स्थाई गौशाला में विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर द्वारा निराश्रित गौवंशों के पेयजल हेतु पानी की नाद (पॉट) में पानी भर कर उद्घाटन किया।

इस दौरान विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने कहा अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ काफी समय से निराश्रित गोवंशों के सुरक्षा,भोजन और उपचार के लिए रात दिन कार्य कर रहा है। निरन्तर गौमाता की रक्षा सुरक्षा और उसके भोजन के लिए कार्य करते रहें और हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी गौ भक्त हैं। समय-समय पर उनके द्वारा गौमाता का पूजन करके गौमाता में 33 कोटि देवी देवताओं के वास होने का संदेश हम सभी भारतवासियों को दिया जाता है।मेरा सभी सनातनी और हिंदूवादी लोगों से आग्रह है कि घर की पहली रोटी गाय के लिए आवश्यक निकाले और जो भी पशुपालक है वह गायों को दूध निकाल कर निराश्रित ना छोड़े जिससे गौ माता भारी वाहनों की चपेट में आकर घायल हो जाती है। साथ ही प्रदेश सरकार के द्वारा उत्तर प्रदेश में कई योजनाएं गौमाता के हित में सुचारू रूप से चल रही है सभी किसान भाई उनका योजनाओं का लाभ लें। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ की राष्ट्रीय महासचिव महिमा ब्रजकिशोरी ने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति,पर्यावरण और समाज की रीढ़ है यह केवल एक पुण्यशाली जीवात्मा ही नहीं बल्कि हमारी परम्परा और धरोहर का प्रतीक है। गौमाता मानव, प्राणी एवं वनस्पति सृष्टि को आरोग्यप्रद रखती है। और पर्यावरण की रक्षा करती है।

इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लोकेंद्र सिंह पोनियां, प्रदेश महामंत्री संगठन रामतीर्थ सिंह चक, संध्या गौतम, ईओ आशुतोष त्रिपाठी, डिप्टी सीवीओ डॉ सत्येन्द्र निगम, चौ, उदय प्रताप सिंह, भवानी सिंह, जितेन्द्र पचौरी, कुलदीप पोनियां, शरद पोनियां, विष्णु तिवारी, जितेन्द्र पंजवानी, संकी राणा, सूरज कुमार, विष्णु वर्मा, शुभम प्रताप सिंह, प्रदीप पाठक, राजीव मल्होत्रा, नरेन्द्र चक, देवांशू प्रताप सिंह, नवीन कुमार, राजेंद्र सिंह, डॉ रमेश यादव, हेमन्त दास गिरी, वंश कुमार, मंजू गौड, मनोज चक आदि लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय अलीगढ़ नगर निगम, अलीगढ़

**कक्ष सं0 308, सेवा भवन, लाल डिग्गी, अलीगढ़**

Email ID: gmjalaligarh@gmail.com

पत्रांकः 129/ज0वि0/2025-26 दिनांकः 07-5-2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

जलकल विभाग, नगर निगम, अलीगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्यों की ई-निविदा डबल बिड (टैक्नीकल/फाइनेन्सियल) सिस्टम में आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाइट www.etender.up.nic.in में प्राप्त किये जा सकते हैं।

**कार्यों का नामः-**

1- नगर निगम अलीगढ़ सीमा अन्तर्गत अवर जलाशय एवं भूमिगत जलाशय की सफाई का कार्य।

:- निविदा आमंत्रित की अंतिम तिथि 22.05.2025 की अपरान्ह 2:00 बजे तक।

:- निविदाओं की टैक्नीकल बिड खोले जाने की तिथि 22.05.2025 सायं 4:00 बजे तक।

:- फाइनेन्सियल बिड केवल उन निविदादाताओं की खोली जायेगी जो टैक्नीकल बिड में अर्ह पाये जायेंगे।

:- फाइनेन्सियल बिड में खोले जाने का विवरण बेवसाइट www.etender.up.nic.in से प्राप्त किया जा

**सहायक अभियन्ता (जल)**
**नगर निगम, अलीगढ़।**


# राष्ट्रीय लोक अदालत का हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना




**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** यातायात विभाग फिरोजाबाद के द्वारा जनपद फिरोजाबाद की समस्त तहसीलों एवं ब्लॉकों में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 10-05-2025 के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन उपलब्ध कराया गया है। जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष द्वारा 07-05-2025 को प्रातः 07:00 बजे जनपद की समस्त तहसीलों एवं ब्लॉकों में राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।उक्त अवसर पर जनपद न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि उपरोक्त वाहन के द्वारा प्रचार कराने का मुख्य उददेश्य है कि जनपद फिरोजाबाद की समस्त तहसीलों एवं ब्लॉकों में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 10-05-2025 की महत्ता एवं लाभों के बारे में जनमानस को बताया जा सके। इसी क्रम में प्राधिकरण के सचिव अतुल चौधरी अपर जिला जज फिरोजाबाद द्वारा बताया गया कि उपरोक्त प्रचार वाहन के माध्यम से जन-जन तक राष्ट्रीय लोक अदालत 10-05-2025 के बारे में जागरूकता फैलायी जायेगी। उपरोक्त वाहन द्वारा प्रत्येक ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर जन-जन को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बतायेंगे। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराया कि राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई 2025 को जनपद न्यायालय फिरोजाबाद व सरकारी विभागों में आयोजित की जायेगी। जिसमें दीवानी, फौजदारी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, धारा 138 एनआई एक्ट, उत्तराधिकार, वैवाहिक वाद, श्रम, राजस्व, स्टाम्प, चकबंदी, नकल अध्यादेश, बैंक व मोबाइल कम्पनी के बकाया, विद्युत, बांट माप, घरेलु हिंसा, भरण पोषण व अन्य लघु फौजदारी वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौतों के द्वारा किया जायेगा। उक्त अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं पैरा विधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# सपा कार्यालय मासिक बैठक जिला अध्यक्ष तनवीर की अध्यक्षता में संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद शाहजहांपुर में बढ़ते हुए अपराधों व सपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा उत्पीड़न को लेकर व बूथ पर मजबूती के साथ वोट बढ़ाने का काम और वोटर लिस्ट में सही नाम चेक करने को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि भाजपा और आरएसएस सिर्फ देश और प्रदेश में नफरत का जहर घोलकर देश और प्रदेश की तरक्की और खुशहाली को रोकना चाहती है उन्होंने कहा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पर अपनी-अपनी विधानसभा में सेक्टरवार PDA चर्चा का कार्यक्रम जारी रखें। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग लगातार समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं व नेताओं पर फर्जी मुकदमे लिखवाने का काम कर रहे हैं और वोटर लिस्ट में से असली वोट भी कटवाने का काम कर रहे हैं।इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी ने अपने द्वारा लिखे गए संविधान में दलितो, पिछड़ों, अल्पसंख्यको व हर वर्ग हर समाज के गरीबों के लिए बराबरी का दर्जा देने का काम किया उन्होंने कहा भाजपा एक देश एक चुनाव की बात करती है तो एक देश में समान शिक्षा और स्वास्थ्य की भी बात करना चाहिए। इस मौके पर बैठक में मुख्य रूप से सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा के प्रदेश सचिव विजय सिंह,सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉक्टर नवनीत यादव, सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विकास चंद्र एडवोकेट, सपा नेत्री सूचि कश्यप, सपा नेत्री शारदा राज, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी, ददरौल विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह यादव, सपा नेता जितेंद्र कुमार, लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष उत्पल यादव, छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, महावीर सिंह यादव, विपिन दीक्षित, जलालाबाद विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल सिंह यादव, आदि में विचार व्यक्त किया। इस मौके पर सपा जिला उपाध्यक्ष जिवेन्द्र कुमार बाजपेई, सपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र यादव, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह, किधर विधानसभा संदीप यादव, हफ़ीज़ अंसारी, मोनू मिश्रा, कमल मिश्रा मंगू, सरदार कुलविंदर सिंह, रामकुमार शर्मा, मोनू कुरैशी, मानवेंद्र सिंह मोनू, संतोष पाल विपिन यादव मनोज यादव, अनिल दास अवधेश पाठक, इमरान खान, रानू खान समर्थ यादव, अरुण यादव, अनिल भास्कर, नरेश चंद्र वर्मा, जितेंद्र कश्यप, सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय जलकल विभाग नगर निगम फिरोजाबाद

पत्रांक : 844/जलकल/ई-निविदा सूचना/2025-26 दिनांक : 07/05/2025

**-: ई-निविदा सूचना :-**

नगर निगम फिरोजाबाद के जलकल विभाग द्वारा राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत 12 कार्यों हेतु पंजीकृत/अपंजीकृत (सशर्त) अनुभवी फर्मो से ई-निविदा की अधिकृत बेबसाइट www.etender.up.nic.in पोर्टल के माध्यम से डबल बिड (तकनीकी एवं वित्तीय) में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदायें दिनांक 13.05.2025 से डाउनलोड किये जा सकेगी तथा दिनांक 20.05.2025 की अपरान्ह 2:00 बजे तक निविदायें उपरोक्त बेवसाइड पर अपलोड की जायेगी। तत्पश्चात् प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 20.05.2025 की सांय 4:00 बजे महाप्रबन्धक कार्यालय में खोली जायेगी।

| क्र.सं. | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 01 | ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 13-05-2025 09:00 AM |
| 02 | ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 13-05-2025 09:00 AM |
| 03 | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 20-05-2025 02:00 PM |
| 04 | तकनीकी निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 20-05-2025 02:00 PM |

**नोट-** शेष नियम व शर्ते ई-निविदा अधिकृत बेबसाइट www.etender.up.nic.in पोर्टल पर देखी जा सकेगी।

**(तारकेश्वर पाण्डेय)**
**प्रभारी महाप्रबन्धक (जल)**
**नगर निगम फिरोजाबाद**

# हमीरपुर में आपदा प्रबंधन मॉकड्रिल: एकजुटता और जागरूकता का शानदार प्रदर्शन

**हिफजुर्रहमान**

**हमीरपुर।** जनपद हमीरपुर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) मैदान में आपदा प्रबंधन के लिए आयोजित मॉकड्रिल ने न केवल प्रशासनिक तैयारी को प्रदर्शित किया, बल्कि नागरिकों के बीच एकजुटता और जागरूकता का एक प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत किया। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक के निर्देशों के तहत आयोजित इस व्यापक अभ्यास में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक हमीरपुर की अगुवाई में सिविल प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन सेवा, होमगार्ड, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग, एनसीसी, स्वयंसेवी संगठन, और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।आपदा से निपटने की दमदार तैयारी

इस मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और समन्वित प्रतिक्रिया की क्षमता को परखना था। अभ्यास में आग पर नियंत्रण, प्राथमिक उपचार, सुरक्षित निकासी और आपदा की सूचना पर तुरंत कार्रवाई जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का जीवंत प्रदर्शन किया गया। छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों और सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को और प्रभावी बनाया।

**पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने कहा-** ऐसे अभ्यास नागरिकों में आत्मविश्वास जगाते हैं, जिससे वे आपदा के समय घबराने की बजाय साहस और सतर्कता से कदम उठा सकें। निरंतर जागरूकता ही हमें सुरक्षित भविष्य की ओर ले जाएगी।

**जिलाधिकारी की प्रेरक अपील-** जिलाधिकारी हमीरपुर ने सभी सहभागियों की सराहना करते हुए कहा, ÷यह मॉकड्रिल हमें अपनी कमियों को सुधारने और आपदा से निपटने की तैयारी को मजबूत करने



का अवसर देता है। मैं जनता से अपील करता हूँ कि वे सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें और ऐसे आयोजनों को गंभीरता से लें।÷ उन्होंने जान-माल की क्षति को न्यूनतम करने के लिए सामुदायिक सहयोग पर जोर दिया। **स्कूलों में भी जागरूकता की लहर**

इसके साथ ही, जनपद के सभी स्कूलों में शिक्षा विभाग ने आपातकाल में क्या करें, क्या न करें विषय पर मॉकड्रिल और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। बच्चों को आपदा प्रबंधन के बुनियादी सिद्धांत सिखाए गए, जो भविष्य में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण साबित होंगे।आपातकाल में जीवन रक्षक निर्देश

**मॉकड्रिल के दौरान नागरिकों को -** आपातकालीन परिस्थितियों के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए÷शांत रहें, अफवाहों से बचें÷ केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें।सुरक्षित आश्रय चुनें÷ घर के अंदरूनी हिस्सों या बंकर में शरण लें।आपातकालीन किट तैयार रखें÷ पानी, सूखा भोजन, प्राथमिक चिकित्सा किट, टॉर्च, और महत्वपूर्ण दस्तावेज हमेशा तैयार रखें। बिजली और गैस पर सावधानीः खतरे की स्थिति में गैस और बिजली कनेक्शन बंद करें। समुदाय का सहयोगः पड़ोसियों, खासकर बुजुर्गों और बच्चों की मदद करें।

**एक मिसाल, एक संदेश-** हमीरपुर का यह मॉकड्रिल न केवल प्रशासनिक दक्षता का प्रतीक बना, बल्कि समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर आपदा से निपटने का संदेश भी दे गया। यह आयोजन इस बात का सबूत है कि जागरूकता, समन्वय और सामुदायिक प्रयास किसी भी संकट को अवसर में बदल सकते हैं। आइए, हम सब मिलकर सुरक्षित और सशक्त हमीरपुर के लिए कदम बढ़ाएं।

## मान्यता प्राप्त पत्रकारों ने सीएम को सौंपा मांग पत्र

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति ने विभिन्न मांगों के निस्तारण के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री को संबोधित आठ सूत्री मांग पत्र एडीएम नमामि गंगे नागेंद्र नाथ यादव को सौंपा। समिति के संरक्षक अनिल सोनी और अध्यक्ष गणेश सिंह विधार्थी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में पत्रकारों ने कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई।इनमें एनएच-34 पर बेतवा नगर कुछेछा में स्थित पत्रकार भवन के जीर्ण-शीर्ण हालत के नवीनीकरण और साज-सज्जा के लिए धन आवंटन, पत्रकारों को मुख्यालय में आवास या रियायती दर पर भूमि उपलब्ध कराने, 60 वर्ष से अधिक आयु के पत्रकारों के लिए वृद्धावस्था पेंशन, और एसजीपीजीआई में पत्रकारों के इलाज के लिए वर्तमान 25 लाख रुपये की धनराशि को बढ़ाकर 50 लाख रुपये करने की मांग शामिल है। इस अवसर पर महामंत्री विनोद शुक्ला सहित अन्य मान्यता प्राप्त पत्रकार उपस्थित रहे।

# जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न

**अवधनामा ब्यूरो**



**जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन परियोजनाओं के अवशेष कार्यों को शीघ्र करें पूर्ण, शिथिलता बरतने वाली एजेन्सियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही : जिलाधिकारी**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट परिसर में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित निर्माणाधीन परियोजनाओं के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के अवशेष कार्यो को शीघ्र पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाये, इसमें किसी स्तर पर शिथिलता न बरती जायें, उन्होंने कहा कि अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) व अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा निरन्तर निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण सुनिश्चित किया जाये, उन्होंने कहा कि जनपद के टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, उन ग्रामों में पाइप पेयजल योजनाओं की कमियों का निराकरण कराते हुये नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये, अधिशासी अभियन्ता, उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि पटवध ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत पूर्ण हो चुकी ओ.एच.टी. एवं पाइप लाइन की टेस्टिंग करते हुये ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें, जनपद में निर्माणाधीन पेजयल योजनाओं के स्रोत में जल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु सिंचाई विभाग के संबन्धित अधिशासी अभियन्ताओं को निर्देशित किया गया, सोन नदी पर निर्मित पेयजल योजनाओं के इंटेकवेल पर जल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु जल विद्युत उत्पादन निगम, ओबरा के अधिशासी अभियन्ता तथा कार्यपालन यंत्री बाण सागर, जल संशाधन विभाग, सहडोल, (म.प्र.) से समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया, बेलाही, पनारी, झीलो-बीजपुर एवं पटवध ग्राम समूह पेयजल योजना में अवशेष स्वतंत्र फिडर का कार्य कराये जाने के दृष्टिगत वन विभाग से अपेक्षित अनापत्ति प्रमाण पत्र शीघ्र प्राप्त करते हुये कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, वि.वि.ख., राबर्ट्सगंज / पिपरी को निर्देशित किया गया। जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के सुचारू संचालन के लिये विद्युत विभाग से स्वतंत्र फिडरो को रोस्टर फ्री कराने के लिये अधिशासी अभियन्ता, (वि./यॉ.) उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामों में जल जीवन मिशन के माध्यम से जल आपूर्ति प्रारंभ हो गयी है, की सूची अधिशासी अभियन्ता जल निगम उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, उन ग्रामों का निरीक्षण जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित किया जाये, यदि उन ग्रामों में जल आपूर्ति सम्बन्धित कोई समस्या प्राप्त होती है, तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी, जिन एजेन्सियों द्वारा अब तक जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कार्य अब तक पूर्ण नहीं किया गया है उसे त्वरित गति से पूर्ण करना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में उनके विरूद्ध शासन स्तर पर पत्राचार किया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) रोहित यादव, अधिशासी अभियन्ता जल निगम अरूण सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# भुवन ऋभु को वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन नें 'मेडल ऑफ ऑनर' से किया सम्मानित

**साईं ज्योति के साथ मिलकर बाल अधिकारों की सुरक्षा में निभा रहे अहम भूमिका**

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के संस्थापक और प्रख्यात बाल अधिकार अधिवक्ता भुवन को वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन (डब्ल्यूजेए) ने वर्ल्ड लॉ कांग्रेस में प्रतिष्ठित 'मेडल ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया है। वे इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय अधिवक्ता हैं। इस उपलब्धि पर हमीरपुर में साई ज्योति संस्था के कार्यालय में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें भुवन ऋभु को बधाई दी गई।भुवन ऋभु का उत्तर प्रदेश, विशेष रूप से हमीरपुर जिले से गहरा नाता रहा है। यहां जेआरसी के सहयोगी संगठन साई ज्योति के साथ मिलकर वे बाल विवाह और बच्चों की ट्रैफिकिंग की रोकथाम के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। साई ज्योति के निदेशक अजय श्रीवास्तव ने सभा की अध्यक्षता करते हुए कहा, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए दुनिया का सबसे बड़ा कानूनी हस्तक्षेप नेटवर्क है, जो देश के 416 जिलों में सक्रिय है। हम भुवन ऋभु के कानूनी और रणनीतिक मार्गदर्शन में हमीरपुर को 2030 तक बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जेआरसी के राष्ट्रीय संयोजक रवि कांत ने इस अवसर पर कहा, भुवन ऋभु को 'मेडल ऑफ ऑनर' मिलना न केवल हमारे नेटवर्क के लिए, बल्कि पूरे भारत में बाल अधिकार आंदोलन के लिए ऐतिहासिक है। यह सम्मान देशभर के हजारों जमीनी कार्यकर्ताओं की मेहनत का प्रतीक है। हम प्रत्येक जिले को बच्चों के लिए सुरक्षित बनाने के मिशन को और मजबूती से आगे बढ़ाएंगे। जिला समन्वयक कैलाश नारायण गौतम ने बताया कि भुवन ऋभु की 60 से अधिक जनहित याचिकाओं ने सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में ऐतिहासिक फैसले दिलाए, जिन्होंने भारत में बाल अधिकारों और सुरक्षा के परिदृश्य को बदल दिया। 2011 में उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार ट्रैफिकिंग को परिभाषित किया, जबकि 2013 में गुमशुदा बच्चों के मामलों पर आए फैसले ने कानूनी तंत्र को नया दृष्टिकोण दिया। उनकी किताब 'व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन टिपिंग प्वाइंट टू इंड चाइल्ड मैरेज' में प्रस्तुत 'पिकेट' रणनीति को सुप्रीम कोर्ट ने 2024 में बाल विवाह उन्मूलन के लिए व्यापक मार्गदर्शिका के रूप में मान्यता दी। साई ज्योति इसी रणनीति के तहत हमीरपुर को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए प्रयासरत है। सभा में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भुवन ऋभु के इस वैश्विक सम्मान को बाल अधिकारों की रक्षा और हमीरपुर को सुरक्षित बनाने के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। साई ज्योति और जेआरसी के संयुक्त प्रयासों से जिले में बाल विवाह, ट्रैफिकिंग और शोषण के खिलाफ जागरूकता और कानूनी हस्तक्षेप को और मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

## इटावा पुलिस ने जीआईसी व शास्त्री चौराहे पर नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल कराई



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम एवं सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस, एनसीसी और दमकल के साथ संयुक्त रूप से मॉकड्रिल आयोजित की गई। ड्रिल के दौरान नागरिक आपात स्थितयों मे सुरक्षित रहने एवं राहत व बचाव के बारे बताया गया। नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का उद्देश्य नागरिकों को आपात स्थिति में व्यवस्थित और त्वरित प्रतिक्रिया देना सिखाना है। इसमें हवाई हमले की चेतावनी(सायरन), ब्लैकआउट, निकासी (evacuation), प्राथमिक चिकित्सा और बंकरों में शरण लेने जैसे अभ्यास शामिल होते हैं। नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल प्रशासन, सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स, होम गार्ड, अग्निशमन सेवाओं, और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करती है जिससे किसी भी आपात स्थिति मे घबराहट, भ्रम और नुकसान कम होता है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर रामगोपाल शर्मा, क्षेत्राधिकारी यातायात आयुषी सिंह, प्र.नि.थाना कोतवाली यशवंत सिंह, प्र.नि. थाना सिविल लाइन विक्रम सिंह, फायर ऑफिसर सनद पटेल एवं पुलिस/प्रशासन/एनसीसी के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण तथा पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## एसएमजीआई के बीएससी नर्सिंग में ईशु बने टॉपर




**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स के अन्तर्गत संचालित सर मदनलाल इन्स्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग (सम्बद्ध अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ)में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने फरवरी 2025 की परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान की शैक्षणिक परंपरा को कायम रखा है। डायरेक्टर डॉ.उमाशंकर शर्मा ने खुशी जताते हुए बताया कि, अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में इस वर्ष भी संस्थान का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है जो हमारे संस्थान के विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का एक सशक्त प्रमाण है। प्रथम सेमेस्टर में ईशु ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर पहला स्थान प्राप्त किया तो प्रियांशी द्वितीय, प्रतिभा तृतीय, आख्या त्रिपाठी चतुर्थ तथा मोहिनी व वैष्णवी संयुक्त रूप से पंचम स्थान पर रहीं। सभी विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन से परिणाम को उल्लेखनीय बनाया है। इस अवसर पर सर मदनलाल ग्रुप के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव ने निदेशक सहित स्टाफ और विद्यार्थियों को बधाई दी और इसी उत्कृष्टता को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

# अवादा फाउंडेशन ने 150 आदिवासी छात्रों को दी नई उड़ान

**सोनभद्र में 'आशा की साइकिल'**

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** शिक्षा को सुलभ और सहज बनाने के अपने सतत प्रयासों के अंतर्गत, अवादा फाउंडेशन ने सोनभद्र के दूरस्थ आदिवासी गाँवों–चिचलिक, बसुहारी, अड़गुड़ और चन्नी–के 150 छात्रों को साइकिलें वितरित कीं। 'आशा की साइकिल' नामक इस अभियान का उद्देश्य उन बच्चों को मदद पहुँचाना है जो कठिन और लंबे रास्तों को प्रतिदिन पैदल तय कर स्कूल जाते हैं। इस पहल के माध्यम से न केवल उनकी विद्यालय तक पहुँच आसान होगी, बल्कि वे समय और ऊर्जा दोनों की बचत कर पाएँगे, जिससे पढ़ाई में बेहतर ध्यान दे सकेंगे। इस अवसर पर अवादा फाउंडेशन की निदेशक ऋतु पटवारी ने कहा, ÷हम मानते हैं कि शिक्षा से ही किसी समाज का सम्पूर्ण विकास होता है। इन साइकिलों के माध्यम से न केवल बच्चे आसानी से स्कूल पहुँच सकेंगे, बल्कि उनके आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता में भी वृद्धि होगी। हमारी कोशिश है कि हर बच्चा बिना किसी बाधा के अपने सपनों तक पहुँच सके। अवादा फाउंडेशन पिछले एक वर्ष से सोनभद्र के इन अति-पिछड़े गाँवों में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। इस दौरान फाउंडेशन ने गाँवों में सोलर लाइट लगवाने, पीने के पानी की व्यवस्था करने, स्थानीय स्तर पर क्रिकेट मैच और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने जैसे प्रयास किए हैं। कई सरकारी विद्यालयों में इन्वर्टर और पुस्तकालयों की स्थापना कराई गई है, साथ ही खेल मैदान बनवाए गए हैं ताकि बच्चों को शारीरिक विकास के अवसर मिल सकें। फाउंडेशन द्वारा ग्रामीणों को वस्त्र और छात्रों को यूनिफॉर्म, बैग, जूते आदि प्रदान किए गए हैं। विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति भी कराई गई है ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। साथ ही विद्यार्थियों को प्रेरणा देने और उनके दृष्टिकोण को विस्तारित करने के लिए शैक्षिक भ्रमण भी आयोजित किए गए हैं।

पोषण के क्षेत्र में भी फाउंडेशन ने सक्रिय भूमिका निभाई है। बच्चों और उनके परिवारों को संतुलित आहार सुनिश्चित करने के लिए पोषण युक्त राशन सामग्री का वितरण किया गया है। इसके अतिरिक्त, महिलाओं को घरेलू स्तर पर सब्जियाँ उगाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया है और उन्हें बीज व पौधे भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे वे ताज़ी और पोषक सब्जियाँ उगाकर अपनी घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें।

साइकिल वितरण कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शशांक मिश्रा, स्थानीय चौकी प्रभारी अवादा से उपप्रबंधक महेश माथुर, सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस आयोजन में ग्रामीणों और अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत प्रेरणादायक रहा।

अवादा फाउंडेशन का मानना है कि शिक्षा और पोषण–दोनों ही किसी भी बच्चे के सम्पूर्ण विकास के लिए अनिवार्य हैं। कोई भी सामाजिक या भौगोलिक दूरी इन अधिकारों के मार्ग में बाधा नहीं बननी चाहिए।

# उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूति की गई। बैठक में उन्होंने उद्यमियों द्वारा उठाई गयी समस्याओं के समाधान पर विस्तार पूर्वक जानकारी की। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निदान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने प्रधान मंत्री मुद्रा योजना को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने समस्त उद्यमियों से कहा कि उद्योग से संबंधित समस्याओं को लिखित में दिया जाए, जिससे निस्तारण हेतु किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्यमियों की समस्याओं को लेकर बैंक से समन्वय स्थापित करके समस्या का समाधान कराया जाए। उन्होंने कहा कि उद्यमियों के हर समस्या के निदान हेतु प्रशासन तत्पर है। उन्होंने उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, ओडीओपी सहित सभी रोजगारपरक योजनाओं के प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए। उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने स्तर से योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराया जाए। उन्होंने कहा कि जो भी उद्यमी इंडस्ट्री लगाना चाहते है उनको शासन स्तर द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाएगा एवं अच्छे बिजनेस प्लान वालों को भी सभी सरकारी विभागों द्वारा सहायता प्राप्त कराई जायेगी। उन्होंने बिजली विभाग से जुड़ी सभी समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, एलडीएम, सी0ओ0 सिटी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त उद्यमियों सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अपर जिलाधिकारी ने आपदा मित्रों की बस को हरी झंडी दिखाया




**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली के मानक एवं अनिवार्य अहर्ताओं के अनुसार प्रदेश के अवशेष 48 जनपदों में दो चरणों में 100-100 स्वयंसेवक/वॉलिंटियर का चयन करते हुए कुल 4800 आपदा मित्रों को 12 दिवसीय आवश्यक प्रशिक्षण राज्य आपदा मोचन बल केंद्र लखनऊ द्वारा दिया जाना है। जिसके क्रम में जनपद इटावा से 100 आपदा मित्रों को 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण हेतु कलेक्ट्रेट परिसर से अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला आपदा विशेषज्ञ अवनीश दुबे द्वारा आपदा मित्र परियोजना का संचालन अपर जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में पूरा किया गया। आपदा विशेषज्ञ ने बताया कि यह 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 8 मई 2025 से 19 मई 2025 तक चलेगा, जिसमें राज्य आपदा मोचन बल द्वारा आपदा मित्रों को तैराकी, बचाव के तरीके, फर्स्ट एड, सीपीआर आदि चीज सिखाई जाएंगी। प्रशिक्षण के उपरांत 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण करने की सर्टिफिकेट एवं आपदा मित्र की आइडेंटिटी कार्ड भी दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक स्वयंसेवक वालंटियर को शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुसार एक इमरजेंसी रिस्पांडर किट प्रदान करते हुए बीमा पॉलिसी भी निर्गत की जाएगी। आपदा मित्रों के प्रशिक्षण में ठहरने, भोजन, प्रशिक्षण संबंधी सामग्री आवागमन हेतु वाहन इत्यादि राज्य आपदा मोचन बाल लखनऊ द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि आपदा मित्र अपने-अपने गांव और शहरों में किसी आपदा की स्थिति में फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में आपदा से बचाव का कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी दैवीय आपदा मालखान सिंह, दैवीय आपदा लिपिक राना बेगम आदि मौजूद रहे।

# एनसीएल ने टीबी उन्मूलन की दिशा में निक्षय पत्र कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/सिंगरौली।** सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) एवं राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए निक्षय पत्र कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीबी रोगियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने हेतु उन्हें उचित पोषण एवं वित्तीय सहायता प्रदान करना है। एनसीएल की निक्षय पत्र पहल के तहत सिंगरौली परिक्षेत्र में 6 माह की अवधि तक टीबी रोगियों को फूड बास्केट का वितरण किया जाएगा जिसमें पौष्टिक आहार जैसे मूँगफली, चना, आटा, दाल और तेल जैसी सामग्री शामिल है। कार्यक्रम के पहले दिन ही 100 लोगों को फूड बास्केट का वितरण किया गया। गत मंगलवार को आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान विधायक रामनिवास शाह, जिला कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, स्थानीय जन प्रतिनिधि, सीएमएचओ डॉ. एन. के. जैन, जिला क्षय अधिकारी, डॉ. विशेष सिंह और सीएमएस, एनसीएल, डॉ. विवेक खरे, डॉ. डी. जे. बोरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि सिंगरौली परिक्षेत्र को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से एनसीएल ने 5 फरवरी, 2024 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भोपाल के साथ एमओयू किया था। इस एमओयू के अंतर्गत एनसीएल ने सीएसआर मद से 4.63 करोड़ रुपये खर्च कर सिंगरौली में टीबी रोग के त्वरित निदान के लिए सीबीएनएएटी/ एनएएटी मशीन स्थापित की है।

# स्वामी हरसेवा नन्द पब्लिक स्कूल में मॉक ड्रिल का हुआ आयोजान

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा की उपस्थिति में स्वामी हरसेवा नन्द पब्लिक स्कूल चुर्क में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, इस दौरान अग्नि शमन विभाग, पुलिस विभाग, आपदा विभाग, स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित अधिकारियों ने मॉक ड्रिल के माध्यम से गैस सिलेण्डर में आग से बचाव, सी0पी0आर0 पद्धति, आग बुझाने की प्रक्रिया, दुर्घटना में घायल होने पर बचाव से सम्बन्धित मॉक ड्रिल का प्रदर्शन भारी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं व जनमानस के बीच किया गया। इस अवसर पर नागरिकों को युद्धकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित रहने हेतु प्रशिक्षित किया गया, इस दौरान जन-जागरूकता एवं प्रशिक्षण, सार्वजनिक स्थानों पर नागरिकों को यह सिखाना कि हवाई हमले की स्थिति में स्वयं को कैसे सुरक्षित रखें (जैसे दृश्य जमीन पर लेटना, खिड़कियाँ बंद करना, सिर पर तकिया या बैग रखना) ब्लैकआउट व्यवस्था, निर्धारित समय पर पूरे जिले की बिजली बंद की जाएगी ताकि रात में दुश्मन को कोई लक्ष्य न दिखे, महत्वपूर्ण भवनों/कार्यालयों की सुरक्षा जिला मुख्यालय, थाना, अस्पताल, और टेलीफोन एक्सचेंज आदि स्थानों की सुरक्षा के विशेष इंतजाम, घनी बस्तियों से नागरिकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का मॉक ड्रिल, रेस्क्यू एवं प्राथमिक उपचार अभ्यास/सिविल डिफेन्स, रेड क्रॉस, एनसीसी, एनएसएस, आपदा प्रबंधन तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा बचाव कार्यों का प्रदर्शन, घायल नागरिकों को त्वरित प्राथमिक चिकित्सा पहुँचाने की प्रक्रिया का अभ्यास मॉक ड्रिल के माध्यम से किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) सहदेव कुमार मिश्र, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।











# मॉक ड्रिल : हर हालात से निपटने को देश तैयार






बलवे के दौरान दंगाइयों द्वारा लगाई गई आग, मॉकड्रिल में पहुंची डीएम मोनिका रानी एसपी रामनयन सिंह एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव। (अवधनामा संवाददाता)

## जिन्होंने भारत की बहन-बेटियों का सिंदूर छीना, उन्हें खानदान खोना पड़ा : सीएम योगी

**सेना ने दिखाया पराक्रम**

- लखनऊ में मॉक ड्रिल, सुरक्षा एजेंसियों का संयुक्त प्रदर्शन
- एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और मेडिकल टीमों ने दिखाई तत्परता



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ऑपरेशन सिंदूर आतंकियों को करारा जवाब है। जिन्होंने भारत की बहन बेटियों का सिंदूर छेड़ने की कोशिश की, उन्हें अपना खानदान खोना पड़ा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी में मॉक ड्रिल कार्यक्रम के दौरान नागरिक सुरक्षा की तैयारियों का जायजा लेते हुए ये बातें कहीं। सीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश की सेना की बहन-बेटियों के प्रति संवेदना का प्रतीक है। सेना के पराक्रम को जनता का भी पूरा समर्थन है। उन्होंने पहलगाम हमले पर सेना की कार्रवाई को निर्णायक बताया। सीएम बोले, देश की आन-बान और शान के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने देंगे। देश सर्वप्रथम है। भारत माता के खिलाफ जिन्होंने साजिश रची है उन्हें इसका परिणाम भुगतना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत माता के खिलाफ जो भी साजिश रचेगा, उसे परिणाम भुगतना होगा। सेना की कार्रवाई का पूर्ण समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि गांव, शहर और मोहल्लों में जब भी सुरक्षा से जुड़ा मामला सामने आएगा, तब सबसे पहले देश की चिंता की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल एनसीसी, होमगार्ड या स्काउट नहीं, बल्कि आम नागरिकों को भी सुरक्षा एजेंसियों के साथ जुड़ना होगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने कर्तव्यों को समझें और देश की सुरक्षा में सहभागी बनें। मुख्यमंत्री योगी ने पहलगाम की आतंकी घटना के जवाब में की गई सैन्य कार्रवाई के लिए तीनों सेनाओं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री और केंद्रीय मंत्रिमंडल को उत्तर प्रदेश की जनता की ओर से बधाई दी। उन्होंने पहलगाम में शहीद हुए लोगों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की। सीएम योगी ने नागरिक सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसियों के साथ व्यक्तिगत तौर पर बातचीत कर उनकी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ऐसे मॉक ड्रिल्स से आम जनता को आपात स्थितियों में सही कदम उठाने की जानकारी मिलती है, जो राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। लखनऊ के रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित मॉक ड्रिल में सीएम योगी आदित्यनाथ ने भारत माता के जयकारों से शुरुआत की। एनडीआरएफ द्वारा जैसे ही मॉक ड्रिल शुरू की गई, सायरन बजने लगा। दुश्मन की एयर स्ट्राइक से बचने के लिए ब्लैकआउट किया गया, नागरिकों ने सुरक्षित स्थानों की शरण ली। दूसरे सायरन के साथ जब खतरा समाप्त हुआ, तब घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। फायर, चिकित्सा कर्मियों और रेस्क्यू टीमों ने घायलों की मदद की। नागरिकों को ध्वस्त ढांचे से बचाने और केमिकल हमले से निपटने के उपाय भी सिखाए गए।

## इन जगहों पर परखी सुरक्षा व्यवस्था




मॉक ड्रिल कराते हुए जनपद बिजनौर के हुक्मरान। (अवधनामा संवाददाता)




'ऑपरेशन अभ्यास' के अंतर्गत बचाव कार्यों का पूर्वाभ्यास हुआ। (अवधनामा संवाददाता)




घायल को स्ट्रेचर पर ले जाते हुए स्वास्थ्यकर्मी। (अवधनामा संवाददाता)




एनटीपीसी टांडा में औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने किया पूर्वाभ्यास। (अवधनामा संवाददाता)




मॉक ड्रिल में घायल हुए लोगों का इलाज करते हुए सीएमओ आलोक शर्मा। (अवधनामा संवाददाता)




मॉक ड्रिल के दौरान जान बचाते हुए एनसीसी के जवान। (अवधनामा संवाददाता)




पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन मॉक ड्रिल के दौरान। (अवधनामा संवाददाता)



### बच्चों ने किया मॉक ड्रिल का रिहर्सल



सुरक्षाकर्मी बच्चे को बचाते हुए

**वाराणसी।** आपदा की स्थिति में स्कूलों में नागरिक सुरक्षा के द्वारा सायरन बजाने पर बताया गया कि हाथों से अपने कान और आंख को बंद करके घर में सुरक्षित स्थान पर बैठ जाएं जब तक ग्रीन सिग्नल न मिले तब तक इसी मुद्रा में बैठे रहे। बच्चों ने स्कूल के बेंच व टेबल के नीचे बैठकर मॉक ड्रिल का रिहर्सल किया। (अवधनामा संवाददाता)



लखनऊ में नागरिक सुरक्षा अभ्यास के दौरान जान बचाते सुरक्षाकर्मी



जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक हमीरपुर नें कराया सफल माक ड्रिल। (अवधनामा संवाददाता)




जिला अस्पताल में भर्ती कराते हुए जीवन की रक्षा करने का मॉक ड्रिल किया गया। (अवधनामा संवाददाता)



### मॉक ड्रिल
## दहशतगर्दों से बचाई बच्चे की जान

पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच बुधवार को हवाई हमलों से बचने के लिए यूपी में मॉकड्रिल हुई। इस दौरान सिविल डिफेंस, अग्निशमन, स्वास्थ्य समेत अन्य विभाग प्रशिक्षण दिया। वहीं सायरन बजने के साथ शहरों में ब्लैक आउट किया गया।

- मंगलवार को सिविल डिफेंस ने मॉकड्रिल का पूर्वाभ्यास किया। आग से बचाव, घायलों को अस्पतालों तक पहुंचाने समेत अन्य ट्रेनिंग दी गई। बुधवार को शाम में सायरन बजेगा।
- इसके बाद ब्लैक आउट की मॉकड्रिल शुरू होगी जो 15 मिनट तक चलेगी। इसके पूर्व सिविल डिफेंस, अग्निशमन, स्वास्थ्य समेत अन्य विभाग स्कूली छात्रों और आरडब्ल्यूए को प्रशिक्षण दे रहे हैं।